## कृषि मंत्री ने किया गो मुक्तिधाम का शिलान्यास और पशु मेला का शुभारंभ

# पशुपालकों को पशु वैक्सीनेशन को लेकर करें जागरूक: बादल पत्रलेख

**वर्तमान में 42,000 परिवार दुग्ध उत्पादन से जुड़े हैं। 1,00,000 परिवारों को दुग्ध उत्पादन से जोड़ने का है लक्ष्य**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा है कि पशु वैक्सीनेशन को लेकर पशुपालकों को जागरूक करें। श्री पत्रलेख शनिवार को पशु मेला का शुभारंभ कर रहे थे। यह आयोजन हेसांग स्थित पशुधन भवन में किया गया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य के किसानों और पशुपालकों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने में कई योजनाओं को आकार देने का प्रयास जारी है। सरकार आम जन की संस्कृति के अनुरूप कार्य कर रही है। उसी कड़ी में राज्य की संवेदनशील सरकार द्वारा पहली बार गोमुक्तिधाम का शिलान्यास पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रमंडल स्तर पर शुरू किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रमंडल स्तर पर गो मुक्तिधाम के साथ सभी जिलों में भी गो मुक्तिधाम का निर्माण कराया जायेगा। इस संबंध में सभी जिला के उपायुक्तों से जमीन चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पशु चिकित्सालय के लिए जल्द ही हम एंबुलेंस की व्यवस्था करने जा रहे हैं। यह पशुपालन के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि होगी। सरकार राज्य के 100 पशु अस्पतालों को अपग्रेड कर उन्हें मॉडल एनिमल हॉस्पिटल बनाने जा रही है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अस्पताल में 24 घंटे डॉक्टर उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि जल्द ही पशुपालन यूनिवर्सिटी भी राज्य में बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 42,000 परिवार दुग्ध उत्पादन से जुड़े हैं। हमारा लक्ष्य है कि 1,00,000 परिवारों को दुग्ध उत्पादन से जोड़ा जाए। सरकार का लक्ष्य है कि अभी राज्य में उत्पादित 1.8 लाख लीटर दूध का उत्पादन 5 लाख लीटर तक सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने कहा कि मूक प्राणियों के प्रति हमें संवेदना रखनी होगी। जिस तरह से हम अपने बच्चों के प्रति, उनकी बीमारियों के प्रति संवेदनशील हैं, ठीक उसी तरह, पशुधन के प्रति हमें संवेदनशील बनने की जरूरत है। सरकार संस्कृति के अनुरूप लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बना रही है और हमारे विभाग के पदाधिकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। लेकिनए इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए गांव के लोगों को ज्यादा जागरूक होने की जरूरत है।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि पशु वैक्सीनेशन हमारे राज्य में काफी कम है। मांग के अनुरूप वैक्सीनेशन की आपूर्ति के बीच समन्वय बैठाना हम सबके लिए जरूरी है। प्रशिक्षित लोगों के साथ ज्यादा से ज्यादा स्वयंसेवी संस्थाओं को वैक्सीनेशन कार्यक्रम से जोड़ें। उन्होंने कहा कि लोगों को जाकर वैक्सीनेशन का फायदा बतायें। उन्हें जागरूक करें और उन्हें यह समझाएं कि रोकथाम ही एकमात्र उपाय है। पशुपालन निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि राज्य में पशुपालन विभाग द्वारा प्रत्येक पंचायत में दो दिवसीय पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 2 प्रति लीटर दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि दी जाती है। जिसकी वजह से दुग्ध संग्रहण में 40 प्रतिशत की अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। उन्होंने पशुपालन एवं डेयरी के बारे में ए टू जेड कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

कृषि सचिव ने राज्य के पशुपालकों के लिए एक वेबसाइट को लॉन्च किया। इस वेबसाइट के माध्यम से राज्य के पशुपालकों के पशुधन से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। कार्यक्रम में निबंधन सहकारिता मृत्युंजय बरनवाल, मत्स्य निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी, विशेष सचिव प्रदीप हजारे, कॉपरेटिव बैंक के सीईओ सहित पशुपालक थे।

## 31 जनवरी से जनता के लिए खुलेगा राजभवन का उद्यान



फाइल फोटो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की जनता के लिए राजभवन का उद्यान 31 जनवरी से खोल दिया जायेगा। इस दौरान यहां आनेवाले लोग न सिर्फ राजभवन का दीदार कर सकेंगे, बल्कि यहां लगाए गए फूल और विभिन्न पौधे का भी अवलोकन कर सकेंगे। राज्यपाल के निर्देश पर राजभवन उद्यान आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन के लिए मंगलवार से खोला जाएगा। राज्य की आम जनता उद्यान परिदर्शन का 7 फरवरी तक आनंद ले सकते हैं। एक-एक फूलों को अपनी आंखों से निहार सकते हैं।

**सुबह 10 बजे से मिलेगा प्रवेशः** जानकारी के मुताबिक उद्यान प्रतिदिन सुबह 10 बजे दोपहर 3 बजे अपराहन तक खोला जायेगा। हालांकि उद्यान में प्रवेश दोपहर 1 बजे तक ही मिलेगा। प्रवेश राजभवन के गेट नंबर- 2 से सुरक्षा जांच के बाद दिया जायेगा।

**उद्यान दर्शन के लिए लाने होंगे पहचान पत्र** : सभी आगंतुक को अपना पहचान पत्र साथ लेकर आना होगा। कोविड-19 के लिए निर्देशित सभी सुरक्षा गाइडलाइन का अनुपालन करेंगे।

**राजभवन उद्यान है खास** : उद्यान 52 एकड़ में फैला है। यहां म्यूजिकल फव्वारे सहित कई औषधीय पौधे भी हैं। उद्यान में 100 प्रकार के गुलाब के फूल हैं। 55 प्रकार के सुगंधित फूल लगाये गए हैं। देश-विदेश के 200 से अधिक फूलों की किस्में हैं। बताते चलें कि वर्ष 2004 में पहली बार राजभवन को आम लोगों के दर्शन के लिए खोला गया था।

## ठंड से मिली राहत, कल रहेगा आंशिक बादल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची समेत आसपास के जिलों के लोगों को अगले तीन-चार दिनों तक ठंड से राहत मिलेगी। मौसम विभाग की मानें तो अगले 3-4 दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव की संभावना नहीं है। वहीं तीन-चार दिनों के बाद से न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट हो सकती है। हालांकि इस बार जनवरी के महीने में ही दिन के समय हल्की गर्मी महसूस होने लगी है। अगले एक सप्ताह राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच और अधिकतम तापमान 29 डिग्री से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। 30 जनवरी को आंशिक बादल छाये रहेगी, लेकिन उसके बाद मौसम साफ हो जायेगा।

इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम की बात करें तो राज्य में मौसम शुष्क रहा। राज्य के एक-दो स्थानों पर हल्के दर्जे का कोहरा छाया रहा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस जमशेदुपर में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 12.9 डिग्री सेल्सियस खूंटी में दर्ज किया गया।

## एक-एक अनशनकारियों को हॉस्पिटल में कराया गया एडमिट

# राजभवन के समक्ष अनशन पर बैठे अनुबंध स्वास्थ्य कर्मियों की बिगड़ने लगी तबीयत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य एनआरएचएम, एएनएम, जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ और झारखंड अनुबंध पारा मेडिकल कर्मचारी संघ के बैनर तले राजभवन के पास अनशन पर बैठे कर्मियों की तबीयत एक के बाद एक खराब हो रही है। शनिवार की दोपहर में नवीन रंजन की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें आटो से सदर हॉस्पिटल भेजा गया। इससे पहले उन्हें हॉस्पिटल भेजने के लिए एंबुलेंस के लिए कोशिश की गई। लेकिन एंबुलेंस का इंतजाम नहीं हो सका, तब उन्हें आटो में चढ़ाकर हॉस्पिटल भेज दिया गया। वहीं कुछ देर पहले ही प्रदेश महासचिव वीणा कुमारी की हालत खराब हो गई थी। उन्हें भी तत्काल इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा गया था।



### 24 से आमरण अनशन पर बैठे हैं 21 लोग

फार्मासिस्ट, एक्सरे टेक्नीशियन, एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन 16 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास का घेराव का प्रयास किया था। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोक दिया था। इसके बाद 17 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। वहीं 24 जनवरी से 8 हजार कर्मी अपने जिला मुख्यालयों में आमरण अनशन पर हैं। उनकी मांग है कि जबतक लिखित में उन्हें कोई कागजात नहीं मिलता तो इसबार अनशन जारी रहेगा।

प्रदेश महासचिव वीणा कुमारी ने बताया कि वर्तमान सरकार ने तीन महीने में अनुबंध कर्मियों के समायोजन का वादा किया था। लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की गई है। विकट परिस्थितियों में भी अनुबंध कर्मी सरकार के द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं को सफल कर रहे हैं।

## रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव लड़ेगी सीपीआई




### 11 मार्च को अल्पसंख्यकों के मामले को लेकर सेमिनार का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी रांची राज्य कार्यालय में राज्य परिषद की बैठक वरिष्ठ साथी पशुपति कॉल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक उपस्थित थे। कार्य रिपोर्ट, सांगठनिक रिपोर्ट एवं राजनीतिक रिपोर्ट राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने पेश किया। बैठक की शुरूआत दिवंगत साथियों की श्रद्धांजलि से शुरू की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव वामदलों के सहयोग से सीपीआई लड़ेगी। सीपीआई वामदलों से सीपीआई उम्मीदवार को समर्थन करने कीअपील की गयी।

बैठक में सदस्यता अभियान, नवीकरण एवं जन संगठनों के निर्माण सहित जन आंदोलन को विकसित करने को लेकर विस्तारित चर्चा की गई। राज्यस्तरीय रणनीति बनाई गई। केंद्र एवं राज्य सरकार की विफलता, वादा खिलाफी, अफसरशाही, खनिज संपदाओं के लुट, बालू के निलामी के लिए किसानों के जन समस्याओं को लेकर पूरे राज्य में 14 फरवरी को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं 11 मार्च को अल्पसंख्यकों के सवाल को लेकर रांची के एसडीसी सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया है। इस राज्य स्तरीय सेमिनार में दिल्ली पंजाब सहित कई राज्यों के बड़े अल्पसंख्यक नेतृत्व के साथी भाग लेंगे। उसकी तैयारी को लेकर कई दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ,राज्य सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे ,अजय कुमार सिंह, शंभू मोहली, सोनिया देवी, इंद्रमणि देवी, पशुपति कॉल ,रामस्वरूप पासवान, दीप नारायण यादव, प्रकाश रजक, महादेव राम चांद खान, शंभू कुमार ,मेमन यादव, विष्णु कुमार, ओमप्रकाश सिंह, अंबुज ठाकुर बाबूलाल झा, कलाम रशीदी फरजाना, फारुकी प्रिया, प्रवीण, सुरेश ठाकुर, राजेंद्र रविदास, इसहाक अंसारी, गणेश सिंह, डॉक्टर बी एन ओहदार, सुरजीत कुमार घोष, स्वयंबर पासवान, गणेश कुमार महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## भारत जोड़ो यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होने आज रवाना होगी प्रदेश कांग्रेस की टीम

**7 सितंबर 2022 को कन्याकुमारी से शुरू हुई थी भारत जोड़ो यात्रा**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारत जोड़ो यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, नेता विधायक दल आलमगीर आलम, भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के झारखंड संयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधि के रूप में राज्य सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर रविवार को जम्मू काश्मीर के लिए रवाना होंगे।

इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया की विगत 7 सितंबर 2022 को कन्याकुमारी से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा 12 राज्यों और 2 संघ शासित प्रदेशों से गुजरते हुए 3,970 किलोमीटर की दूरी तय करके 30 जनवरी 2023 को श्रीनगर में सम्पन्न होगी। उन्होनें कहा की भारत जोड़ो यात्रा को करोड़ों लोगों का अकल्पनीय समर्थन मिला और इस यात्रा ने राहुल गांधी के प्रेम और एकता के संदेश को देश में जन-जन तक पहुंचाया है। समाज के सभी वर्गों के अभूतपूर्व सहयोग और जन सामान्य की हार्दिक सहभागिता ने इसे एक ऐतिहासिक यात्रा का रूप दिया और भारतीय राजनीति के परिदृश्य को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के समापन के अवसर पर राहुल गांधी 30 जनवरी, 2023 को सुबह 10 बजे श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर के प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

वहीं दूसरी ओर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के द्वारा व्यक्त भावनाओं के अनुसरण में सभी प्रदेश कांग्रेस समितियां, जिला कांग्रेस समितियां और ब्लॉक कांग्रेस समितियां भारत जोड़ो यात्रा के अंतर्निहित संदेश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए 30 जनवरी को इसी समय पर अपने-अपने पार्टी कार्यालयों या महत्वपूर्ण स्थलों पर ध्वजारोहण समारोह आयोजित करेंगी। झारखंड प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी मुख्यालय में कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा झंडोत्तोलन करेंगी।

## नियामक आयोग जल्द करेगा नयी बिजली दरों का निर्धारण

**जेबीवीएनएल ने दिया है 20 फीसदी वृद्धि का प्रस्ताव**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने नयी बिजली दरों की तैयारी शुरू कर दी है। आयोग के अनुसार साल 2023-24 के टैरिफ पीटिशन पर काम शुरू कर दिया गया है। इस पीटिशन के लिए आयोग ने अध्ययन शुरू कर दिया है। जेबीवीएनएल ने साल 2023-24 के लिए पिछले साल 30 नवंबर को आयोग को पीटिशन सौंपा था। ऐसे में इस साल आयोग की तैयारी है कि अप्रैल महीने से राज्य में नयी बिजली दरें निर्धारित कर दी जायेंगी। नयी बिजली दरें तय होने से राज्य में लगभग तीन साल बाद दरें तय होगी। अब तक राज्य में अक्टूबर 2020 में तय बिजली दरें ही मान्य है। साल 2020 में कोविड महामारी के कारण आयोग ने बिजली निर्धारण में देर हुई। इसके बाद जनवरी 2021 में दो सदस्य पद खाली हो गयी। मई 2020 में पूर्व अध्यक्ष ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद आयोग खाली हो गया। ऐसे में साल 2021 और साल 2022 में नयी बिजली दरें तय नहीं हो पायी है। आयोग में एक सदस्य होने पर भी नयी बिजली दरें तय हो सकती है। वहीं, पिछले साल राज्य सरकार ने आयोग अध्यक्ष पद के पर अभिषेक गुप्ता और दो सदस्य पद पर भी बहाली कर दी गयी है।


## जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा

**(प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों के लिए पुरस्कार हेतु आम सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2022–23 में गढ़वा जिला के प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों / लघु डेयरी उद्यमियों को राज्य स्तर / जिला स्तर पर पुरस्कृत करने की योजना है। इच्छुक प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों / लघु डेयरी उद्यमियों को सूचित किया जाता है कि डेयरी फार्म में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल, हरा–चारा उत्पादन, डेयरी फार्म का साफ–सफाई, बैंक ऋण की स्थिति एवं उनके जीविकोपार्जन व आर्थिक स्थिति मजबूत होने संबंधी सफलता की कहानी के साथ दिनांकः–03.02.2023 के अपराहन 05.00 बजे तक सादे कागज पर निम्न अंकित विहित प्रपत्र के अनुरूप आवश्यक सूचनाएं स्वयं का हस्ताक्षर के साथ जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा में जमा कर सकते हैं।

| क्र0 सं0 | पशुपालकों का नाम / पिता / पति का नाम | ग्राम | प्रखण्ड | जिला | जाति | पशु स्वास्थ्य अति उत्तम / संतोष प्रद / सामान्य | योजना की स्थिति | | प्रगतिशील दुग्ध उत्पादक द्वारा बैंक ऋण वापसी की स्थिति | दुधारू संकर नस्ल की गाय / भैंसों की संख्या | वर्तमान में दूध देने वाली गाय / भैंस की संख्या | उत्पादित दुग्ध की मात्रा (ली0 में) | प्रति दुधारू मवेशी की दुग्ध उत्पादन (ली0 में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | स्वयं से | बैंक सहयोग से प्रारंभ (बैंक एवं शाखा का नाम) | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |

आवेदक का हस्ताक्षर / अंगूठा का निशान

आवेदन के साथ निम्नलिखित कागजात दो प्रतियों में संलग्न की जाए :–

1. दुधारू गाय / भैंस सहित पशुशाला के साथ स्वयं का भी रंगीन फोटोग्राफ।
2. आधार एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति।
3. दुग्ध उत्पादन व्यवसाय से संबंधित अपने सफलता की कहानी।
4. वैसे पशुपालक जिन्हें इस योजना तहत पूर्व में पुरस्कार प्रदान किया गया है, आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

नोट :– अधुरा आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा।

PR 288600 (Animal Husbandry)22-23*D


## अब तक नहीं हुई राजग व महागठबंधन के उम्मीदवारों का नाम की घोषणा

# रामगढ़ का रण 27 फरवरी को, जुबानी जंग हुई तेज

### रामगढ़ उपचुनाव एनडीए के लिए बनी नाक की लड़ाई



**उदय चौहान**

**रांची।** रामगढ़ में उपचुनाव का रण 27 फरवरी को चुका है। यहां 27 फरवरी को वोटिंग होगी और 2 मार्च को नतीजे आएंगे। बावजूद इसके सत्ताधारी महागठबंधन की ओर से उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की गयी है। वहीं, राजग के घटक दलों भाजपा व आजसू पार्टी की ओर से भी उम्मीदवार का चयन नहीं किया गया है। कांग्रेस चुनाव परिणाम को हर हाल में अपने पाले में करने के लिए मेहनत कर रहा है।एनडीए के लिए रामगढ़ उपचुनाव नाक की लड़ाई बन गई है।

रामगढ़ उपचुनाव का परिणाम महागठबंधन की एक और जीत उनकी उपलब्धियों के दावे पर मुहर लगा देगी। वहीं, यदि एनडीए यहां बाजी मार ले जाती है तो जाहिर है कि इसे हेमंत सोरेन सरकार की घटती लोकप्रियता के रूप में प्रचारित करने का मौका उन्हें मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि 2019 चुनाव का परिणाम एनडीए के विरोध में था। वह सत्ता से बाहर हो गई। इसके बाद प्रदेश में हुए 4 उपचुनावों में भी एनडीए को हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में रामगढ़ उपचुनाव एनडीए के लिए नाक की लड़ाई बन गई है। वहीं एनडीए के घटक दल आजसू का मानना है कि उपचुनाव में उसी का उम्मीदवार जीतेगा। हालांकि रामगढ़ उपचुनाव के लिए किसी राजनीतिक दल ने अपने अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा अभी तक नहीं की है। लेकिन, चुनावी गोलबंदी जारी है। इस उपचुनाव को लेकर दोनों तरफ से जुबानी जंग जारी है।

### उपचुनाव को लेकर तेज है राजनीति

रामगढ़ उपचुनाव को लेकर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा भले ही नहीं की गई हो, लेकिन राज्य में इसपर राजनीति पूरी तेज है। कांग्रेस रामगढ़ में रघुवर दास या बाबूलाल मरांडी जैसी बड़ी हस्ती के नेता को चुनाव मैदान में उतारने का चैलेंज दे रही है, तो भाजपा ने कांग्रेस को ओवर कॉन्फिडेंस में नहीं रहने की नसीहत दी है। झारखंड भाजपा ने रामगढ़ उपचुनाव में बड़ी मार्जिन से ऐतिहासिक जीत का दावा किया है। भाजपा के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने कहा कि राज्य की जनविरोधी सरकार के खिलाफ रामगढ़ की जनता वोट करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुगालते में न रहें कि 2016 के बाद वह उपचुनाव नहीं हारी है। उसे रामगढ़ में मुख्यमंत्री और सत्ताधारी गठबंधन के नेता हेमंत सोरेन का कितना सहयोग मिलेगा, यह भी संदेह के घेरे में है। इस राज्य में मुख्यमंत्री भी चुनाव हारे हुए हैं। भाजपा नेता ने कहा कि बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास को उम्मीदवार बनाने का चैलेंज देने वाली कांग्रेस पहले अपना उम्मीदवार तय करे और संगठन मजबूत करें।

### दादा भरोसे पहलवानी नहीं करें भाजपा : कांग्रेस

आजसू और भाजपा नेताओं की एकजुटता और आजसू प्रमुख सुदेश महतो की भाजपा नेताओं से मुलाकात को स्वभाविक बताते हुए कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि रामगढ़ में भाजपा के नेता दादा भरोसे पहलवानी करने जैसा है। अगर जीत का इतना ही भरोसा है तो रघुवर दास, बाबूलाल मरांडी को उम्मीदवार बनायें। दरअसल, गोला गोलीकांड में कांग्रेस की पूर्व विधायक ममता देवी के सजायाफ्ता होने के बाद उनके पति बजरंगी महतो ने राजनीतिक गतिविधियां बढ़ा दी थी। लेकिन अब उनके चचेरे भाई ने भी उम्मीदवारी का दावा ठोक दिया है। इससे कांग्रेस आलाकमान की दुविधा बढ़ गयी है।

सुप्रभात
रांची, रविवार
29.01.2023
नगर संस्करण । पेज : 16

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



epaper.khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 195

15 भारत अटल है, अजर है, अमर है : पीएम मोदी

## न्यूज डायरी

### जैन मुनि ने 557 दिनों बाद तोड़ा मौन व्रत

**गिरिडीह।** पारसनाथ-सम्मेद शिखर में जैन मुनि आचार्य प्रसन्न सागर ने शनिवार को 557 दिनों का महापारणा मौन व्रत तोड़ा। पारसनाथ पर्वत की सर्वोच्च चोटी स्थित गुफा से निकलने के बाद विशेष पालकी में मुनिश्री की भव्य पालकी यात्रा मधुबन पहुंची। यहां एक समारोह में मुनिश्री ने नमः श्री ॐ बोलकर मौन व्रत तोड़ा। जैनमुनि का स्वागत हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर किया गया। इस महापारणा महोत्सव में योग गुरु बाबा रामदेव भी पहुंचे। केंद्रीय मंत्री पी रुपाला, नेपाल के सांसद गुरवाणी समेत कई लोग पहुंचे थे।

### मुगल गार्डन अब अमृत उद्यान बना

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति भवन में स्थित मुगल गार्डन का नाम बदल दिया है। नयी सूचना के मुताबिक, मुगल गार्डन को अब अमृत उद्यान के नाम से जाना जायेगा। देश आजादी के अमृत महोत्सव मना रहा है। बदले नाम के साथ 'अमृत उद्यान' 31 जनवरी से जनता के लिए खुलेगा।

### राजभवन में लोगों को दिखेगा अशोक स्तंभ

**रांची।** राजभवन उद्यान आमलोगों के लिए 31 जनवरी से खोला जा रहा है। इस दौरान राज्य की जनता उद्यान के अलावा अशोक स्तंभ और ऑर्किड गार्डन का अवलोकन कर सकेंगे। अशोक स्तंभ को राज्यपाल रमेश बैस ने बनवाया है। यह पहली बार राज्य की जनता को रांची के राजभवन में देखने को मिलेगा। इसके अलावा दो ऑर्किड का भी निर्माण कराया गया है। बच्चों के लिए अलग से चिल्ड्रेन पार्क बनाया गया है, जहां फूलों का दीदार करने आये लोगों के बच्चे फूलों और राजभवन के साथ-साथ झूलों पर मस्ती भी कर सकेंगे।

### दोनों क्रिकेट टीमें रांची से लखनऊ रवाना

**रांची।** राजधानी में टी-20 क्रिकेट मैच के बाद शनिवार को भारत और न्यूजीलैंड के सभी खिलाड़ी दूसरा टी-20 मैच खेलने लखनऊ रवाना हो गये। कड़ी सुरक्षा के बीच सभी खिलाड़ी रांची एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर सबसे पहले न्यूजीलैंड की टीम बस से पहुंची। भारतीय टीम के खिलाड़ियों की बस जैसे ही एयरपोर्ट पहुंची, वहां मौजूद लोग हार्दिक-हार्दिक चिल लाने लगे। ईशान किशन को देख प्रशंसकों की खुशी देखते बन रही थी। लोग बेरिकेडिंग तोड़कर अपने मनपसंद खिलाड़ियों से हाथ मिलाने की कोशिश करने लगे थे।

### सम्राट गिरोह का सरगना जयनाथ साहू को बरी किया

रांची। रांची सिविल कोर्ट के एजेसी पीके शर्मा की अदालत ने सम्राट गिरोह के सरगना जयनाथ साहू को एक आपराधिक मामले में बरी कर दिया है। यह मामला लापुंग थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाजार में हुए गोलीकांड से जुड़ा है।

## धनबाद के हाजरा हॉस्पिटल में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

# दम घुटने से डाक्टर दंपति समेत छह की मौत

### सभी मरीज सुरक्षित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद ।** शहर के बैंक मोड़ टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित आरसी हाजरा मेमोरियल अस्पताल में शुक्रवार की देर रात भीषण आग लगने से डॉक्टर दंपति समेत छह लोगों की मौत हो गयी। एक व्यक्ति घायल है। सभी की मौत आग के धुंए के चलते दम घुटने से हुई है। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। इस हादसे में मृत लोगों में अस्पताल के संचालक **डॉ विकास हाजरा (62), उनकी पत्नी डॉ प्रेमा हाजरा (56),** इनकी मेड तारा देवी (70), शुभम खमारू (28) और शंभू सिंघा (30) शामिल हैं। मृतकों में एक पालतू कुत्ता भी है, जो डॉक्टर दंपति के साथ ही रहा करता था। हादसे के दौरान अस्पताल में मौजूद सभी मरीज सुरक्षित हैं। इस ह्रदय विदारक घटना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समेत तमाम नेताओं ने गहरा शोक जताया है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने घटना की जांच की बात कही है। इस हादसे से कोयलांचल में शोक का माहौल है। **सभी मरीज सुरक्षित :** हादसे के दौरान अस्पताल में मौजूद सभी मरीज सुरक्षित हैं। अस्पताल परिसर में ही निचले तल्ले पर डॉक्टर दंपति का निवास स्थान था। अस्पताल और आवास के बीच कॉरिडोर है, जिसमें लगी आग फैलकर डॉक्टर दंपति के आवास तक पहुंच गयी।

(शेष पेज 11 पर)

### सीएम समेत तमाम नेताओं ने जताया शोक, स्वास्थ्य मंत्री ने दिया जांच का आदेश





### शार्ट सर्किट से लगी आग

आग लगने की सूचना पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गयी। आग को बुझाने के लिए मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों की सहायता से आग पर काबू पाया गया। राहतकर्मियों ने 9 लोगों को रेस्क्यू कर बचाया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। वहीं अस्पताल परिसर में एंटी फायर की कोई व्यवस्था भी नहीं थी। विधि व्यवस्था डीएसपी अरविंद कुमार और बैंक मोड़ थाना के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी पीके सिंह भी राहत व बचाव कार्य में लगे रहे। सभी की मौत जहरीले धुएं से दम घुटने के कारण हुई है।

## नेफ्रो क्रिटिकल केयर सम्मेलन के उदघाटन में बोले सीएम

# आम मरीजों को भी एयर एंबुलेंस की सुविधा शीघ्र

### झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना प्राथमिकता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने को लेकर हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत है। श्री सोरेन शनिवार को जिमखाना क्लब में आयोजित प्रथम नेफ्रो क्रिटिकल केयर कॉनफेरेंस 2023 के उदघाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में जल्द एयर एंबुलेंस की सुविधा बहाल की जायेगी। यह सुविधा आमजनों को बिल्कुल सरकारी दर पर उपलब्ध करायी जायेगी। बेहतर इलाज के लिए मरीजों को देश के किसी भी कोने में स्थापित अस्पताल जाना हो तो वे एयर एंबुलेंस की सुविधा ले सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मेडिकल सर्किटों को एक-दूसरे से जोड़ने करने का काम किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जरूरतमंद मरीजों को जेनेरिक मेडिसिन उपलब्ध हो इस निमित्त कार्य योजना बनायी जा रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में कई चीजें ऐसी है जिनको जमीनी स्तर पर तैयार करने की आवश्यकता है। राज्य के सभी जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल विशेषज्ञ डॉक्टरों की मौजूदगी में कार्य करे यह हमारी प्राथमिकता है। **स्वास्थ्य सुविधाओं की मजबूती पर बल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुद्दढ़ बनाने के लिए अभी और बहुत कार्य करने की आवश्यकता है।

(शेष पेज 11 पर)

# मुरैना में दो फाइटर जेट क्रैश

## मिराज-2000 के पायलट की मौत, सुखोई-30 के दोनों पायलट सुरक्षित

### हवा में टकराने की आशंका कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** शनिवार को बड़ा हवाई हादसा हो गया। एयरफोर्स के दो लड़ाकू विमान सुखोई-30 और मिराज 2000 मुरैना जिले के पहाड़गढ़ के जंगल में क्रैश हो गये। दोनों जेट ने ग्वालियर एयरबेस से उडान उड़ान भरी थी। एक प्लेन मुरैना तो दूसरा राजस्थान के भरतपुर में जाकर गिरा। दोनों ही विमानों में सवार 3 पायलट्स में से 2 सुरक्षित हैं जबकि एक की मौत हो गयी। इंडियन एयरफोर्स ने आधिकारिक जानकारी दी। दोनों प्लेन्स के आसमान में आपस में टक्कर होने की आशंका जतायी जा रही है। एयरफोर्स ने हादसे की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिया है। जांच के हादसे का सही कारण का पता चल सकेगा। रक्षा मंत्री ने एयरफोर्स चीफ से इस हादसे को लेकर बातचीत की है। वहीं, फाइटर जेट क्रैश को लेकर वायुसेना ने जांच बैठा दी है। साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मामले पर नजर बनाए हुए हैं। दोनों विमान वायुसेना के टॉप फाइटर जेट में शुमार होते हैं और यह हादसा वायुसेना के लिए बड़ा नुकसान है।

**ग्वालियर एयरबेस से दोनों उड़े थे :** मुरैना के एसपी आशुतोष बागरी ने बताया कि शनिवार सुबह उड़े एक विमान में दो पायलट और दूसरे में एक पायलट था। हादसे के बाद दो पायलट को रेस्क्यू किया गया है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, दोनों विमानों ने मध्यप्रदेश के ग्वालियर एयरबेस से उड़ान भरी थी, जहां अभ्यास चल रहा था। ये दोनों विमान आपस में ये टकाराये या नहीं इसकी जांच के लिए वायु सेना ने जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया है। ग्रामीणों के अनुसार, घटना सुबह लगभग दस बजे की है। पहाड़गढ़ इलाके में ग्रामीणों ने आसमान में एक विमान जलते हुए देखा और फिर उसके टुकड़े जमीन में गिरते हुए देखा। इसके बाद आसपास हड़कंप मच गया।



### पायलट ने अपनी जान देकर पूरे कस्बे को जलने से बचाया

लोगों का कहना है कि इन विमानों में जब आग लगी तब वे मुरैना जिले के कैलारस कस्बे के ऊपर से गुजर रहे थे। तभी लोगों ने हवा में उन्हें आग से जलते देखा तो हड़कंप मच गया कि अगर इसका मलबा नीचे गिरा तो पूरा कस्बा तबाह हो सकता है, लेकिन मलवा काफी दूर जंगल मे गिरा। माना जा रहा है कि पायलट ने अपनी जान की बाजी लगाकर फादग्रह कस्बे को जलने से बचाया। खबर मिलते ही ग्वालियर के महाराजपुरा एयरबेस सेंटर से आधा दर्जन से ज्यादा हेलीकॉप्टर रवाना हुए। इसमें रेस्क्यू दल के सदस्य थे। दिल्ली और इलाहवाद से भी वायुसेना के वरिष्ठ अफसर मौके पर पहुंच गये। (पेज 12 भी देखें)

# इडी ने दाहू यादव के घर चिपकाया इश्तेहार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने पंकज मिश्रा के करीबी दाहू यादव के साहिबगंज स्थित घर पर इश्तेहार चिपकाया है। ईडी ने शनिवार को इश्तेहार चिपका कर कोर्ट में उपस्थित होने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर दाहू यादव और उनके भाई सुनील यादव के घर कुर्की जब्ती की जायेगी। गौरतलब है कि पूर्व में ईडी ने इस मामले में दाहू यादव को 4 समन कर पूछताछ के लिए रांची बुलाया था। लगातार समन के बावजूद दाहू ईडी के दफ्तर में उपस्थित नहीं हुआ। अंतिम बार वह 18 जुलाई 2022 को ईडी के दफ्तर में पहुंचा था। उसके बाद नहीं आया।

जिसके बाद दाहू यादव और उनके भाई सुनील यादव के खिलाफ वारंट जारी किया है। ईडी ने उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसके मालवाहक जहाज को जब्त किया था। जिसकी कीमत 30 करोड़ बताई गई थी। आरोप है कि दाहू यादव अवैध तरीके से पत्थर व बालू को अपने मालवाहक जहाज से साहिबगंज से गंगा नदी के रास्ते बिहार और बंगाल भेजा करता था। जहाज की जब्ती के बाद ईडी ने साहिबगंज पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की थी। रांची स्थित ईडी की विशेष अदालत में पंकज मिश्रा पर दाखिल चार्जशीट में यह खुलासा हुआ है कि पंकज मिश्रा अपने प्रभाव के बल पर दाहू यादव, बच्चू यादव के सहयोग से साहिबगंज क्षेत्र में अवैध पत्थर खनन कराता था। ईडी ने लंबी छानबीन के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि साहिबगंज क्षेत्र में 1000 करोड़ रुपये का अवैध पत्थर खनन हुआ है।

## चतरा में मुठभेड़, एक नक्सली मारा गया

**चतरा।** नक्सल प्रभावित कुंदा थाना क्षेत्र में शनिवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच भारी मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। नक्सल विरोधी अभियान पर निकली सीआरपीएफ कोबरा बटालियन और जिला बल के जवानों की भाकपा नक्सलियों की चतरा-पलामू बॉर्डर पर कुंदा थाना क्षेत्र के कारिमांडर गांव से सटे जंगलों में मुठभेड़ हो गयी। दोनों ओर से सैकड़ों राउंड गोलिया चली। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल में भाग निकले। मारे गये नक्सली की पहचान राजेश बताया जा रहा है।एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि 15 लाख के इनामी नक्सली मनोहर गंझू अपने दस्ते के साथ चतरा-पलामू बॉर्डर पर बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। इसी सूचना पर एसपी के निर्देश पर सीआरपीएफ और जिला पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाया गया। इसी दौरान सुरक्षाबलों को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक नक्सली मारा गया।




# रिम्स को खोजे नहीं मिल रहे अच्छे डॉक्टर

## बड़े डॉक्टरों को नहीं भा रहा रिम्स, नये डॉक्टर आने को तैयार नहीं

**सुधीर**

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स को अच्छे और स्पेशलिस्ट डॉक्टर खोजे नहीं मिल रहे हैं। रिम्स का नाम सुनते ही डॉक्टर आने से मुकर जा रहे हैं। तभी तो 20 डॉक्टरों के लिए इंटरव्यू कॉल किया जाता है तो मात्र चार पहुंचते हैं। वहीं दूसरी ओर पहले से काम कर रहे अच्छे डॉक्टर भी रिम्स छोड़कर जा रहे हैं। रिम्स के न्यूरोलॉजी में डॉ अनीशा थॉमस के आने के बाद विभाग में एक बदलाव देखने को मिल रहा था, परंतु उनके जाने के साथ फिर से न्यूरोलॉजी उसी स्थिति में आ गया। उनके रिम्स छोड़ने के बाद डॉ गोविंद माधव आये थे। उनके आने के साथ ही न्यूरोलॉजी में डीएम कोर्स की शुरूआत करने को लेकर चर्चा तेज हो गयी। परंतु एक साल के भीतर दोनों ही डॉक्टरों नेरिम्स छोड़ दिया। इसके बाद विभाग की स्थिति जस की तस हो गयी। वहीं रिम्स छोड़ भाग रहे डॉक्टरों को रोकने का प्रयास भी प्रबंधन की ओर से नहीं किया गया।



**रिम्स ने बुलाया था 20 पोस्ट के लिए इंटरव्यू :** रिम्स रांची के विभिन्न सुपरस्पेशियलिटी विभागों में 20 सीनियर रेजिडेंट की नियुक्ति के लिए 27 जनवरी शुक्रवार को इंटरव्यू कॉल किया था। इन पदों के लिए कुल चार उम्मीदवार इंटरव्यू में शामिल हुए। इनमें 1-1 प्लास्टिक सर्जरी-नियोनेटोलॉजी और 2 नेफ्रोलॉजी के उम्मीदवार थे, जबकि रिम्स ने प्लास्टिक सर्जरी, न्यूरोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी और नियोनेटॉलाजी विभागों में 20 रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे थे। वहीं उनके लिए वाक इन इंटरव्यू का आयोजन किया गया था।

### झारखंड के अलवा कई राज्यों से आते हैं मरीज

रिम्स में इलाज के लिए बिहार-झारखंड के अलावा बंगाल, ओड़िशा और यूपी तक से मरीज आते है। उन्हें भरोसा है कि यहां पर उनका इलाज हो जाएगा। लेकिन डॉक्टरों को रिम्स नहीं भा रहा है। एक के बाद एक सीनियर डॉक्टरों के रिम्स छोड़ने का सिलसिला जारी है। वहीं नए डॉक्टर भी रिम्स में आना नहीं चाहते। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 27 जनवरी 2023 को 20 पोस्ट के लिए वाक इन इंरव्यू में मात्र चार डॉक्टर ही शामिल हुए। जिससे साफ है कि अच्छी सैलरी के बावजूद डॉक्टर अब रिम्स नहीं आना चाह रहे है।

## रिम्स में कई फायर एक्सटिंग्विशर एक्सपायर, मरीज भगवान भरोसे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** धनबाद के हाजरा मेमोरियल हॉस्पिटल में शुक्रवार की देर रात आग लग गई। इस दुर्घटना में प्रख्यात चिकित्सह डॉ. विकास हाजरा समेत 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि हॉस्पिटल में आग से निपटने के इंतजाम थे। वहीं फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स में आग से निपटने के इंतजाम फेल है। ज्यादातर जगहों पर लगे फायर एक्सटिंग्विशर एक्सपायर हो चुके हैं। ऐसे में रिम्स में अगर आग लगी तो मरीजों को बचाना मुश्किल हो जाएगा। वहीं जानमाल का कितना नुकसान होगा इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। इससे साफ है कि रिम्स में इलाज करा रहे मरीज भगवान भरोसे हैं। बताते चलें कि हॉस्पिटल्स में आए दिन हादसों के बावजूद रिम्स प्रबंधन नींद में है।

**1500 मरीज एडमिट हैं रिम्स में :** रिम्स की इस लापरवाही की वजह से इलाजरत मरीज और उनके परिजनों को भी डर सताता रहता है। अगर शार्ट सर्किट हुआ तो फिर क्या होगा? चूंकि हॉस्पिटल में हमेशा 1500 से अधिक मरीज एडमिट रहते हैं। वहीं उनके साथ उतनी ही संख्या में परिजन भी हॉस्पिटल में होते हैं। इन सबके अलावा हॉस्पिटल में सैकड़ों डॉक्टर, स्टाफ, नर्स व सफाई कर्मी भी ड्यूटी में तैनात रहते हैं।

### न्यू बिल्डिंग में स्थिति गंभीर

1960 के दशक में बने रिम्स के पुराने बिल्डिंग में अभी सेंट्रलाइज्ड फायर फाइटिंग की व्यवस्था की गई है। वहीं जगह-जगह पर फायर एक्सटिंग्विशर भी लगे हैं। लेकिन न्यू बिल्डिंग में कार्डियोलॉजी, ओंकोलॉजी और डेंटल कालेज में लगे फायर एक्सटिंग्विशर एक्सपायर हो चुके हैं। इतना ही नहीं एक्सपायर हुए 1 से लेकर पांच साल का समय बीत चुका है. इसके बावजूद प्रबंधन ने इसे बदलवाने को लेकर पहल नहीं की है। इससे साफ है कि प्रबंधन को मरीजों की जान की कोई परवाह नहीं है।

## सम्राट गिरोह का सरगना जयनाथ साहू सिविल कोर्ट से बरी

**रांची।** झारखंड के अलग-अलग जिलों में आतंक का पर्याय रहे सम्राट गिरोह के सरगना जयनाथ साहू को रांची सिविल कोर्ट ने एक आपराधिक मामले में बरी कर दिया है। यह मामला लापुंग थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाजार में हुए गोलीकांड का है। इस मामले में जयनाथ साहू को सिविल कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बरी किया है। वहीं, बचाव पक्ष के अधिवक्ता प्रीतांशु कुमार सिंह ने बताया कि फतेहपुर बाजार में इजराइल खान नाम के व्यक्ति को जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी। जिसमें इजराइल खान को गोली लगी थी और वो गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसी क्रम में ग्रामीणों ने एक हमलावर को पकड़ भी लिया था और ग्रामीणों की पिटाई से उसकी मौत भी हो गई थी। यह पूरा मामला 2003 से जुड़ा हुआ है। मामले में शनिवार को सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष को ओर से कुछ चार गवाह पेश किये गये थे। अभी गवाहों को सुनने के बाद ठोस साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने जयनाथ साहू को बरी कर दिया।

### कोलकाता पुलिस ने आलिया के पति को किया है गिरफ्तार

# अभिनेत्री ईशा आलिया हत्याकांड में हथियार सप्लायर गिरफ्तार, पति ने रची थी साजिश

**अपने दोस्त मोहित के साथ मिलकर पत्नी की हत्या की साजिश रची थी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नागपुरी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री ईशा आलिया के मर्डर केस में बंगाल पुलिस ने आलिया के पति के दोस्त मोहित को गिरफ्तार कर लिया है। रांची के शास्त्री नगर के रहने वाले मोहित ने ही हत्या में प्रयोग किये गए हथियार को आलिया के पति को उपलब्ध कराया था। नागपुरी फिल्म अभिनेत्री ईशा आलिया की उसके ही पति प्रकाश अलबेला के द्वारा कोलकाता में गोली मारकर हत्या करा दी गई थी, मामले में कोलकाता पुलिस ने आलिया के पति को गिरफ्तार भी कर लिया था।



ज्ञात हो कि शुरूआत में आलिया का पति उसकी हत्या में अपनी भूमिका से लगातार इनकार करता रहा, लेकिन जब बंगाल पुलिस ने तमाम सीसीटीवी फुटेज और दूसरे तरह के साक्ष्य उपलब्ध करवाएं तो उसने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। आलिया के पति ने पुलिस को दिया यह बयान में बताया है कि उसने अपने दोस्त मोहित के साथ मिलकर ही अपनी पत्नी की हत्या की साजिश रची थी, हत्या के लिए हथियार भी मोहित ने ही उपलब्ध करवाया था। जानकारी मिलने के बाद बंगाल पुलिस में रांची के गोंदा इलाके से शुक्रवार की रात 11.30 के करीब मोहित को गिरफ्तार कर लिया।

### शादीशुदा होते हुए भी की थी आलिया से शादी

दरअसल प्रकाश पहले से शादीशुदा था, एक आर्केस्ट्रा में साथ काम करने के दौरान प्रकाश और ईशा के बीच अंतरंग रिश्ते कायम हो हो गए थे। प्रकाश ने उससे शादी का वादा किया था, लेकिन फिजिकल रिलेशंस बनाने के बाद वह इससे मुकर गया था, तब काफी बवाल हुआ था। दबाव में उसने ईशा से शादी कर ली थी। शादी के बाद भी दोनों के बीच कई बार विवाद हुआ। आरोप है कि प्रकाश ने एक बार पिटाई कर उसका सिर फोड़ दिया था, बाद में समझौता हुआ था। इसके बाद से ईशा और प्रकाश रांची के मोरहाबादी में टैगोर हिल एरिया में किराए के फ्लैट में रहते थे। दोनों की ढाई साल की एक पुत्री भी है।

### ईशा आलिया का मूल नाम रिया कुमारी था

ईशा और प्रकाश अलबेला दोनों मूल तौर पर हजारीबाग जिले के हैं। ईशा का मूल नाम रिया कुमारी है। उसे घर पर रीता और बबिता के नाम से भी जाना जाता था। वह हजारीबाग के चौपारण थाना अंतर्गत महुदी गांव निवासी धनोखी राणा की पांच संतानों में से एक थी। धनोखी राणा फर्नीचर मिस्त्री का काम करते थे, लेकिन पैरालिसिस अटैक से वह अब काम करने में अक्षम हैं।

### रिया की कोलकाता में हुई थी हत्या

रिया अपने पति के साथ कास्ट्यूम्स की खरीदारी के लिए रांची से कोलकाता जा रही थी, साथ में उसकी तीन साल की बेटी भी थी। इसी दौरान प्रकाश अलबेला के द्वारा ही आलिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई, उस दौरान प्रकाश नया कहानी गढ़ी थी कि लूटपाट के दौरान अपराधियों ने आलिया की हत्या कर दी है, लेकिन बाद में बंगाल पुलिस के द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर सारा मामला साफ हुआ। इस मामले में आलिया के पति के भाई को भी गिरफ्तार किया गया है।

## अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन ने ट्रैफिक पुलिस के जवानों को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष अनवर खान ने ट्रैफिक पुलिस के जवानों को उनकी समर्पित सेवा के लिए सम्मानित किया। सम्मान के तौर पर पुलिस के जवानों को गमछा भेंट कर तथा साथ में कोल्ड ड्रिंक, बिस्किट, केक, फल देकर उन्हें सम्मानित किया। अनवर खान ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस के जवान हमारे और राज्य के लिए दिन रात काम में लगे रहते हैं। इनकी वजह से हम सब अपने घरों में चैन के साथ रहते हैं। इसलिए हमारी संस्था अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन ने हर वर्ष ट्रैफिक पुलिस जवानों को सम्मानित करने का कार्य करती है और हम यह चाहते हैं कि और भी सामाजिक संगठन को इस और काम करने चाहिए।

इस मौके पर कोतवाली डीएसपी, थाना प्रभारी, महिला थाना प्रभारी समेत कई ट्रैफिक पुलिस के जवान थे। अनवर खान के साथ मो नसरुद्दीन, मो अब्दुल खालिक, मो नसीम शामिल थे।

## शारीरिक शिक्षक अजय झा मलखंब प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश जायेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय सेक्टर -2 धुर्वा, रांची के शारीरिक शिक्षा अजय झा को खेलो इंडिया यूथ गेम्स मध्यप्रदेश 2023 के तहत मलखंब प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। श्री झा जल्द ही मध्य प्रदेश जायेंगे। मलखंब प्रतियोगिता मध्य प्रदेश राज्य के उज्जैन शहर में 6 फरवरी से 10 फरवरी तक आयोजित की जायेगी। श्री झा को 4 फरवरी को रिपोर्ट करना है। श्री झा झारखंड में मलखंब खेल के संस्थापक एवं वर्तमान में झारखंड राज्य मलखंब



संघ के महासचिव के रूप में दायित्व निर्वाह कर रहे हैं। श्री झा को बंगीय सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष सुकृत भट्टाचार्य, महासचिव विकास कुमार राय, विधालय सचिव सजल बनर्जी, कल्याण सचिव मोनी पोद्दार, विधालय की प्रधानाध्यापिका मंजू रानी डे, जगदीश सिंह जग्गू, आशुतोष द्विवेदी, राजीव रंजन, अखिलेश्वर उपाध्याय, चन्द्र कान्त लाल ने बधाई दी है।

## डीएवी कपिलदेव और हेहल में कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डीएवी कपिलदेव और डीएवी हेहल में शनिवार से शिक्षकों के लिए दो दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हो गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल में दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक एमके सिन्हा ने कहा कि शिक्षक अपने अनुभव बांटें और उसे क्लास रूम तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि अच्छा शिक्षक वही है जो बच्चे में छिपी



प्रतिभा को उभारने का कार्य करे। उन्होंने कहा कि बच्चे का सर्वांगीण विकास शिक्षकों का लक्ष्य होना चाहिए।

इस कार्यशाला में डीएवी कपिलदेव, डीएवी हेहल, डीएवी खूंटी, डीएवी सिमडेगा, डीएवी बिष्टुपुर, डीएवी भवनाथपुर, डीएवी खलारी, डीएवी गुमला, डीएवी बुंडू, डीएवी गोविन्दपुर, टीसीआई और डीएवी सिल्ली के शिक्षक भाग ले रहे हैं।

मौके पर डीएवी सिल्ली, डीएवी भवनाथपुर, डीएवी गढ़वा, डीएवी गुमला, डीएवी सिमडेगा, डीएवी बिष्टुपुर के प्राचार्य मौजूद थे।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का जैन फेस्ट आयोजित

## युवा रोजगार सृजन करने वाले बनें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से कडरू को-ऑपरेटिव मैदान में जैन फेस्ट 2023 आयोजन किया गया है। आयोजन के दूसरे दिन जैन फेस्ट के मुख्य उद्देश्य जिसमें युवाओं के लिए स्टार्टअप एंड एंटरप्रेन्योर को सही दिशा एवं उचित स्थान दिलाने के माध्यम बनने के स्वरूप को सार्थकता से साबित किया गया। वहीं दूसरी तरफ स्टार्टअप के सदस्यों द्वारा वर्तमान समय रोजगार सृजन करने के अवसर पाने के तरीके बताये गये। युवा रोजगार सृजन करने वाले बनें। भारत सरकार द्वारा स्टार्टअप को सहयोग और सरकार द्वारा स्टार्टप को मिलने वाले सारी मदद को हरसंभव दिलाने का प्रयास के लिए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जैन फेस्ट के माध्यम से संभव कराने का प्रयास करेगा। इस आयोजन को अतिथियों ने सरहनीय बताया। आयोजन समिति ने इस आयोजन के मुख्य उद्देश्य को बेहतर बनाने का प्रयास किया। जैन फेस्ट में डेढ़ सौ स्टाट्र्प को ऑनलाइन स्क्रीनिंग किया इसके पश्चात 50 स्टार्टप का चयन किया गया। उसमें लाइव प्रतियोगिता से 6 स्टार्टप का चयन किया गया। विभिन्न शिक्षण संस्थानों के गणमान्य स्टार्टप से संबंधित विषयों पर प्रकाश डालें। आयोजन में युवा युवती इस परिसर में घूमने आए और उनके द्वारा अन्य बहुत सारे जैन फेस्ट को सुलझाने का प्रयास किया गया। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया डायरेक्टर सिद्धार्थ भी उपस्थित थे। इनके अलावा कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश कुमार, राजीव रंजन प्रसाद, निकेश लाल, दयाशंकर वर्मा, प्राची नारायण, सुजीत कुमार सिन्हा, अमित श्रीवास्तव, बरखा सिन्हा, अमित बरियार, इंदु पराशर, ज्योति सिन्हा, प्रीति सिन्हा, रुपेश बिहारी लाल, मनीष कुमार, आशुतोष कुमार, संदीप रंजन सहाय, ऐके लाल, राज श्रीवास्तव एवं अन्य सभी लोग उपस्थित थे

### डालसा सचिव ने कार्यों की समीक्षा की

## लाभुकों को यथासंभव लाभ पहुंचाने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डालसा हॉल, रांची में डालसा के लगभग 70 कार्यरत पीएलवी के साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के राकेश रंजन ने बैठक की। बैठक में उपस्थित पी.एल.वी. के किये गये कार्यों की समीक्षा की एवं कई दिशा-निर्देश दिये। डालसा सचिव ने लीगल-एड-क्लिनिक में जुड़े पीएलवी झालसा कैलेण्डर के अनुसार काम करेंगे और लाभुकों को यथासंभव लाभ पहुचायेंगे। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि पीड़ित महिलाओं को भी चिन्हित करें, जिनको मुआवजा नहीं मिला है, उनका आवेदन डालसा कार्यालय में जमा कराकर, मुआवजा प्रदान करने में लाभुकों का मदद करें। अंत में सचिव राकेश रंजन ने सभी पी.एल.वी के द्वारा किये गये कार्यों का भी अवलोकन किया और उन्हें अपने क्षेत्र में अच्छी तरह से काम करने के लिए कई दिशा-निर्देश भी दिये।



मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची, राकेश रंजन एवं पीएलवी अश्रृता बेक, अनिमा मलिक, ज्योत्सना गोराई, शारदा देवी, भारती देवी, बेबी देवी, जसिन्ता टोप्पो, कपिलदेव प्रसाद, ललिता देवी, लता कुमारी, मानव कुमार, मुक्तेश्वर पाहन, सिकन्दर मुण्डा, मुन्नी देवी, पम्मी देवी, पार्वती देवी, बेबी सिन्हा, राजेन्द्र महतो, अनिता देवी, रिना लिण्डा, संध्या विश्वास समेत डालसा के सभी कार्यरत पी.एल.वी. बैठक में उपस्थित थे।

## 3 को डीआरडीए के अधिकारियों-कर्मियों के कार्यों की होगी समीक्षा

**रांची।** पिछले एक साल से बिना वेतन के चल रहे जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के राज्यस्तरीय पदों पर कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के कायों की समीक्षा की जायेगी। यह समीक्षा विभाग स्तर से गठित नियुक्ति समिति द्वारा उनके संविदा नवीकरण के लिए की जानी है। तीन फरवरी को ग्रामीण विकास सचिव प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में बैठक होगी। इस बैठक में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जेएसडब्लूएम के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी संयुक्त सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मुकुल कुमार भगत, कार्मिक विभाग के द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति के मनोनित सदस्य, रांची विवि से डॉ.सतीश चंद्र गुप्ता व मुख्य अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग शामिल होंगे। नियुक्ति समिति सारे डीआरडीए अधिकारी व कर्मियों के कार्यों की जांच कर संविदा को बढ़ाने की सहमति देंगे।

**1 अप्रैल 2022 से केंद्र ने बंद कर दिया है डीआरडीए :** केंद्र सरकार ने डीआरडीए को बंद करने का फैसला लिया है। एक अप्रैल 2022 की तिथि से ही इसे बंद करने को कहा है और इसके लिए केंद्र से राशि भी मिलना बंद हो गयी है। ऐसे में इसमें कार्यरत 500 से अधिक कर्मियों के भविष्य पर संकट हो गया। उन्हें वेतन भी नहीं मिल रहा है। हालांकि, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर दो माह का उन्हें राज्य सरकार ने वेतन दिया। इसके बाद जिला परिषद में समायोजन का भरोसा दिया गया है। हालांकि, अभी तक इस पर कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है।

## भारतीय प्रतिमान के अनुरूप समाचार की प्रस्तुति हो : राव

### प्रांतीय प्रचार विभाग की दो दिवसीय कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** भारतीय प्रतिमान के अनुरूप समाचार होगा तभी समाज में सकारात्मक भाव प्रसारित होगा। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अखिल भारतीय मंत्री ब्रम्हा जी राव ने प्रांतीय प्रचार विभाग की दो दिवसीय कार्यशाला कुदलुम के उद्घाटन सत्र में कही। उन्होंने कहा कि हमारी खबरें भारतीय प्रतिमान के आधार पर हो ताकि हम अपने लक्ष्य के प्राप्ति के लिए अग्रसर हो सकें। पत्रकारिता समाज की दिशा को दर्शाने वाला होता है। हमारा समाचार राष्ट्र एवं समाज हित में हो। प्रचार विभाग का कार्य भी इसी प्रतिबद्धता के आधार पर करना है ताकि हम स्वर्णिम भारत की कल्पना को साकार करते हुए देश को विश्व गुरु बना सके।

वहीं, उत्तर-पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र प्रचार प्रमुख अखिलेश कुमार ने प्रांतीय प्रचार टोली की बैठक में कहा कि हम अपने विचारों को आचार्यों तक ही पहुंचा पाए हैं अभी भैया- बहनों और अभिभावकों तक पहुंचाना बाकी है, जिससे समाज तक अपना विचार पहुंच सकें। प्रांत प्रचार प्रमुख जितेंद्र तिवारी ने कहा कि कार्यशाला में आए कार्यकर्ता बंधु इन दो दिनों में पत्रकारिता के गुर को सीखकर अपने-अपने कार्य क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने वाले हैं। इस कार्यशाला में प्रांत के संपादक मनोज भारद्वाज, प्रांतीय सोशल मीडिया प्रमुख अरविंद पांडेय, प्रांत सह प्रचार प्रमुख जितेंद्र मिश्र सहित संकुल स्तर के कुल 32 लोग उपस्थित थे।

### बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष जांच अभियान

## दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें: डीटीओ

**बिना हेलमेट ट्रिपल लोड राइडिंग कर रहे थे छात्र, लगाया जुर्माना, डीटीओ ने परिजनों से की बात**

**36 वाहनों से वसूला गया 234210 रुपये का जुर्माना**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डीटीओ प्रवीण प्रकाश ने शनिवार को रामपुर रिंग रोड क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने टैक्स डिफॉल्टर्स, ओवरलोडेड, बिना परमिट, प्रदूषण प्रमाण, बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट एवं वाहन संबंधी अन्य कागजातों की जाँच की गई की। रामपुर रिंग रोड में बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों पर जुर्माना लगाया गया एवं उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

**छात्र को जुर्माना लगाया, परिजनों से की बात :** रामपुर रिंग रोड में वाहन जांच अभियान के दौरान डीटीओ प्रवीण कुमार प्रकाश ने बिना हेलमेट ट्रिपल लोड राइडिंग कर रहे छात्रों पर जुर्माना लगाया और उनके परिजनों से भी बात की। ये तीनों छात्र शहर से बाहर अपने एक साथी का जन्मदिन मनाने पहुंचे थे। डीटीओ ने इन छात्रों पर जुर्माना लगाया और तीनों छात्रों के परिजनों से बारी-बारी बातचीत कर उन्हें भी जानकारी दी। डीटीओ ने परिजनों को बताया कि उनके बच्चे बिना हेलमेट के ट्रिपल लोड राइडिंग कर रहे थे। तीनों छात्रों को सड़क सुरक्षा की अहमियत बताते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी ने आगे हेलमेट पहनने एवं यातायात नियमों के पालन करने की सख्त हिदायत दी।

**वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें :** डीटीओ ने बताया कि विगत 2 जनवरी एवं 21 जनवरी 2023 को बिना हेलमेट बाइक चलाने के कारण हुए सड़क दुर्घटना में एक एसआई और छात्रों की दर्दनाक मौत हुई थी। इसे देखते हुए बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। श्री प्रकाश ने बताया कि वर्ष 2022 में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं एवं मौतें दो पहिया वाहनों से हुई हैं, उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें।

**36 वाहनों से 2.34 लाख रुपये का जुर्माना :** रामपुर रिंग रोड में कार्यालय कर्मियों द्वारा बारी-बारी से सभी वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई। कुल 36 वाहनों (मालवाहक वाहनों, हाइवा आदि) से 02 लाख 34 हजार 210 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

**आगे भी जारी रहेगी जांच :** डीटीओ ने कहा कि जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों/चालकों से अनुरोध किया गया है कि वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं एवं वाहन संबंधित सभी कागजात अद्यतन रखें। साथ ही वाहनों में लदान क्षमता के अनुसार ही परिवहन करें।

## जेसीआई रांची ने 74वां गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा समारोह मनाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेसीआई राँची ने राजधानी रांची से सटे गांव लाबेद में वहां के बच्चे व स्थानीय लोगों के साथ 74 वां गणतंत्र दिवस समारोह सह सरस्वती पूजा भक्ति के साथ सोल्लास मनाया।

बताते चलें कि जेसीआई राँची ने 14 साल पहले लाबेद गाँव को गोद लिया था और तब से प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस जेसीआई राँची परिवार गाँव के निवासियों के साथ मिलकर मनाता आया है। संस्था के अध्यक्ष जेसी अरविंद राजगढ़िया ने जेसीआई राँची द्वारा लाबेद में बनाए गए स्कूल परिसर में ध्वजारोहण किया एवं देश के सभी नागरिकों को 74 वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी। जेसी अरविंद राजगढ़िया ने कहा की संविधान ही नागरिकों के मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की रक्षा करता है। हर साल की तरह इस वर्ष भी संस्था लाबेद गांव के बच्चों के बीच अध्ययन



सामग्री का वितरण किया गया एवं गांव के लोगों के बीच कुल 160 कंबल एवं फल और मिठाइयों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर संस्था के द्वारा लाबेद गाँव के मुखिया संजय उरांव, वार्ड सदस्य उमा देवी, जलसहिया उषा देवी, ग्राम प्रधान एतवा मुंडा, ग्राम सरपंच अशोक लकड़ा, समाजसेवी रॉबिन तिर्की एवं जेसीआई के ग्राम प्रतिनिधि संजय उरांव को सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों में संस्था के पूर्व अध्यक्ष अभिषेक केडिया, सचिव तरुण अग्रवाल, सदस्य सुशील केडिया, नवीन गाड़ोदिया, सनी केडिया, दीपक पटेल, अमन पोद्दार, रजत आनन्द, ऋषभ जैन, अमिता केडिया एवं अन्य शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन आदित्य जालान, सुमित केडिया, विवेक कुमार, निधि केडिया, एवं नेहा खेमका ने किया।

पर्यावरण
संवाद

वन विभाग ने खेल-कूद का सामान बनाने वाली इलाहाबाद की साइमंड कम्पनी का गोपेश्वर से एक किलोमीटर दूर मण्डल नाम के वन से अंगू के पेड़ काटने की इजाजत दे दी है। वनों के ठीक बगल में बसे गांव वाले जिन पेडों को छू तक नहीं सकते थे, अब उन पेडों को दूर इलाहाबाद की एक कम्पनी को काटकर ले जाने की इजाजत दे दी गई। अंगू से टेनिस, बैडमिंटन जैसे खेलों का सामान मैदानी कम्पनियों में बनाया जाये-इससे गांव के लोगों या दशौली ग्राम स्वराज्य संघ को कोई एतराज नही था। वे तो केवल इतना ही चाहते थे कि पहले खेत की जरूरतें पूरी की जाये और फिर खेल की। इस जायज मांग के साथ इनकी एक छोटी-सी मांग और भी थी।

# अब कई चिपको आंदोलन की जरूरत

**एनके मुरलीधर**



**चिपको** आंदोलन मूलतः उत्तराखण्ड के वनों की सुरक्षा के लिए वहां के लोगों द्वारा 1970 के दशक में आरम्भ किया गया आंदोलन है। इसमें लोगों ने पेड़ों को गले लगा लिया ताकि उन्हें कोई काट न सके। यह आलिंगन दर असल प्रकृति और मानव के बीच प्रेम का प्रतीक बना और इसे ₹चिपको की संज्ञा दी गई। चिपको आंदोलन के पीछे एक पारिस्थितिक और आर्थिक पृष्ठभूमि है। जिस भूमि में यह आंदोलन अपजा वह 1970 में आई भयंकर बाढ़ का अनुभव कर चुका था। इस बाढ़ से 400 कि०मी० दूर तक का इलाका ध्वस्त हो गया तथा पांच बढ़े पुल, हजारों मवेशी, लाखों रुपए की लकडी व ईंधन बहकर नष्ट हो गयी। बाढ़ के पानी के साथ बही गाद इतनी अधिक थी कि उसने 350 कि०मी० लम्बी ऊपरी गंगा नहर के 10 कि०मी० तक के क्षेत्र में अवरोध पैदा कर दिया जिससे 8.5 लाख एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित हो गई थी और 48 मेगावाट बिजली का उत्पादन ठप हो गया था। अलकनदा की इस त्रासदी ने ग्रामवासियों के मन पर एक अमिट छाप छोड़ी थी और उन्हें पता था कि लोगों के जीवन में वनों की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चिपको आंदोलन को ब्रिटिशकालीन वन अधिनियम के प्रावधानों से जोड कर भी देखा जा सकता है जिनके तहत पहाड़ी समुदाय को उनकी दैनिक आवश्यकताओं के लिए भी वनों के सामुदायिक उपयोग से वंचित कर दिया गया था।

स्वतंत्र भारत के वन-नियम कानूनों ने भी औपनिवेशिक परम्परा का ही निर्वाह किया है। वनों के नजदीक रहने वाले लोगों कोवन-सम्पदा के माध्यम से सम्मानजनक रोजगार देने के उद्देश्य से कुछ पहाड़ी नौजवानों ने 1962 में चमोली जिले के मुख्यालय गोपेश्वर में दशौली ग्राम स्वराज्य संघ बनाया था। उत्तर प्रदेश के वन विभाग ने संस्था के काष्ठ-कला केंद्र को सन 1972-73 के लिए अंगु के पेड़ देने से इंकार कर दिया था। पहले ये पेड़ नजदीक रहने वाले ग्रामीणों को मिला करते थे। गांव वाले इस हल्की लेकिन बेहद मजबूत लकडी से अपनी जरूरत के मुताबिक खेती-बाड़ी के औजार बनाते थे। गांवों के लिए यह लकडी बहुत जरूरी थी। पहाडी खेती में बैल का जुआ सिर्फ इसी लकड़ी से बनाया जाता रहा है, पहाड में ठण्डे मौसम और कठोर पथरीली जमीन में अंग के गुण सबसे खरे उतरते हैं। इसके हल्केपन के कारण बैल थकता नहीं। यह लकड़ी मौसम के मुताबिक न तो ठण्डी होती है, न गरम, इसलिए कभी फटती नहीं है और अपनी मजबूती के कारण बरसों तक टिकी रहती है।

चिपको आंदोलन का मूल केंद्ररेनी गांव (जिला चमोली) था जो भारत-तिब्बत सीमा पर जोशीमठ से लगभग 22 किलोमीटर दूर ऋषिगंगा और विष्णुगंगा के संगम पर बसा है।

**चिपको आंदोलन की मांगे**

चिपको आंदोलन की मांगें प्रारम्भ में आर्थिक थीं, जैसे वनों और वनवासियों का शोषण करने वाली दोहन की ठेकेदारी प्रथा को समाप्त कर वन श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण, नया वन बंदोबस्त और स्थानीय छोटे उद्योगों के लिए रियायती कीमत पर कच्चे माल की आपूर्ति। धीरे-धीरे चिपको आंदोलन परम्परागत अल्पजीवी विनाशकारी अर्थव्यवस्था के खिलाफ स्थायी अर्थव्यवस्था-इकॉलाजी का एक सशक्त जनआंदोलन बन गया। अब आंदोलन की मुख्य मांग थी- हिमालय के वनों की मुख्य उपज राष्ट्र के लिए जल है, और कार्य मिट्टी बनाना, सुधारना और उसे टिकाए रखना है। इसलिए इस समय खड़े हरे पेड़ों की कटाई उस समय (10 से 25 वर्ष) तक स्थगित रखी जानी चाहिए जब तक राष्ट्रीय वन नीति के घोषित उददेश्यों के अनुसार हिमालय में कम से कम 60 प्रतिशत क्षेत्र पेड़ों से ढक न जाए। मृदा और जल संरक्षण करने वाले इस प्रकार के पेड़ों का युद्ध स्तर पर रोपण किया जाना चाहिए जिनसे लोग भोजन-वस्त आदि की अनिवार्य आवश्यकतों में स्वावलम्बी हो सकें। जोशी मठ की हालत के बाद हिमालय को विकास के नाम पर ध्वस्त करना कितना गलत है यह सामने आना आंरभ हुआ है यह आंरभ है आगे बहुत विध्वंस होगा।

# सदगुरु एक ही हैं

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**सभी** धर्मों, पंथ और संप्रदाय का मार्ग एक ही है और इस कारण भक्ति की उंची स्थिति में पहुंचना ही भक्त का उद्देश्य होना चाहिए। सनातन हिन्दू, इस्लाम, ईसाई सहित सभी धर्मो के गुरु का कार्य जीव का उद्धार कराना ही है। आज यह बड़ी बात है कि सगुण के रूप में सदगुरु के दर्शन और श्रवण का लाभ मिल रहा है। एक भक्त पटना आश्रम में आते थे। वृद्ध थे और रामायण की अच्छी जानकारी थी। लगभग चार-पांच साल तक आने के बाद भी वे मंत्र दीक्षा नहीं ले रहे थे। उन्हें शिकायत भी थी कि उनके मित्र और सहयोगी उन्हें दीक्षा लेने पर जोर दे रहे हैं। लगभग पांच साल ब्रह्म विद्यालय और आश्रम के पटना और मुख्य स्थान तक जाने के बाद उन्होंने अपनी शंका जाहिर की कि गुरुदेव हमने देवराहा बाबा से दीक्षा ली है तब क्या ब्रह्म विद्यालय की दीक्षा ली जा सकती है।

लोग कहते हैं एक ही गुरु किया जाना चाहिए। यह सच है कि एक गुरु होना चाहिए। लेकिन गुरु तत्व पूरे संसार में एक ही है। आवश्यकता है आप जीवन में इसे अपना लें। उन्होंने मंत्र दीक्षा भी ली और सन्यासी भी बन गये। गुरु पद है उसे स्वीकार्य किया जाना चाहिए। वे अति विनम्र और मधुर बोलने वाले थे। गुरु के प्रति आपका प्रेम और समर्पण आपको बड़े ही शानदार ढंग से लौटता है। इस का साक्षात उदाहरण हमारे दरबार में एक नहीं अनेकों हैं।

जीव के उद्धार के लिए परम पूज्यनीय स्वामी शिवधर्मानंद जी ने जो वाणी और व्यवहार अपनाया वर्तमान समय में वह ज्ञान और भक्ति की संपूर्ण उंचाई का सर्वोच्च उदाहरण है। जब गढ़वा घाट काशी बनारस के स्वामी जी ने स्वामी शिवधर्मानंद जी को गंगा पार भेजा तो एक भी व्यक्ति सहयोग के लिए नहीं था। उन्हें एक गांव में भेज दिया। आज वही गांव पूरे देश में तत्व ज्ञान के प्रचार प्रसार का केन्द्र बना। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि काली मां के प्रति उनका जो प्रेम था उनका भाव था जिसमें रात-दिन डूबे रहते थे। स्वामी तोतेपूरे ने उन्हें ज्ञान का अहसास करा दिया। स्वामी रामकृष्ण उस परमतत्व को प्राप्त कर गुरु पद को सुशोभित किया। कार्यक्रम में भक्तों ने मंत्र दीक्षा प्राप्त की। जैसे-जैसे आप गुरु से जुड़ते हैं वैसे-वैसे संसारिक से आपका संबंध कम होता जाता है। धीरे-धीरे आप भक्ति में जीते हुए गुरुमुख हो जाते हैं और आप जीव मुक्ति का मार्ग प्राप्त कर लेता है। निश्चित ही हम उसकी पूर्णता को समझ पाने में सफल होते हैं।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर, बिहार )

# हिजाब का मसला



**मृत्युजय प्रसाद**

सुप्रीमकोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह कर्नाटक के स्कूलों में हिजाब पहनने से संबंधित मामले में फैसला लेने के लिए 3 न्यायाधीशों की पीठ गठित करने पर विचार करेगा। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस वी रामासुब्रमण्यन और जस्टिस जे बी पारदीवाला की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा की दलीलों का संज्ञान लिया कि राज्य में 6 फरवरी से कुछ कक्षाओं के लिए निर्धारित प्रैक्टिकल परीक्षाओं के मद्देनजर एक अंतरिम आदेश पारित करने की आवश्यकता है। कुछ छात्राओं की तरफ से पेश अरोड़ा ने कहा, ह्लयह हिजाब मामला है।

छात्राओं की 6 फरवरी 2023 से प्रैक्टिकल परीक्षाएं हैं और इस मामले को अंतरिम आदेश के लिए सूचीबद्ध किए जाने की जरूरत है, ताकि वे परीक्षा में शामिल हो सकें। प्रैक्टिकल परीक्षाएं सरकारी स्कूलों में होंगी।

इस पर चीफ जस्टिस ने कहा, ह्लमैं इस पर विचार करूंगा। यह तीन न्यायाधीशों की पीठ का मामला है। हम एक तारीख तय करेंगे।ह्व शीर्ष अदालत की 2 सदस्यीय पीठ ने पिछले साल 13 अक्तूबर को हिजाब विवाद में खंडित फैसला सुनाया था। पीठ ने प्रधान न्यायाधीश से आग्रह किया था कि कर्नाटक के स्कूलों में हिजाब पहनने पर प्रतिबंध से उपजे विवाद में फैसला लेने के लिए एक उपयुक्त पीठ का गठन किया जाए।

जस्टिस हेमंत गुप्ता (जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं) ने जहां स्कूल-कॉलेजों में हिजाब पहनने पर प्रतिबंध से जुड़े कर्नाटक उच्च न्यायालय के 15 मार्च, 2022 के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था, वहीं जस्टिस सुधांशु धूलिया ने कहा था कि राज्य के स्कूलों और कॉलेजों में कहीं भी हिजाब पहनने पर कोई पाबंदी लागू नहीं होगी। जस्टिस गुप्ता ने कहा था कि किसी समुदाय के सदस्यों को स्कूल-कॉलेज में अपने धार्मिक प्रतीक धारण करने की इजाजत देना ह्यधर्मनिरपेक्षता के विपरीत' होगा, जबकि जस्टिस धूलिया ने जोर देकर कहा था कि हिजाब पहनना या न पहनना केवल ह्यपसंद का मामला' होना चाहिए। शीर्ष अदालत के खंडित फैसले के कारण कर्नाटक उच्च न्यायालय का फैसला अभी भी प्रभावी है।

# सही दिशा, सही मार्गदर्शन से सफलता





**उर्सूलाइन** इंटर कॉलेज राजा उलातू में छात्राओं ने भविष्य की संभावना और संभावना पर अपने विचार साझा किया। इस अवसर पर मोटिवेटर एनके मुरलीधर ने कॉलेज की छात्राओं के टिप्स दिये। शनिवार को खबर मन्त्र द्धाराआयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं पर्यावरण, समाज, देश-दुनिया की समस्या के साथ विविध विषयों पर विमर्श किया।

जीवन में नैतिकता का महत्व और उससे बढ़ने वाले आत्मबल का उपयोग के साथ ही वैश्विक स्तर पर महिला शक्ति के तेज उत्थान के विषय में जानकारी दी गयी। सोशल मीडिया का बेहतर उपयोग और इसके उपयोग में सावधानी पर भी विमर्श किया गया। श्री मुरलीधर ने बताया कि किस प्रकार हमारे दिमाग में सकरात्मक चीजों का जमा होना हमारे लिये लाभ दायक है। अगर हम नकरात्मक तथ्यों से अपने दिमाग को भर लेंगे तो हमारी सोच सही दिशा में नहीं जायेगी। यह चुनौती का समय है और इसमें क्या करना है और क्या नहीं करना है इसका पूरा ज्ञान हमें होना चाहिए। स्कूली जीवन और हॉस्टल का जीवन हमारी पूरी जिंदगी की दिशा तय करते हैं। हमारे परिवार और शिक्षक के मार्गदर्शन का पालन कर हम शांति और सकून से जिंदगी जी सकते हैं। आज वैश्विक पर्यावरण की समस्या, ध्वनि,वायु और जल प्रदूषण से दूर राजा उलातू का उर्सूलाइन इंटर कॉलेज का यह भव्य परिसर शिक्षण और ज्ञान अर्जन के लिये बहुत ही बेतहर है। रांची रिंग रोड से सटा यह क्षेत्र शिक्षण और स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से अतुलनीय है। श्री मुरलीधर ने नेतरहाट स्कूल से इस परिसर की तुलना करते हुए इसके आस-पास के वातावरण को मन मस्तिस्क में सकरात्मक भाव डालने वाला बताया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने सवाल किया जिसका जबाव श्री मुरलीधर ने दिया।

इस अवसर पर प्राचार्या सिस्टर विनिता ने कहा कि वर्तमान समय ज्ञान का है और इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहें है। हॉस्टल से युक्त उर्सूलाइन इंटर कॉलेज के परिसर को रांची उर्सूलाइन कॉलेज पुरुलिया रोड के शिक्षक-शिक्षिकाओं का पूरा सहयोग मिलता है। प्राचार्या डॉ मेरी ग्रेस ने अथक प्रयास से उर्सूलाइन का राजा उलातू कॉलेज लगातार सफलता और उन्नति की ओर अग्रसर है।

# योग सही जीवन जीने का ज्ञान



**स्वामी मुक्तरथ**

योग विस्मरण में दफन एक प्राचीन मिथक नहीं है। यह वर्तमान की सबसे बहुमूल्य विरासत है। यह आज की आवश्यकता है और कल की संस्कृति है - स्वामी सत्यानंद सरस्वती

योग सही तरह से जीने का विज्ञान है और इस लिए इसे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। यह हमारे जीवन से जुड़े भौतिक, मानसिक, भावनात्मक, आत्मिक और आध्यात्मिक, आदि सभी पहलुओं पर काम करता है। योग का अर्थ एकता या बांधना है। इस शब्द की जड़ है संस्कृत शब्द युज, जिसका मतलब है जुड़ना। आध्यात्मिक स्तर पर इस जुड़ने का अर्थ है सार्वभौमिक चेतना के साथ व्यक्तिगत चेतना का एक होना। व्यावहारिक स्तर पर, योग शरीर, मन और भावनाओं को संतुलित करने और तालमेल बनाने का एक साधन है। यह योग या एकता आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बँध, षट्कर्म और ध्यान के अभ्यास के माध्यम से प्राप्त होती है। तो योग जीने का एक तरीका भी है और अपने आप में परम उद्देश्य भी।

योग सबसे पहले लाभ पहुँचाता है बाहरी शरीर (फिज़िकल बॉडी) को, जो ज्यादातर लोगों के लिए एक व्यावहारिक और परिचित शुरूआती जगह है। जब इस स्तर पर असंतुलन का अनुभव होता है, तो अंग, मांसपेशियां और नसें सद्भाव में काम नहीं करते हैं, बल्कि वे एक-दूसरे के विरोध में कार्य करते हैं।

बाहरी शरीर (फिज़िकल बॉडी) के बाद योग मानसिक और भावनात्मक स्तरों पर काम करता है। रोजमर्रा की जिंदगी के तनाव और बातचीत के परिणामस्वरूप बहुत से लोग अनेक मानसिक परेशानियों से पीड़ित रहते हैं। योग इनका इलाज शायद तुरंत नहीं प्रदान करता लेकिन इनसे मुकाबला करने के लिए यह सिद्ध विधि है।

पिछली सदी में, हठ योग (जो की योग का सिर्फ़ एक प्रकार है) बहुत प्रसिद्ध और प्रचलित हो गया था। लेकिन योग के सही मतलब और संपूर्ण ज्ञान के बारे में जागरूकता अब लगातार बढ़ रही है।

**योग के लाभ -**

शारीरिक और मानसिक उपचार योग के सबसे अधिक ज्ञात लाभों में से एक है। यह इतना शक्तिशाली और प्रभावी इसलिए है क्योंकि यह सद्भाव और एकीकरण के सिद्धांतों पर काम करता है।

योग अस्थमा, मधुमेह, रक्तचाप, गठिया, पाचन विकार और अन्य बीमारियों में चिकित्सा के एक सफल विकल्प है, खास तौर से वहाँ जहाँ आधुनिक विज्ञान आजतक उपचार देने में सफल नहीं हुआ है। एचआईवी (लकश) पर योग के प्रभावों पर अनुसंधान वर्तमान में आशाजनक परिणामों के साथ चल रहा है। चिकित्सा वैज्ञानिकों के अनुसार, योग चिकित्सा तंत्रिका और अंतःस्त्रावी तंत्र में बनाए गए संतुलन के कारण सफल होती है जो शरीर के अन्य सभी प्रणालियों और अंगों को सीधे प्रभावित करती है।

अधिकांश लोगों के लिए, हालांकि, योग केवल तनावपूर्ण समाज में स्वास्थ्य बनाए रखने का मुख्य साधन हैं। योग बुरी आदतों के प्रभावों को उलट देता है, जैसे कि सारे दिन कुर्सी पर बैठे रहना, मोबाइल फोन को ज्यादा इस्तेमाल करना, व्यायाम ना करना, गलत खान-पान रखना इत्यादि।इनके अलावा योग के कई आध्यात्मिक लाभ भी हैं। इनका विवरण करना आसान नहीं है, क्योंकि यह आपको स्वयं योग अभ्यास करके हासिल और फिर महसूस करने पड़ेंगे। हर व्यक्ति को योग अलग रूप से लाभ पहुँचाता है। तो योग को अवश्य अपनायें और अपनी मानसिक, भौतिक, आत्मिक और अध्यात्मिक सेहत में सुधार लायें।

**(सत्यानंद योग मिशन रांची)**

# राष्ट्र की अवधारणा और हमारे सांस्कृतिक मूल्य



**संजय कुमार आजाद**

**भारत** के लोगों की अनेक विशेषताओं में से एक यह भी है कि यहाँ के लोगों की पहचान, मूल्य, व्यवस्था, जीवन दृष्टि, जीवनदर्शन आदि में अति प्राचीन समय से एक सातत्य बना हुआ है। इस मार्ग में अनेक बधाएं आई, कुछ लाई गई किन्तु उन बाधाओं को चीरकर, कभी उन्हे किनारे राह देते हुये, यह प्रवाह सतत आगे बढ़ता ही गया, जो सदियों पूर्व से चलकर अनवरत आज भी जारी है।

जब भारत आए, उन्होंने जब इस देश को देखा तो उन्हें यह समझ हीं नहीं आया कि इतना बडा देश, इतने प्रकार की पूजा-पाठ, रहन-सहन, खान-पान के तरीके की विभिन्नता, यानी प्रकार के विविधताओं से भरा कोई एक समाज कैसे हो सकता है? जब एक समाज नहीं हो सकता, तो कोई एक राष्ट्र कैसे हो सकता? इसीलिए, अंग्रेजों ने भारत के संदर्भ में कहा कि- यह कोई राष्ट्र नहीं बल्कि भारत तो एक उपमहाद्वीप है। यह मात्र एक भौगोलिक उपमहाद्वीप है। इसमें अनेक प्रकार के लोग रहते हैं। यह अनेक प्रकार के लोग नहीं, बल्कि अनेक प्रकार के राष्ट्र हैं। इसीलिए भारतीय उपमहाद्वीप के बारे में इन पश्चिमी विद्वानो सहित अंग्रेजो का भी मानना था कि- ह्लइंडिया मल्टीनेशनल कल्चर यानि भारत एक बहूराष्ट्र का देश है₹। इसी को और सुदृढ करने के लिए अंग्रेजों ने एक सिद्धांत गढ़ा जो पूर्णत असत्य एवं कुटिल प्रचार का कपोलकल्पित सिद्धांत था,वह सिद्धांत अब पूरी तरह से झूठ साबित हो चुकी है कि-भारत में सिर्फ द्रविड और दलित ही मूलवासी हैं,शेष बाहरी है। उन बाहरी लोगों में ही आर्य, ग्रीक, शक, हूण, यूनानी, तुर्क, अरब, मंगोल आए और हम अंग्रेज भी आए यानी आर्य से अंग्रेजों तक सब बाहर से ही आए हैं। ऐसी कुटिल इतिहास स्थापित करने का दुस्साहस भी किया।



इतना भर से ही उन अंग्रेजों का दिल नहीं भरा बल्कि उसने कहा कि इस देश की तो अपनी कोई पहचान ही नहीं है। अब यदि कोई पहचान बन गई है तो इसके तीन स्वरूप दिखाई देते हैं- पहला हिंदू- जो मूर्तिपूजक हैं, जो अपने आप को सनातनी कहते हैं, दूसरा- जो मध्यकाल में बर्बर इस्लामी आक्रांताओं के भय से मतांतरित होकर मुसलमान बने वह है। और तीसरा जो आर्य बाहर से आए थे, वह यहां के लोगों को गुलाम बनाए जो द्रविड और दलित थे। इस तरह तीन प्रकार के निवासी का मनगढ़त सिद्धान्त यहां अंग्रेजो की कुटिलताओं का उपज था। इस कुटिल अंग्रेजों के अनुसार भारत एक राष्ट्र नहीं अपितु हिंदू- ,मुसलमानह्ल और ह्यद्रविड-दलितोंह्ल का देश है। ऐसे विकृत वैचारिक आघात से त्रस्त भारत और भारत का हिन्दू समाज हतप्रभ भी था और उद्वेलित भी हुए।

स्वामी विवेकानंद, महर्षि दयानंद, महर्षि अरविंद जैसे महान हिंदुवादियों ने इसका प्रतिकार भी किया विशेषकर महर्षि अरविंद ने ह्लफाउंडेशन ऑफ इंडियन कल्चर अंग्रेजों की इस कुंठित सिद्धांतों का भरपुर प्रतिकार उदाहरण सहित दिया है।राष्ट्र के संदर्भ में स्वामी विवेकानंद ने कहा कि विश्व के राष्ट्रों के बीच भारत का विशेष जन्म लक्ष्य ह्लधर्मह्व है। एक दशक बाद महर्षि अरविंद ने अपने उतरपाड़ा के विख्यात संबोधन में उसी को दोहराया। हिन्द स्वराज में गांधी जी ने कहा -ह्लअंग्रेजो के आगमन के पूर्व ही भारत आसेतु हिमालय एक राष्ट्र है।ह्व लोकमान्य तिलक ने ैगीता रहस्यै के माध्यम से तो, बिपिन चंद्र पाल हो या रविंद्र नाथ का साहित्य सहित उस वक्त ह्यबंग-भंग आंदोलनह्ल में जितने भी साहित्य सृजित हुए, अंग्रेजों के इस कुटिल व्याख्या का भरपूर उत्तर भी दिया गया, कि भारत एक राष्ट्र है, प्राचीन हिन्दू राष्ट्र है, सनातन हिन्दू राष्ट्र है।

राष्ट्र के विषय पर अंग्रेजों के आगमन के पश्चात जो बहस चली अनवरत बहस आज भी जारी है। जारी रहने का मूल कारण है कि, आजादी के पूर्व और बाद में भी अंग्रेजों द्वारा स्थापित असत्य और कुटिलता से भरी वह परिभाषा को स्थापित करने का कुचक्र अनवरत चल रहा है कि। -₹ भारत एक राष्ट्र नहीं बल्कि एक भूगोल है₹। भूगोल इसलिए है कि इस भूभाग में जो रहते हैं, उनमें कोई समानता नहीं है।

इन समूह के अतिवादियों का मत है कि भारत वर्ष में इन अग्रेजों के आगमन के पूर्व राष्ट्र कि संकल्पना और तज्ञन्य राष्ट्रभाव नहीं था,न हीं यहां के निवासियों में राष्ट्र की कोई संकल्पना ही थी। ऐसा अतिवादी, प्राचीन भारत के इतिहास कि ओर अज्ञ है या पूर्वग्रह के शिकार है या स्वार्थ तत्पर हठी सिद्धान्तवादी जो वामपंथी और सेमेटिक मतों के डीएनए मे है, से ग्रसित है। यह वर्ग कितनी चालाकी से प्रारंभिक दौर में अनेक समूहों की विवेचना करते-करते, अंत में वह दो समूह पर इसे स्थापित करने की कुचेष्टा करते हैं। जारी...

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# दो ही जाति हैं लूटने वाले, लूट में साथ देने वाले



**मनोज शर्मा**

व्यंग्य

**गोस्साते** किउं हो खिसियाते किउं हो?

मैं हताश और गहरी निराशा में था जब मैने देखा कि आदिवासी युवक लाल ब्लू चश्मा पहने इठलाते हुये बिना किसी चिंता के उस सपाट हो चुके मैदान में आ जा रहे थे।

ये पंक्तियां किसी कथा की है जिसे मैने आज से तीन दशक पहले पढा था। कथा का सार था कि प्रकृति प्रेमी लेखक कहीं जंगल लगाने और उसे बचाने में सालों तक लगा रहा और एक लंबे अंतराल के बाद जब वापस वहां इस उम्मीद से पहुंचा कि जंगल घने और गांव हरियाली से लद गया होगा? तो उसने देखा कि पेड़ कट चुके हैं वहां सपाट मैदान है और युवा आदिवासियों में इसे लेकर कोई बेचैनी नहीं।वह रंगीन कपड़े और चश्में में हीं स्वयं को सर्वसुख संपन्न मान रहे हैं।

लेखक की हताशा जंगल कटने से ज्यादा वहां के युवाओं की बेगैरती और चिंतामुक्त होने को लेकर थी।

मैने जो पाया झारखंड में पहाड़ों जंगलों नदियों की बबार्दी में सबसे बड़ा योगदान उन्हीं का है जो जल जंगल जमीन बचाने का दंभ भरते हैं। इन्होंने ही बाहरियों को न्यौत कर यहां के संसाधनों को नोच कर बेचने का नेक्सस बनाया है।

आखिर एक निजाम को ही पत्थर खदान लीज लेने की क्या आवश्यकता आन पड़ी? जब कि उनका पूरा कुनबा यह दावा करता है कि झारखंड को बनाने में उन्हीं का हाथ है। धन कमाने के लिये खुद यहां के पहाड़ बेचने का लीज ले लिये? यह कानूनन सही हो सकता है, पर आपके लिये अनैतिक है।

**पेड़ अपना फल नहीं खाता**

नदी अपने नीर को नहीं पीती वैसे ही कोई झारखंड की लड़ाई लड़ने का दावा करने वाले को यहां के संसाधनों को खोद कर बेचने का लीज नही लेना चाहिए था। मैने यहां ग्रामीणों के हुजूम को एकजुट होकर पहाड़ काटने नदी को बालू के लिये खखोरने और जंगल उजाड़ने का प्रचंड विरोध करते नहीं देखा।

लोहरदगा में एक तालाब के बड़े हिस्से को भर कर कब्जाने का प्रयास एक शांतिदूत द्वारा जारी है। डाक्टर साहेब चुप हैं, वही डाक्टर साहेब जो कहते हैं कि बिहारी मारवाड़ी यहां आके सब कब्जा लिया।

और फेसबुकिये 32 के खतियान और भाषायी आंदोलन वाले? अरे छोड़िये भी वो तो 32 के खतियान वाले किसी आतंकी को भी अपना सबसे बड़ा शुभचिंतक मान बैठते थे , पता नहीं अभी शांत क्यों हैं?

सवाल कुछ है लेकिन उसका जबाव नहीं है? जैसे।

आखिर झारखंड के नारों में जल-जंगल और जमीन पर इशारा इतना ज्यादा क्यों है क्योंकि सबका ध्यान उधर ही था क्या?

एक बिहारी नेता जो कहते थे कि उनके लाश पर झारखंड बनेगा उनके सहारे चल रही सरकार में लूट की छूट नहीं होगी क्या?

धन लोलुप समाज अपना आदिवासी समाज तो था नहीं लेकिन चंद लोग बने नेता और उन्होंने जितना लूटा उतना कोई और लूटा क्या?

खनिज संपदा विशेषकर कोयला की एक सीमा है उसके बाद हम क्या करेंगे कहां जायेंगे इस बात का विमर्श हो सकता है क्या?

एक राजा को 100 साल आने वाले समय की समझ होनी चाहिए आज ऐसा है क्या?

(लेखक ग्रीन रिवोल्ट के संपादक हैं।)

खाद्य संकट और मिटी की खत्म होती उर्वरता






दारू प्रखंड की सभी जनता को सरस्वती पूजा और गणतंत्र दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं



**अरविंद कुमार**

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी

निवास स्थान-ग्राम ईरगा
पोस्ट- दारू जिला हजारीबाग

दारू प्रखंड वासियो को गणतंत्र दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं



**प्रेमचंद्र कुशवाहा**

प्राचार्य बी डी जे जे इंटर कॉलेज झुमरा

दारू प्रखंड

दारू प्रखंड वासियो को गणतंत्र दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं



**शंकरचंद्र पाठक**

प्राचार्य बी डी जे जे इंटर कॉलेज झुमरा

दारू प्रखंड

दे सलामी इस तिरंगे को
जिससे तेरी शान है,
सर हमेशा ऊंचा रखना इसका
जब तक तुझमें जान है।

सरस्वती पूजा, 74वें गणतंत्र दिवस व महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं



**मधुसूदन कुमार सिंह**

सचिव

भारत स्काउट और गाइड, हजारीबाग।




बीआरपी-सीआरपी महासंघ की जिला इकाई की ओर से हजारीबाग सहित राज्यवासियों को 74वें गणतंत्र दिवस व वसंत पंचमी की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं



**प्रवीण कुमार सिंह**
जिला अध्यक्ष
बीआरपी-सीआरपी महासंघ
जिला इकाई, हजारीबाग।

**ओमप्रकाश कुमार**
जिला सचिव
बीआरपी-सीआरपी महासंघ
जिला इकाई, हजारीबाग।







जिला इकाई की ओर से हजारीबाग सहित राज्यवासियों को 74वें गणतंत्र दिवस व वसंत पंचमी की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

निवेदक



**प्रवीण कुमार**

जिला अध्यक्ष
अखिल झारखंड
प्राथमिक शिक्षक
संघ, हजारीबाग।




पुरानी पेंशन योजना सहित 74वें गणतंत्र दिवस की जिले के समस्त एनपीएस साथियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं



**रंजीत वर्मा**

जिला संयोजक

एनएमओपीएस, हजारीबाग।

एम. एस. गारमेंट्स हजारीबाग की ओर से आप सभी को नव वर्ष मकर संक्रांति 74वें गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा

**हार्दिक बधाई व शुभकामनाए**

एक बार सेवा का अवसर अवश्य प्रदान करें!



**एम. एस. गारमेंट्स**
**विष्णुपुरी, गली नं.15**
**हजारीबाग।**

नोट- हमारे यहां सरकारी व प्राइवेट स्कूल-कॉलेज के यूनिफॉर्म कुशल कारीगरों द्वारा बाजार मूल्य से कम लागत पर बनाएं जाते हैं।

राज्य के समस्त वासियों को 74वें गणतंत्र दिवस सह वसंत पंचमी की

**हार्दिक बधाई व शुभकामनाए**



निवेदक

**संतोष गुप्ता**

जिला शिक्षा अधीक्षक हजारीबाग।

झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ रांची के कार्यकारी महासचिव सह हजारीबाग जिला सचिव की ओर से 74वें गणतंत्र दिवस व वसंत पंचमी की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं



**रविंद्र कुमार चौधरी**

कार्यकारी महासचिव
झारखंड राज्य सह जिला सचिव
झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ हजारीबाग।

झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई की ओर से हजारीबाग सहित राज्य के समस्त वासियों को 74वें गणतंत्र दिवस, वसंत पंचमी की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं



**विजय कुमार मसीह**

जिला अध्यक्ष

झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ, हजारीबाग इकाई

स्पीड न्यूज

## मासिक लोक अदालत में कुल कुल 19 वादों का निष्पादन



**18 लाख 28,847 रुपए की समझौता राशि प्राप्त हुई**

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार(डालसा) रांची के द्वारा शनिवार को व्यवहार न्यायालय, रांची में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मासिक अदालत के लिये सात बेंच का गठन किया गया। इस लोक अदालत में कुल 19 वादों का निष्पादन किया गया। इस दौरान अठारह लाख अठाइस हजार आठ सौ सैंतालीस रूपयों का निष्पादन विभिन्न वादों में किया गया।

## रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के कार्यकारिणी समिति का चुनाव आज

**रांची।** रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आरजीटीए) के कार्यकारिणी समिति का वार्षिक चुनाव 29 जनवरी रविवार को आयोजित किया गया है। यह चुनाव श्री दिगम्बर जैन भवन हरमू रोड में आयोजित किया गया है। आरजीटीए के अध्यक्ष सुनील सिंह चौहान ने यह जानकारी दी। बताया कि इसमें रांची, रामगढ़, कुजू, पतरातू,के सदस्य मतदान करेंगे। चुनाव का यह कार्यक्रम दिन के 10 बजे से प्रारम्भ होगा और मतदान शाम 5 बजे तक सम्पन्न होंगे।

## भाजपा नेता अशोक साहू ने रंगारंग कार्यक्रम का किया उद्घाटन



**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा ओबीसी मोर्चा के कोषाध्यक्ष अशोक साहू ने सुगनु युवा क्लब श्री श्री सरस्वती पूजा समिति द्वारा आयोजित रंगारंग कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पीतांबरा पैलेस और सैनिक कॉलोनी में हुआ कार्यक्रम। 500 अधिक लोगों ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

## श्री श्याम मन्दिर का 18 वाँ स्थापना दिवस आज

**रांची।** श्री श्याम मंडल के तत्वावधान में 29 जनवरी रविवार को श्री श्याम मन्दिर का 18 वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर विभिन्न कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। जिसके अन्तर्गत गौ सेवा -प्रातः 8.30 बजे से, राँची गौशाला प्रांगण(हरमू रोड़)में, श्री श्याम भण्डारा - दोपहर 11.30 बजे से 2 बजे तक, शीतल टावर के सामने, भजन-संकीर्तन - सांय 4.30 बजे से रात्रि 8 बजे तक, श्री श्याम मन्दिर, अग्रसेन मार्ग में होगी। इसमें भजन गायिका श्रीमती लता सिंह राजपूत(कोलकाता)भजनों की गंगा बहाएगी। उक्त जानकारी श्री श्याम मण्डल रांची के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने दी।

## श्री सालासर हनुमान मंदिर में भोग वितरण



**रांची।** श्री सालासर हनुमान मंडल के सानिध्य में अपर बाजार स्थित मारवाड़ी ब्राह्मण भवन के प्रांगण मे श्री सालासर हनुमान मंदिर में प्रत्येक शनिवार को भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया जाता है। इसी क्रम में शनिवार को मंदिर मे 7वां भोग का आयोजन किया गया। श्री नटवर बाजोरिया ने अपने परिवार के साथ भोग लगाकर भोग वितरण करने मे अपनी सेवा दी।

### शपथ पत्र

मैं नंदिनी पिता नवीन कुमार झा निवास स्थान-कुंज बिहार, अरगोड़ा, पुराना चौक, थाना-अरगोड़ा, जिला - राँची, झारखंड, शपथपूर्वक घोषणा करती हूँ कि मैं नंदिनी आज से नंदिनी झा कहलवाऊंगी। मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम नंदिनी झा ही है। उपरोक्त सभी बातें सही एवं सत्य है एवं भविष्य में कोई त्रुटी होती है तो उसकी जिम्मेवारी मेरी होगी। यह शपथ पत्र संख्या 471 दिनांक 27.01.23 को राँची में सम्पन्न हुआ।

# डीपीएस में इंटर स्कूल प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** डीपीएस की ओर से दो दिवसीय प्रतियोगिता टेरा लौरीएट - इंटर स्कूल मेगा इवेंट प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार से किया गया। दो दिनी इस प्रतियोगिता 29 को विद्यालय परिसर में संपन्न होगा। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के ऑरेटरी स्किल्स, पब्लिक स्पीकिंग स्किल्स, कन्वेंशनल स्किल्स एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस प्रतियोगिता में 18 विद्यालयों के 150 प्रतिभागियों ने 08 विभिन्न आयोजनों में भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में जेवीएम श्यामली, डीएवी बरियातू, विवेकानंद विद्या मंदिर, टॉरियन वर्ल्ड स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुरुनानक पब्लिक स्कूल, विद्या विकास पब्लिक स्कूल, आचार्यकुलम स्कूल, शारदा ग्लोबल स्कूल, डीपीएस आदि के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गान की मधुर प्रस्तुति के साथ हुई। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह द्वारा दीप प्रज्वल्लित किया गया एवं इस प्रतियोगिता में शामिल सभी निर्णायक गणों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में डॉ. मयंक रंजन, राज कुमार शर्मा, गौरी शंकर झा, डॉ नितीश भाटिया, आलोक पोद्दार, डॉ. राजेश कुमार, रश्मि वर्मा, अमर इ तिग्गा, अनीता सरकार, मोना रतनेश, इवाना चक्रबोर्ती, अनन्या बोस, श्रेया पांडेय, डॉ सीमा प्रसाद और नयन शौर्य शामिल थे। प्रतियोगिता में कमर्शियल कांफ्रेंस - ऐड मेकिंग, सेलेस्ट क्वाद्रिवियम - क्विज, गौरमेट गाला - ओपन किचन, लेटस टॉक स्टॉक्स - स्टॉक मार्किट सिमुलेशन, मॉडल यूनाइटेड नेशन, नोवाइस गजट - जर्नल मेकिंग, एवं स्कोलरियम - डिबेट एवं कॉन्क्लेव ऑफ डिक्शन- डेक्लामेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर डॉ राम सिंह ने कहा कि यह उत्सव छात्रों की रचनात्मकता और नवीन कौशलों को विकसित करेगा एवं उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा और कॉर्पोरेट जगत में अपने उज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करेगा।

# आनेवाले दिनों में एनएसएस की गतिविधियां सतह पर दिखेंगी : डॉ टीके शांडिल्य

### डीएसपीएमयू की एनएसएस इकाई को नियुक्त किये गये कार्यक्रम अधिकारी

**डॉ अभय कृष्ण सिंह को एनएसएस के ब्वॉयज विंग व डॉ शमा सोनाली को गर्ल्स विंग का प्रोग्राम ऑफिसर नियुक्त किया गया**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के एनएसएस इकाई के लिए दो कार्यक्रम अधिकारियों की नियुक्ति से संबंधित अधिसूचना शानिवार को विवि प्रशासन ने जारी कर दी। इसके अनुसार भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अभय कृष्ण सिंह को एनएसएस के ब्वॉयज विंग का प्रोग्राम ऑफिसर और राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ शमा सोनाली को गर्ल्स विंग का प्रोग्राम ऑफिसर नियुक्त किया गया है। विवि के वीसी के अनुसार हाल के दिनों में प्रत्येक विश्वविद्यालय या महाविद्यालयों में एनएसएस की गतिविधियां काफी बढ़ी है। एनएसएस की गतिविधियां न सिर्फ विश्वविद्यालय के परिसर में सीमित है, बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में अपने महती भूमिका निभा रही है। आनेवाले दिनों में विश्वविद्यालय ऐसी अनेक क्रियाकलापों से एनएसएस के माध्यम से जुड़ेगा, जो न सिर्फ विश्वविद्यालय बल्कि सामाजिक सरोकारों से सबंधित होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने आनेवाले कुछ अवधि के लिए एनएसएस से संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम निर्धारित किए हैं जो जल्द ही सतह पर दिखेंगे। जैसे स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम, बस्तियों में स्वच्छता अभियान, रक्तदान, व्यस्क शिक्षा इत्यादि।

आज ही विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी एक अन्य अधिसूचना के अनुसार कुलपति ने चांसलर पोर्टल के माध्यम से नामांकन से संबंधित कार्यो के निष्पादन के लिए तीन सदस्यों की एक कमेटी गठित की है। इनके सदस्यों में डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास, डॉ सर्वोत्तम कुमार विभागाध्यक्ष, भूगोल और आइएन साहू, सहायक प्राध्यापक, एमसीए विभाग शामिल है। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## डेयरी महाविद्यालय के विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट



**रांची।** दुमका स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई फूलो झानो मुर्मू दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के बी टेक डेयरी टेक्नॉलॉजी पाठ्यक्रम के सत्र 2018-22 के 2 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट झारखंड सरकार और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के ज्वाइंट वेंचर झारखंड मिल्क फेडरेशन द्वारा किया गया है। चयनित विद्यार्थियों का नाम माधुरी कुमारी एवं शिवम पांडेय है। इसके अलावा तृतीय वर्ष सत्र 2019.23 के 2 छात्रों सूरज कुमार एवं राहुल कुमार का चयन ट्रेनिंग सह कैंपस प्लेसमेंट के लिए किया गया है। महाविद्यालय की सहायक कुलसचिव सह प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ मुनमुन सेन ने बताया कि झारखंड मिल्क फेडरेशन द्वारा महाविद्यालय की प्रयोगशाला एवं व्यवहारिक ज्ञान के स्तर में सुधार हेतु प्रयोगशाला एवं प्रसंस्करण से संबंधित उपकरण महाविद्यालय को उपलब्ध कराए जाएंगे। मेधा डेयरी के प्रबंध निदेशक डॉ सुधीर कुमार सिंह एवं देवघर इंचार्ज मिलन कुमार मिश्र ने महाविद्यालय का भ्रमण किया तथा हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया।

# गोरखा स्पोर्ट्स एकेडमी फुटबॉल टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** गोरखा स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित स्वर्गीय वरदान लामा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला गणतंत्र दिवस के दिन हॉस्पिटल लाइन मैदान में खेला गया। बतौर मुख्य अतिथि एचइसी से सेवानिवृत्त एवं दिग्गज फुटबॉलर मोतीलाल प्रधान का स्वागत गोरखा स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष रितेश कुमार थापा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया।

कार्यक्रम में श्री प्रधान ने स्वर्गीय वरदान लामा के फोटो में दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण किया। फाइनल मुकाबले में आटा मील ब्रदर्श ने लाइन छोकरा टीम को पेनल्टी शूट आउट में 3-0 से पराजित कर विनर कप और 11000 नगद में अपना कब्जा जमा लिया। रनर अप टीम लाईन छोकरा को रनर अप कप और 5100 रुपए नगद पर संतोष करना पड़ा। प्लेयर ऑफ द मैच विकास धकाल ओर राइजिंग प्लेयर मैक को ट्रॉफी व 500 रुपए नगद देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्लेयरऑफ द टूर्नामेंट प्रतीक खड़का को ट्रॉफी से नवाजा गया। मैच रेफरी गिरीश राई व योगेश गुरूंग को मुख्य अतिथि ने ट्रॉफी देकर उनके अहम योगदान को सम्मानित किया। इस टूनार्मेंट को सफल बनाने में कई पूर्व दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी जैसे जीवन थापा, सुरेन क्षेत्री, अर्जुन गुरूंग, उरगेन लामा, गिरीश राई, योगेश गुरूंग, सुरेन कुमार तामंग, गोविंद गुरूंग आदि ने अपना अहम योगदान दिया है। गोरखा स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष रितेश कुमार थापा ने इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर एकेडमी की टीम, सुप्रिया, करुण राई, अर्जुन क्षेत्री, अरूण प्रधान व सूरज थापा, मन कुमार तामंग, रवि भाई, प्रकाश प्रधान, शम्भु गुप्ता, मोहित आले, निखिल गुरूंग, राजेश कुमार, गौतम दुबे, राहुल पांडे, संजय शर्मा, पंकज क्षेत्री, अरूप चटर्जी, रंजित ठाकुर का आभार प्रकट किया है।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में अनुभवात्मक शिक्षण यात्रा संपन्न



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची द्वारा छात्रों के लिए कक्षा शिक्षण से परे अनुभवात्मक शिक्षण यात्रा आयोजित की गई। कक्षा 9वीं एवं 11वीं (विज्ञान विभाग) के छात्र नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंडरी एग्रीकल्चर और 11वीं (मानविकी विभाग)के छात्र झारखंड विधानसभा गए। छात्रों ने लाख उत्पादन के विभिन्न चरणों को आई.सी.ए.आर. में देखा। झारखण्ड विधान सभा में उसके सत्र आयोजित करने के नियमों की जानकारी दी गई। छात्रों के लिए यह अनुभव से सीखने का एक रोचक अनुभव रहा। अपने अनुभव के आधार पर छात्र इस पर परियोजना तैयार करेंगें। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को अनुभव के द्वारा ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि प्रत्यक्ष ज्ञान किसी भी पुस्तक से अधिक प्रभावशाली एवं सरल होता हैं अतः छात्रों को अनुभवात्मक ज्ञान के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए।

# सांसद साक्षी महाराज ने श्री श्याम मंदिर में भंडारा वितरण का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** खाटू नरेश के जयकारों के बीच उत्तर प्रदेश उन्नाव के सांसद साक्षी महाराज ने शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 47वें श्री श्याम भंडारे का उद्घाटन किया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरागवी, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू व पूर्व सांसद अजय मारू ने साक्षी महाराज को तिलक लगाकर दुपप्ता उढाकर उनका स्वागत किया। इसके पूर्व श्री श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं व गुरुजनों को श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का भोग लगाया गया। यजमान श्रीराम शर्मा की सुपुत्री सालवी शर्मा ने अपने परिवार के साथ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की।

श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया की अगुवाई में यजमान श्री शर्मा परिवार ने श्री श्याम बाबा का भोग लगाया। तदुपरांत भोग का प्रसाद संपूर्ण भंडारे में मिश्रित कर उसे महाप्रसाद बनाया गया। सालवी शर्मा परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों का चंदन- वंदन कर तथा उन्हें भंडारे का महाप्रसाद खिलाकर व दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद ग्रहण किया। इसके पश्चात श्री साक्षी जी महाराज के नेतृत्व में भंडारे का वितरण प्रारंभ किया गया। भंडारे में गरमा गरम केसरिया जलेबी, बनारसी कचौड़ी, आलू, चना, कद्दू का मिश्रित सब्जी का प्रसाद बनाया गया था। श्री श्याम भंडारे में 3000 से ज्यादा भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। उपस्थित लोगो में प्रदीप राजगढ़िया, अनिल नारनौली, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, श्याम सुंदर शर्मा, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, राजेश चौधरी, स्नेह पोद्दार, रतन शर्मा, अमित सरावगी, अन्नपूर्णा सरावगी, रमा सरावगी, अरुण बुधिया, राहुल मारु, दिनेश अग्रवाल, किशन शर्मा, मयंक अग्रवाल, निखिल नारनौली, रोशन खेमका, विशाल पोद्दार, संतोष पोद्दार, स्नेहा पोद्दार, रौनक पोद्दार, संजय सराफ, मनोहर केडिया, पवन शर्मा व अन्य मौजूद थें।

## सन थॉमस स्कूल दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित




**रांची।** सन थॉमस स्कूल में शनिवार को दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईएएस अधिकारी तथा कृषि पशुपालन और सहकारिता सचिव अबू बकर सिद्दीक ने शिरकत की। ईस वंदना और विद्यालय के वाइस चेयरमैन के स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षक और छात्र दोनों एक दूसरे के महत्व और मूल्य को बनाने में महान भूमिका निभाते हैं। उन्होनें कहा कि किसी भी सफलता का कोई भी शॉर्टकट फामूर्ला नहीं होता है हमेशा लगन मेहनत, सच्चाई और ईमानदारी से हम अपने मुकाम पा सकते हैं। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। प्रधानाचार्य द्वारा हेड बॉय और हेड गर्ल को पुरस्कृत किया गया। दसवीं कक्षा के सर्वश्रेष्ठ छात्र के रूप में कृष वत्सल और सर्वश्रेष्ठ छात्रा के रूप में वैष्णवी को घोषित किया गया साथ ही दोनों छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षणगन स्कूल के स्टाफ एवं मैनेजमेंट का पूरा योगदान रहा।

## कुरमाली भाषा के कवि संत महिपाल की जयंती मनी

**रांची।** राम लखन सिंह यादव के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के कुरमाली भाषा के कवि संत महिपाल जी की 117वीं जयंती डॉ खालिख अहमद, विभागाध्यक्ष टीआरएल के अध्यक्षता में हुई। इस अवसर डॉ खालिख अहमद ने कहा कठिन परिश्रम मेहनत और रुचि से ही कुबार्नी के जीत कविताओं के माध्यम से कुरमाली सहित को आगे बढ़ाने में इनके अतुलनीय योगदान को नहीं भुलाया जा सकता है। इन्हें कुरमाली भाषा के कबीर की उपाधि दी गई है। डॉ स्मिता किरण ने कहा कि साहित्यकारों का व्यक्तित्व एवं कृतित्व को जानकार आगे बढ़ने, मेहनत करने की आवश्यकता है। छात्र जलंधर राजवार ने बताया कि इनका जन्म रांची जिले के सिल्ली थाना के नागेडीह ग्राम में 1905 ई में हुआ था। इनके पिता शिबु महतो तथा माता मिनी देवी एक साधारण किसान परिवार से थे। इनका विवाह बम्हनी गांव के पारता देवी से हुआ था।

## डीएवी बरियातू के दो बच्चों ने जीता पुरस्कार





**रांची।** विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग भारत सरकार के इंस्पायर अवार्ड के अंतर्गत डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु के दसवीं कक्षा के छात्र अंचित शुक्ला एवं नवीं कक्षा की कुमारी शुभांगी ने अपने कॉन्सेप्ट के लिए पुरस्कार जीता है। पुरस्कार स्वरूप दस हजार रुपए राशि अपने मॉडल को तैयार करने और राज्य शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रस्तुत करने का मौका मिला है। अंचित शुक्ला ने ऑटोमैटिक टिकट चेकिंग मशीन के मॉडल का कॉन्सेप्ट दिया था। यह मशीन रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर लगा रहेगा तथा स्कैनिंग द्वारा बिना टिकट वाले यात्रियों को प्रवेश करने से रोकेगा। इसमें राइजेन 3800 प्रोसेसर लगा होगा जिससे यह तेज गति से काम करेगा। साथ ही यह ए.ई.एस. 256 एन्क्रिप्टेड सुविधा से लैस होगा जिससे इसकी हैकिंग नहीं हो सकती है। कुमारी शुभांगी ने ऑटोमैटिक स्वाएल इरिगेटर का कॉन्सेप्ट दिया। हाई पावर बैटरी से चलने वाली यह मशीन किसानों के लिए बहुत ही उपयोगी होगी। अंचित और शुभांगी को इस उपलब्धि के लिए विद्यालय परिवार ने बधाई दी है।

## खबर एक नजर में

### भारतीय रिजर्व बैंक, रांची में गणतंत्र दिवस समारोह मना



**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के प्रांगण में समारोह आयोजित कर गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर उपमहाप्रबंधक समीम अंसारी ने झंडोतोलन किया। राष्ट्रगान के पश्चात उपमहाप्रबंधक ने स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया। तत्पश्चात कार्यालय के स्टाफ और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा विभिन्न संगीत प्रस्तुतियां भी दी गयी।

### मेरी आवाज मेरी पहचान नए कलाकारों को देगी अवसर



**रांची।** मेरी आवाज मेरी पहचान की बैठक शनिवार को कडरू स्थित होटल कासा में बॉलीवुड एक्टर देवेश खान के नेतृत्व में आयोजित की गई । बैठक को संबोधित करत हुए देवेश खान ने कहा कि नए नए कलाकारों को मौका देकर उन्हें मंच मुहैया कराया जाएगा । झारखंड में एक से बढ़कर एक कलाकार मौजूद है जरुरत है तो बस उन्हें तलाशने व निखारने की । कहा कि अगला एलबम और वेब सीरीज जो बनने जा रहा है । उसमें स्थानीय कलाकारों को ही अवसर दिया जाएगा। उपस्थित लोगो में सिंगर कुमार गहलोत, एक्टर मॉडल शोएब उर रहमान, जोया खान जेबा, मीडिया पार्टनर बुलंद अख्तर, सिंगर कविता होरो, सिंगर विवेक जी, युवा सिंगर आफताब आलम, नीलम टोपनो, तनवीर खान आदि शामिल थे।

### मैरी हेलो किड्स स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया



**कांके।** मैरी हेलो किड्स स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के प्राचार्य विमला सिन्हा ने झंडोत्तोलन किया साथ ही बच्चों ने राष्ट्रीय गीत एवं देशभक्ति गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम नाट्य आदि भी प्रस्तुत किया गया जिसका थीम देशभक्ति से जुड़ा था। स्कूल के डायरेक्टर सुनील कुमार ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के बारे में बताया और कहा कि सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए हम सभी को अपना योगदान देना चाहिए और राष्ट्र के प्रति हमारी उत्तरदायित्व को हमें पूरे इमानदारी के साथ निभाना चाहिए। प्राचार्य ने सभी बच्चों के बीच मिठाई एवं चॉकलेट का वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकगण स्टाफ आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राम्हण महासभा का आयोजन

**रांची।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा, रांची के द्वारा सूर्य सप्तमी समारोह मनाया गया। यह आयोजन सरोवर नगर देवी मंडप रोड स्थित सूर्य मंदिर में किया गया था। यजमान की भूमिका में अरविंद कुमार मिश्र सपत्नीक एवं पुरोहित की भूमिका में पंडित कृष्णकांत पाठक थे। पूजन के पश्चत महासभा का वार्षिक अधिवेशन शुरू हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता अध्यक्ष अमिताभ कुमार पांडेय ने की।सर्वप्रथम सभी उपस्थित बंधुओं का परिचय लिया गया। समाज के विभिन्न परीक्षाओं में सफल मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया गया। खुशबू कुमारी को बीपीएससी 2022 की परीक्षा में 147 वां स्थान के साथ सफल होने तथा अंचल पदाधिकारी के पद पर चयन होने पर, सुरभि मिश्र को 2022 वर्षीय चार्टर्ड एकाउंटेंट फाइनल परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर तथा डॉ सौम्या को बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी 2022 की परीक्षा में सफलता प्राप्त होने पर तथा माध्यमिक परीक्षा आइसीएसई 2022 की परीक्षा में सर्वोच्च अंक के साथ सफल होने पर मोनालिका को सम्मानित किया गया। झारखंड के कई प्रांतों से बंधुओं ने आज के कार्यक्रम में शामिल हुए। राजेंद्र पाठक, मनोज कुमार पुटू, जगन्नाथ मिश्र, रीना मिश्र, गौरी शंकर पाठक आदि कई गणमान्य वंधुओं ने अपने विचार रखे।

# मातृसंस्थान, जननी-जन्मभूमि के समान होती है: कुलपति

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के वर्तमान छात्रों द्वारा अपने पूर्ववर्ती छात्रों की एलुमनाई मीट का आयोजन विश्वविद्यालय के ओपन थिएटर प्रशाल में आयोजित किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने अपने पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि मातृसंस्थान, जननी और जन्मभूमि की तरह होती है। उन्होंने कहा कि चरित्र के अभाव में शिक्षा का कोई महत्व नहीं होता। उन्होंने अपने पूर्व छात्रों से अपील करते हुए कहा कि आप चाहे जहां कहीं, जिस किसी भी कार्य को कर रहे हो, वहां किसी भी परिस्थिति में अपने चरित्र के साथ कोई समझौता कदापि नहीं करना चाहिए।

उन्होंने एलुमनाई मीट के महत्व एवं उसके उपयोगिता के बारे में अपने विचार एवं अनुभव को साझा करते हुए छात्रों के समक्ष कई उदाहरण भी प्रस्तुत किए। उन्होंने अपने सभी अलुमनाई छात्रों को सदैव अल्मामेटर यानी मातृसंस्थान से जुड़े रहकर अपने भावी पीढ़ी के बेहतरी के लिए अपने स्तर से योगदान देने की सलाह दी।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक डॉ अशोक कुमार अस्थाना द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सिमरप्रीत कौर एवं सुश्री वृत्ति रजनीश के द्वारा किया गया तथा वोट ऑफ थैंक्स की औपचारिकता बीए इंग्लिश फिफ्थ सेमेस्टर की छात्रा सुश्री नफीसा नाज के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, डॉ संदीप कुमार, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ राधा माधव झा, डॉ मनोज कुमार पाण्डेय, प्रो आदित्य विक्रम वर्मा, डॉ नित्या गर्ग, प्रो अमित गुप्ता, प्रो राहुल वत्स, प्रो राजीव रंजन, डॉ जीवा चिदंबरम, डॉ पार्थ पॉल, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ आरोही आनंद, डॉ नीतू सिंघी, डॉ. भारद्वाज शुक्ल, प्रो अनुषा लाल, डॉ मेघना घोष, अनुभव अंकित, चंद्र शेखर महथा, आकांक्षा कुमारी, सुभाष नारायण शाहदेव, राहुल रंजन, ओम प्रकाश, संतोष द्विवेदी, आशीष सहित विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## बेदिया समाज का युवा महोत्सव आज

**सिकिदिरी।** बेदिया युवा मंच के तत्वावधान में आयोजित युवा महोत्सव रविवार को सिकिदिरी फुटबाल मैदान में 10 बजे से होगा। दूसरे वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित युवा महोत्सव के मुख्य अतिथि राज्य सभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू होंगे। इस की जानकारी बेदिया विकास परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष जीतनाथ बेदिया ने दी।बताया कि महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी, पारंपरिक नृत्य एवं गीत, पेंटिंग, वाध यंत्र, हस्तकला, नाटक एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

## वेल्डिंग प्रशिक्षण एक फरवरी से

**सिल्ली।** सिल्ली गूंज परिवार के सौजन्य से सिल्ली स्टेडियम परिसर में इंडो डेनिश टूल रूम जमशेदपुर के द्वारा आगामी 1 फरवरी से निशुल्क वेल्डिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। गुज परिवार के अध्यक्ष सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए कहा है कि इच्छुक यूवा आगामी 29 से 30 जनवरी तक अपना आवेदन दे कर रजिस्ट्रेशन करा लें। प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षुओं को इंडो डेनिश टूल रूम जमशेदपुर के तरफ से सेंट्रल गवर्नमेंट प्रमाण दिया जाएगा ।साथ ही अव्वल छात्रों को केप्पस कलेक्शन भी किया जाएगा।

## पंचायत कार्यकारिणी समिति का गठन

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के लुपुंग पंचायत भवन में मुखिया सीमा कुमारी की अध्यक्षता में वार्ड सदस्यों की बैठक हुई। सर्व सम्मति से पंचायत कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। पंचायत क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये सभी वार्ड सदस्यों को जिम्मेदारियां दी गयी। इसमें शिक्षा के लिये सुषमा, विकास कार्यों के लिये ललित महतो एवं महिला एवं शिशु विकास कार्यों के देखभाल के लिये रिंकू देवी को जिम्मेवारी सौंपी गयी। इस मौके पर मुखिया सीमा कुमारी ने सभी वार्ड सदस्यों को उनके जिम्मेदारियों के निर्वहन सम्बन्धी जरूरी निर्देश दिये। इस मौके पर उप मुखिया पंचमी देवी, पंचायत सेवक नित्य रंजन समेत अन्य जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

## प्रशासन का सद्भावना क्रिकेट मैच आज

**बुंडू ।** बुंडू अनुमंडलीय प्रशासन के द्वारा आज टीटीसी मैदान में अमृत महोत्सव के अवसर पर सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया है ।इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीएम अजय कुमार साव एवं डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि मैच में पुलिस प्रशासन की टीमए पत्रकारों की टीम, नेता एवं समाज सेवकों की टीम, शिक्षक एवं बैंकर्स की टीम कुल चार टीमें हैं ।आयोजन स्थल को सजाया गया है। मैच साढ़े आठ बजे से शुरू होगी।

## राहे पुलिस ने जब्त किया चिप्स लदा ट्रैक्टर, मामला दर्ज

**राहे।** ओपी पुलिस ने दोकाद क्षेत्र से एक चिप्स लदा ट्रेक्टर को जब्त किया है ।पुलिस ने अवश्यक करवाई के बाद मामला दर्ज कर लिया है ।इस सबंध में ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान ने कहा सूचना मिली थी कि राहे क्षेत्र में अवैध रूप से चिप्स की ढुलाई किया जाता है। गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर एक ढुलाई करते अवैध रूप में चिप्स लदा ट्रैक्टर को जब्त किया गया और मामला दर्ज किया गया है। अवैध खनन ओर परिवहन के खिलाफ छापामारी जारी रहेगा।

## सांसद ने जन प्रतिनिधियों संग की बैठक

**नामकुम।** शनिवार को आरा पंचायत में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनियों की बैठक सांसद संजय सेठ के साथ आयोजित की गयी की। बैठक में प्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं से सांसद को अवगत कराते हुए इसके समाधान की मांग की। जिसपर सांसद ने कहा कि यह सभी समस्या राज्य की समस्या है जिसको डीसी और डीडीसी बात करके समाधान किया जा सकता है। सांसद श्री, सेठ ने प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि वे उनकी समस्याओं का समाधान करायेंगे।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से हुई थी युवक की मौत

### देर रात निकाला गया युवक का शव



रोती मां ललिता देवी को संभालती महिलाएं।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के हेंदेबिली तालाब से देर रात शव को बाहर निकाला जा सका। जिसके साथ ही प्रतिमा विसर्जन के दौरान डुबने वाले 18 वर्षीय युवक दीपक महतो की मौत की पुष्टि हो गई। शुक्रवार शाम को प्रतिमा विसर्जन करने के दौरान दीपक तालाब में डुब गया था। काफी देर तक तलासी के बावजूद भी दीपक का पता नहीं चला। डेम से मछली पकड़ने वाले मतातु के दो युवक के पहुंचने व स्थानीय युवक के साथ तलासी शुरू किए जाने के बाद रात 1.30 बजे के करीब युवक का शव तालाब से निकाला जा सका। सुबह घर के पास काफी संख्या में ग्रामीणों की भिड़ जमा हो गई थी। वहीं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, मुखिया दशमी मिंज, पूर्व पंसस कामेशवर बेदिया व किशोर भंडारी सहित कई पीड़िता घर पहुंचे और घटना के प्रति गहरा दुख जताया। पोस्टमार्ट व मामला दर्ज नही कराया गया।

### युवती के स्टॉल में पैर फंसा था

प्रतिमा विसर्जन के लिए तालाब में उतरने के लिए दीपक ने गांव की एक युवती से स्टॉल लिया। दीपक अपना कपड़ा उतार स्टॉल पहन लिया और प्रतिमा विसर्जन करने चला गया। विसर्जन के बाद जब सभी बाहर निकल आए, लेकिन दीपक नही आया। स्टॉल लेने के लिए इंतजार कर रही युवती ने ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी और तालाब के बाहर रखे उसके कपड़े बताई। तब लोगों को दीपक के डुबने के पता चला। हलाकि काफी देर तलासी के बाद भी शव नही मिलने से दीपक के कंही चले जाने की भी संभावना जताई जा रही थी। जब तालाब से दीपक के शव को बाहर निकाला गया। उसके पैर पर स्टॉल फंसा था। आषंका जताई गई कि स्टॉल के पैर में फंसने के कारण ही दीपक बाहर निकल नही सका और वह डूब गया।

### मां-बहन के रूदन से गमगीन हुई बस्ती

शव देख मां ललिता देवी, बहन उमा कुमारी के साथ स्वजन काफी रो रहे थे। बहन भाई के लिए विलाप कर रही थी। वहीं मां की चितकार देख लोगों के भी आंसू नही थम रहे थें। मां व बहन को महिलाएं संभाल रही थी। वहीं पिता कजरू महतो व छोटा भाई भी रो रहा था। मुखिया दशमी मिंज ने कहा तालाब के बीच में गहरा गढा खोदा गया है। सुरक्षा के लिए जल्द ही गहरे गढे पर झंडा लगावा दिया जाएगा।

# संजीव हत्याकांड: परिजनों को रिम्स से दिया गया शव

### बुधवार देर रात की घटना, बिस्सा में मातम

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** सिमलिया चड़री टोंगरी में 25 जनवरी की रात अपराधियों ने सिकीदिरी के बिस्सा निवासी स्व लाला मुंडा का पुत्र 28 वर्षीय संजीव कुमार मुंडा की हत्या कर उसके शव को जला दिया था। इसके तीसरे दिन मृतक के भाई राजेंद्र मुंडा ने रिम्स जाकर उसकी शिनाख्त की। पुलिस ने शनिवार को कागजी औपचारिकता पूरी कर शव उसके परिजनों को सौंप दिया। मृतक रवि स्टील चौक स्थित विप्रा लॉजिस्टिक सर्विसेज कंपनी का कर्मचारी था। मामले को लेकर रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस प्रेम.प्रसंग में हत्या की आशंका जता रही है। अल कमर कॉलोनी में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कांड के जल्द ही खुलासा कर लिये जाने का दावा किया जा रहा है। घटनास्थल का कॉल डंप भी कराया गया। इधरए घटना के बाद बिस्सा में मातम पसरा है। बूढ़ी मां समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शाम चार बजे गांव के श्मशान में उसकी अंत्येष्टि की गयी। मृतक का नगड़ी के सेंबो से शादी होने वाली थी।

# अलग-अलग सड़क हादसे में तीन की मौत, तीन घायल

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल



**बेड़ो।** नरकोपी थाना क्षेत्र के खुखरा मोड़ के समीप शनिवार की अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में डूमर टोली गुमला निवासी 30 वर्षीय वीरेंद्र एक्का पिता सर्वेश एक्का व बलरामपुर तुतलो बेड़ो निवासी 20 वर्षीय अनिल तिर्की पिता छेदया उरांव है। जिन्हें ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करते हुए दवा देकर छुट्टी दे दिया। घायल अनिल ने बताया कि चट्टी बाजार से अपने घर लौटने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के गेसवे महादेवटोली गांव के दो युवकों की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। एक युवक की मौत घटनास्थल में ही हो गई वहीं दूसरे युवक की मौत इलाज के क्रम में हुई। जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम प्रयाग महतो तथा मोहरनाथ महतो अपनी बाइक से कांके के सुकुरहुट्टू से काम करके घर आ रहे थे। इसी बीच रिंग रोड गागी मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से सीधी टक्कर हो गई। घटना के बाद प्रयाग महतो की मौत घटनास्थल में ही हो गई वहीं मोहरनाथ महतो की मौत इलाज के क्रम में शुक्रवार की रात्रि हो गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

### सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**बेड़ो।** इटकी थाना क्षेत्र के पलमा पुल के समीप रांची गुमला मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की रात लगभग नौ बजे हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही दूसरे को गंभीरावस्था में रिम्स भेज दिया गया। घटना के बाद जानकारी मिलने पर इटकी थाना पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद बेड़ो पहुचाया।

## लमकाना मैदान में रामकृष्ण किसान मेला 31 को

**बेड़ो।** रामकृष्ण मिशन की 125 वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र एवं रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक शोध संस्थान रांची सह प्रखंड के समस्त विवेकानंद सेवा संघएविवेकानंद समाज कल्याण संघएईंटा चिल्द्री समिति व आस पास गांव के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड के लमकाना गांव के मैदान में श्री रामकृष्ण किसान मेला का आयोजन किया गया है। इस वर्ष का किसान मेला प्राकृतिक, जैविक खेती से ही स्वस्थ मिट्टी को लेकर होगा।

एक नजर में

## रातू: भाजपा नेता ने गरीबों के बीच बांटा कंबल



**रातू।** भाजपा नेता महेश महतो ने शनिवार की सुबह पावर स्टेशन स्थित अपने आवासीय परिसर में क्षेत्र के गरीब और असहाय जनों के बीच अनाज व कंबल का वितरण किया। इसमें उनकी पत्नी ने भी हाथ बंटाया। इससे तारूप, उषामातू, टिकराटोली, संडे मार्केट, संजय नगर कॉलोनी के सैकड़ों लोग लाभान्वित हुये। मदद पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने श्री महतो का आभार जता खुशी का इजहार किया।

## विधायक ने किया गाय शेड का लोकार्पण

**सिल्ली।** सिल्ली राधा माधव आश्रम (बाउल डेरा) में गायों के लिए नवनिर्मित शेड का लोकार्पण विधायक सुदेश कुमार महतो एवं स्व कुंज बिहारी अग्रवाल की धर्म पत्नी दुर्गा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। पवन वस्त्रालय के संचालक सुमन अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, पवन अग्रवाल एवं शुशील अग्रवाल ने अपने पिता स्व कुंज बिहारी अग्रवाल की स्मृति में इस शेड का निर्माण कराया है। जिसमें एक साथ 20 गायों को रखा जा सकता है। मौके पर सुमन अग्रवाल एवं परिजनों ने स्वागत करते हुए अंग वस्त्र देकर विधायक को सम्मानित किया। वहीं आश्रम परिसर में श्री श्री हरे कृष्ण नाम हट्ट संघ सिल्ली के तत्वाधान में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर आश्रम के संरक्षक राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, प्रकाश अग्रवाल, अमर अग्रवाल, मदन सिंघानिया, संजय अग्रवाल स्व कुंज बिहारी अग्रवाल के परिजन एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# पुलिस ने फर्जी छात्र को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रांची।** रातू थाने की पुलिस ने कटहल मोड़ स्थित डीएवी हेहल के पीछे अवस्थित आईटी इंफोटेक ऑनलाइन सॉल्यूशन एग्जामिनेशन सेंटर में दूसरे के नाम परीक्षा दे रहे फर्जी छात्र नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह जहानाबाद जिले के काको थाना बढौना तेजबीघा निवासी रतन कुमार का पुत्र है। 27 जनवरी को यहां आयोजित परीक्षा के दौरान आब्जर्बर डॉ अभिषेक कुमार व कर्मचारी खुर्शीद अंसारी ने फर्जी वाड़ा के संदेह में नीतीश कुमार को पकड़ा था। इसके उपरांतए संस्थापक अभय कुमार ने इसकी सूचना थाने को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अटेंडेंस सीट की जांच की। उसमें चिपकाये गये फोटो कैंडिडेट के फोटो से बिल्कुल अलग थे। प्रवेश पत्र में रौल नंबर 220216803150158 तथा आधार संख्या 8281282 53734 अंकित है। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। मामले को लेकर अभय कुमार के बयान पर रातू थाने में नीतीश कुमार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस इसकी तफ्तीश कर रही है।

# सर्वोदय स्कूल में फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**राहे।** प्रखंड के सर्वोदय स्कूल में फैंसी ड्रेस और डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष विनय महतोए धीरजए मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो एस्कूल के डायरेक्टर सुनील महतो ने संयुक्त रूप में किया ।इस दौरान स्कूल के बच्चों के द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताए स्लो डांसए ग्रुप डांसए का प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अनुष्का कुमारी और श्रेयांश कुमार को प्रथम पुरस्कार मिला। सुहानी कुमारीए सुबोध कुमारए बबली कुमारी को द्वितीय ए जसवंत सिंह एकृष्णा सिंह को तृतीय पुरस्कार मिला। स्लो डांस में श्रुति सिंह को प्रथम पुरस्कारए रितेश दत्ता को द्वितीयए जरा वारसिया को तृतीय पुरस्कार मिला। ग्रुप डांस में मरकरी ग्रुप को प्रथम जुपिटर ग्रुप को द्वितीय तथा मार्च ग्रुप को तृतीय पुरस्कार मिला। आयोजन में स्कूल के प्राचार्य ज्ञान महतो सहित डॉ गीता मेहताएराकेश पातर स्मॉल सिंह सहित स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी में योग प्रशिक्षण



**बुंडू।** बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी विद्यालय के परिसर में एक दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। इसमें मुख्य अतिथि असित कुंडू एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के विद्यार्थी अर्जुन पंवारए मंगल कुशवाहा ने कुशलतापूर्वक बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी, बुंडू, रांची के छात्र छात्राओं के समक्ष योगा का निर्देशन एवं समझ प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओ ने मन लगाकर योग प्रशिक्षण लिया और विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने भी योगा कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने गायत्री परिवार से उत्तम दास, सत्यवान प्रमाणिक, प्रधानाचार्य अमित दास, सुबोधनि, रवींद्र, जितेंद्र सूरज, अजय कुंडू, गोविंदा, आरग्य बीद, किरण, संदीप, पल्लवी एपदमा आदि सभी टीचर सम्मिलित हुए। विद्यालय के डायरेक्टर महोदय श्री भुवनेश्वर प्रमाणिक जी ने योग प्रशिक्षण के इस अमूल्य योगदान के लिय गायत्री परिवार को बधाई दिये साथ ही योग की विशेषता भी बताए एवं सभी बच्चों के जीवन के लिये मंगल कामना की।

# झारखंड की संस्कृति को बचा कर रखें



### समारोह में थे मौजूद

समारोह में पूर्व विधायक सावना लकड़ा की पत्नी सीता देवी नीलकंठ चौधरी मुखिया शांति देवी पूर्व प्रमुख जगरनाथ साहू विन्देश्वर बेक अरविन्द उरांव सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के बलदेव चिल्ड्रन ऐकेडमी लूपूंग में शनिवार को वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया । समारोह का उद्घाटन राज्यसभा सांसद प्रोफेसर आदित्य प्रसाद साहू पूर्व सांसद रामटहल चौधरी राष्ट्रीय पुस्तकालय के केन्द्रीय सदस्य राजाराम महतो पूर्व विधायक रामकुमार पाहन झामुमो के केन्द्रीय सदस्य राजकुमार महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । वार्षिकोत्सव समारोह मे बोलते हुए पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि बच्चे ठीक से पढ़ाई लिखाई करें साथ हीं झारखंड की संस्कृति को भी बचा कर रखें। राजाराम महतो ने कहा कि शिक्षा विकास की कुंजी है यदि मांड़ साग खा कर रहना पड़ें फिर भी बेटा बेटी को पढ़ाना ना भूले अंग्रेजी पढ़ाई के साथ साथ छोटा नागपूर की भाषा संस्कृति को भी खूंटा गाड़ कर रखना है तथा समाजिक कुरितियां दहेज तिलक हंड़िया दारू का वॉयकाट करना है । समारोह में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सास्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की । समारोह का संचालन विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार महतो ने किया।

### कैंब्रियन स्कूल सांडी में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सिकिदिरी।** सरस्वती पूजा के अवसर पर कैंब्रियन पब्लिक स्कूल सांडी में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। स्कूली बच्चों ने नृत्य समूह गान और नाटक के माध्यम से देश की एकता और अखंडताएआपसी सौहार्दएसैनिकों के शौर्य गाथाएं व अलग.अलग राज्यों के लोक नृत्य और सामाजिक समस्याओं की झलक प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य नेहा गुप्ता ने कहा कि आजादी महापुरुषों के जुझारू संघर्ष और बलिदान का परिणाम है ।आज की युवा पीढ़ी इस सीख को अपने जीवन में आत्मसात कर के ही सफलता हासिल कर सकते हैं।

# राहे: जंगली हाथियों ने घर को ढाहा, बाल-बाल बचे लोग



खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** प्रखंड क्षेत्र के सारूबेड़ा गांव में शुक्रवार रात को हाथियों के झुंड ने गांव में प्रवेश पर जम कर उत्पात किया है। गांव के रोबिन महतो के घर के दीवाल को गिरा दिया। दीवाल गिरने से घर एक एक हिस्सा पूरी तरह ध्वस्त हो गया। घर में रोबिन महतो के पत्नी एतवारी देवी 4 बच्चों के साथ अकेली थी। घर के मलबे गिरने लगा तो बच्चों को लेकर किसी तरह रात में दूसरे कमरे में गये। हाथियों ने घर में रखा धानए चावल सहित घरेलू समानों को नष्ट कर दिया है।

गांव के इंद्रनाथ महतोएकेशव मुखिया, सुरेश मुखियार सीताराम मुखियार के सब्जी फसल को भी नष्ट किया है। इधर शनिवार सुबह घटना की जानकारी होने पर वन विभाग की टीम गांव में जाकर नुकसान की जानकारी लिया और उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिये।

## साहियाओं की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के साहियाओ का हड़ताल की लगातार पांचवी भी जारी रहा। सिल्ली सहिया संघ के अध्यक्ष माधुरी देवी ने बताया कि पिछले दिनों जिला संघ के तत्वाधान में मोराबादी में विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था। जहां प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने मोरहाबादी मैदान में धरनास्थल पहुंच कर आश्वासन देकर धरना खत्म करवाया था, लेकिन अब तक सरकार की ओर से हमारी मांगों को पूरा करने की दिशा में कोई पहल नहीं की गयी है। इस लिए फिर से हम लोगों ने पिछले 23 जनवरी से राज्यभर में लगभग 42 हजार साहिया ने अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर हैं। जबकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सुरक्षित मातृत्व, जच्चा-बच्चा की सुरक्षा, टीकाकरण अभियान, पल्स पोलियो अभियान, कुष्ठ रोगी की पहचान, फाइलेरिया एवं क्षय रोगी की पहचान कर डॉट्स दवा मरीजों को उपलब्ध कराने, गर्भवती महिलाओं का एएनसी, कैंसर कुपोषित बच्चों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने, सामुदायिक स्वास्थ्य बैठक कराने, सरकार की सारी स्वास्थ्य योजनाएं घर तक पहुंचाने की जिम्मेवारी हम सहियाओं के कंधे पर है। धरना स्थल पर सुनीता देवी ,सुलोचना देवी, विभा देवी, मंजू देवी ,आरती देवी, निशा देवी, सरला देवी समेत काफी संख्या में सहिया उपस्थित थीं।

# शोभायात्रा निकाल विद्यार्थियों ने दी मां शारदे को विदाई

### प्रतिमा विसर्जन

खबर मन्त्र संवाददाता



**लापुंग।** बसन्त पंचमी के पावन मौके पर लापुंग प्रखंड में पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ विद्या की देवी हंस वाहिनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। शनिवार को देर शाम लापुंग प्रखंड के कातिंगकेला गांव में खिलेश्वर सिंह खेरवार और राम कुमार श्रवण के नेतृत्व में मां सरस्वती की प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। वहीं दूसरी ओर दोलैचा, सरसा, नावाटोली, लतरातु, ककरिया, फतेहपुर, लालगंज, लापुंगए दानेकेरा महुगांव सहित विभिन्न गांव में शैक्षणिक संस्थाओं स्थापित प्रतिमाएं तालाब और नदियों में नम आंखों से श्रद्धालुओं ने विसर्जित कर दी। इसके पूर्व सरना समिति ककरिया अंबा टोली के तत्वधान में दो दिवसीय सरस्वती पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। बतौर संरक्षक पूर्व जिला परिषद सदस्य बन्दे हेरेंज, जयकिशोर मुंडा, मनोज उरांव, करण मुंडा, बिनोद उरांव, नारायण मुंडाए जीवन मुंडा, सोनाराम उरांव सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं दोलैचा के नवयुवक संघ हैप्पी क्लब सरस्वती पूजा समिति बस स्टैंड दोलैचा में सरस्वती पूजा योजन समिति के अध्यक्ष रोहित साहु की देखरेख में पूजा-अर्चना की गई। सरस्वती पूजा के तीसरे दिन दोलैचा बांध में प्रतिमा को पूरी श्रद्धा के साथ विसर्जित किया गया।

### पूजा को सफल बनाने में थे शामिल

पूजा को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष गौतम साहु सक्रिय सदस्य के रूप में मदन साहुए तुलसी साहु, जटू साहु, शुभम साहु, डबलू साहु, गणेश साहु, नितेश साहु कृष्णा साहु, मुगुल साहु प्रकाश, साहु डब्लू महतो, राहुल सिंह, विभाष साहु अमित सिंह, नीतेश ठाकुरए राजेश साहुए विकास तथा मनीष साहु व कार्तिक साहु ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वही ककरिया के जय श्री राम क्लब तथा सुभाष क्लब सहित अन्य संस्थाओं के द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। जय श्री राम क्लब के अध्यक्ष सूरज कुमार रामए सदस्य के रूप में अमित कुमार राजकुमार सोनू कुमार आयुष कुमार कृष कुमार प्रिंस कुमार अंकित संजय संतोष तथा संदीप ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कातिंगकेला, ककरिया, नावाटोली सहित विभिन्न गांव के अलग.अलग संस्थाओं ने शनिवार को प्रतिमाओं को विसर्जित कर दिया।

## भाजपा का डाटा मैनेजमेंट प्रबंधन पर कार्यशाला

**नामकुम।** शनिवार को भाजपा रांची जिला ग्रामीण की डाटा प्रबंधन उपयोग और जिला कार्यसमिति ग्रामीण बैठक हुई। महिलौंग स्थित सरला बिरला सभागार में आयोजित बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी ने सरल एप के प्रभावी उपयोग के लिए निर्देश जारी किए है जिसके प्रतिपालन में कुछ दिनों पूर्व भाजपा प्रदेश कार्यालय में सभी जिलों के अपेक्षित कार्यकताओं की कार्यशाला का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि ने सभी को संगठन को मजबत बनाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य प्रसाद साहू, गंगोत्री कुजूर, जीतू चरण राम, राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह,पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार,मंडल अध्यक्ष अशोक मुण्डा सहित अन्य सभी 31 मंडलों की समिति संयोजक मौजूद थे।

# उपायुक्त ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटना की स्थिति से उपायुक्त को डीटीओ भगीरथ प्रसाद ने अवगत कराया कि हाल के दिनों में दुर्घटना में वृद्धि हुई है। जिस पर उपायुक्त ने रोक लगाने के लिए निर्देश दिये। वहीं उपायुक्त ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए स्कूल खुलने व बंद होने के समय नो एंट्री लगाने पर विचार विमर्श किया, जिसका अनुपालन के लिए उपायुक्त ने डीटीओ को निदेश दिया कि बाजार के लोगों एवं स्कूल प्रबंधन के साथ वार्ता कर समय का निर्धारण करें। वहीं उन्होंने दुर्घटना की संभावना को कम करने के लिए रोड के किनारे सभी पेड़ों में रेडियम स्टीकर लगाने को कहा गया। वहीं एसपी कुमार गौरव ने ड्रिंक एंड ड्राइव पर रोक लगाने को लेकर डीटीओ को लगातार 15 दिनों तक सघन जांच अभियान चलाकर दो पहिया, चार पहिया समेत बड़े वाहनों का भी ड्रिंक एंड ड्राइव की जांच ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से जांच करने का निदेश दिया। बैठक में जिले के 25 जगहों में बैरियर लगाने, सड़क पर घूमने वाले लावारिस जानवरों से होने वाली दुर्घटना को कम करने के लिए लावारिस जानवरों को रेडियम रिबन लगाने, झुमरीतिलैया में एनएचएआई रोड के बीच में हनुमान मंदिर एवं महाराणा प्रताप चैक की मूर्ति को दूसरी जगह करने पर चर्चा की गई। वहीं पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि सर्विस लेन बनाने में बहुत दिक्कत हो रही है। जिस पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि डीटीओ एवं एनएचएआई के कर्मी भौतिक सत्यापन करेंगे और जहां-जहां सर्विस लेन बनाने में दिक्कत हो रही है, उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। महाराणा प्रताप चैक, सुभाष चैक एवं अंबेडकर चैक के पास लगने वाले ड्रीम प्रोजेक्ट को लेकर उपायुक्त ने नगर पंचायत एवं एनएचएआई को निर्देश दिया कि अपकमिंग प्रोजेक्ट से संबंधित एक फ्लेक्स लगाएं ताकि लोगों को पता चले कि यहां पर क्या बनने वाला है। एनएचएआई के किनारे पूरी तरह सूखे हुए पेड़ों की गिनती करने हेतु नगर पंचायत को निर्देश दिया। मौके पर डीएफओ सूरज कुमर सिंह, एसडीओ संदीप कुमार मीणा, एमवीआई विजय गौतम समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सरस्वती पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण व डांडिया का आयोजन



गढ़वा। सरस्वती पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण व डांडिया का आयोजन किया गयइ। कार्यक्रम की शुरूआत गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, भाजपा गढ़वा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, युवा समाजसेवी दौलत सोनी, कंचन जयसवाल, चंदन जयसवाल, संतोष केषरी आदि ने संजुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर जागरण में आए श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। साथ ही नन्हे-मुन्ने बच्चे बच्चियों ने एक से बढ़कर एक डांडिया कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

पूर्व विधायक श्री तिवारी ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से आपसी सौहार्द बढ़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मौके पर लोग आपसी मतभेद भूलकर एक साथ बैठकर कार्यक्रम का आनंद लेते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम हमें आपसी भाईचारा के साथ रहने सिखाता है। मौके पर मां भवानी अखाड़ा सरस्वती पूजा महोत्सव के अध्यक्ष रोबिन कश्यप, उपाध्यक्ष लक्की मधेशिया, सचिव राज कश्यप, क्रिश सिंह, मोनू केषरी, नैतिक कश्यप, अर्पित साहू, अमन कश्यप, हर्ष गुप्ता, अंश गुप्ता, शिवम केषरी, मन्नत कुमार, लक्की कुमार, कुणाल गुप्ता, तरूण कश्यप, मोहित कश्यप, राहुल कश्यप, मोनू कश्यप, पिंटू मालाकार, पीयूष गुप्ता, शिवम सोनी, हरि ओम कश्यप, अजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

### पशु चिकित्सालय का उद्घाटन



मझिआंव। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल पत्रलेख द्वारा प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय को मॉडल अस्पताल के रूप में ऑनलाइन उद्घाटन के बाद मझिआंव के प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह, जिला पशु चिकित्सा पदाधिकारी सनत कुमार पंडित एवं प्रभारी चिकित्सक केके सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर जिला पशु चिकित्सा पदाधिकारी सनत कुमार पंडित ने बताया कि मंत्री बादल पत्रलेख के द्वारा पूरे झारखंड में एक सौ प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय को मॉडल चिकित्सालय के रूप में परिणित किया गया। जिसमें गढ़वा जिला में चार पशु चिकित्सालय में मझिआंव (चंद्री) पशु चिकित्सालय को मॉडल अस्पताल के रूप में दर्जा दिया गया है। जिला पशु चिकित्सा पदाधिकारी सनत कुमार पंडित कहा कि मॉडल अस्पताल हो जाने के बाद डीप फ्रीजर, आईएलआर एवं दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि इस पशु चिकित्सालय में बाउंड्री वाल,चापाकल एवं बिजली की समस्या के अलावे अस्पताल के सामने जर्जर अवस्था में पड़े पुरानी अस्पताल भवन को तोड़कर हटाने की नितांत आवश्यकता है। जिसके लिए उन्होंने प्रभारी चिकित्सक के के सिंह को पत्राचार करने का निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह से भी इस कार्य में सहयोग करने की बात कही गई। मौके पर कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता अरविंद कुमार श्रीवास्तव, साहिल कुमार सिंह, पटेल कुश कुमार, जसवंत दुबे, कपिल शर्मा, खीरू सिंह एवं अविनाश दुबे उपस्थित थे।

### विधायक ने की प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक



**कांडी।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में मझिआंव-विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र चन्द्रवंशी ने प्रखण्ड के सभी कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में कई ग्रामीणों ने प्रखण्ड कार्यालय में रिश्वतखोरी पर आवाज उठाई। लोगों ने कहा कि प्रखण्ड कार्यालय में रिश्वत के बिना कोई कार्य नहीं होता। वहीं कई लोगों ने प्रखंड नाजीर आकिब अंसारी को हटाने की मांग की। विधायक ने संज्ञान लेते हुए उसे तत्काल हटाने का निर्देश दिया। वहीं गाड़ा खुर्द के ग्रामीणों ने पंचायत सेवक संजीव ठाकुर पर भी रिश्वत लेकर काम करने का आरोप लगाया। समीक्षा बैठक में प्रधान लिपिक उपेंद्र कुमार अनुपस्थित थे। विधायक द्वारा अनुपस्थित रहने का क्या वजह है पर बीडीओ ने अवकाश में होने की बात कही। सोहगाड़ा व कुरकुटा गांव के मतदाताओं का मतदाता सूची में गड़बड़ी का मामला सामने आया। जल्द सुधार करने की बात की गई। विधायक ने संबंधित पदाधिकारी को 15 दिनों के भीतर मतदाता सूची में गड़बड़ी को ठीक करने का आदेश दिया। वहीं जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने गरीबों से मोटेशन के नाम पर छह हजार रुपए तक रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगाया। जबकि बलियारी गांव निवासी प्रदीप दुबे ने गाय शेड का भुगतान नहीं होने का आरोप लगाया। वहीं शशिरंजन दुबे ने कहा कि पतीला पंचायत भवन की जमीन की मापी नहीं कि जा रही है। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जमीन पर कब्जा कर लिया गया है, जिसे मुक्त करने की मांग की गई। विधायक ने सुंडीपुर गांव निवासी लालू साव को विधायक मद का 20 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। घटहुआँ कला पंचायत में राशन की समस्या सामने आई। अंचलाधिकारी सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार दास ने बताया कि उक्त पँचायत में ग्रीन कार्ड से सम्बंधित मामला है, उक्त योजना में राज्य सरकार द्वारा आवंटन लंबित है। बैठक में विधायक ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी को निर्देश दिया कि जिला में प्रखंड का जो भी काम लंबित है, मुझे जानकारी दें।

## संविधान दिवस पर चयनित सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर के बच्चों को व्यवहार न्यायालय कोडरमा द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि संविधान दिवस सप्ताह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में जिला स्तर पर चयनित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर के तीन सर्वश्रेठ विद्यार्थियों को जिला व्यवहार न्यालय में जिला एवं सत्र न्यायधीश के द्वरा सम्मानित किया गया। वहीं 11वीं कक्षा से रिया कुमारी भाषण में, 12वीं कक्षा से स्वाति पांडेय, निबंध लेखन में एवं 10वीं कक्षा से मंटु विश्कर्मा स्लोगन में स्थान प्राप्त किये। इसके अलावे गणतंत्र दिवस के अवसर पर भी मुख्य समारोह बागीटांड में भी दो छात्राओं रिया कुमारी भाषण में आरती कुमारी संगीत में शानदार प्रस्तुति कर प्रथम स्थान प्राप्त किये। वहीं जिला स्तर पर छात्र छात्राओं को सम्मनित होने से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। वहीं उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर प्राचार्य न्यूटन कुमार, शिक्षक अनिल कुमार, ज्योति कुमारी, राजेश राम, बसंत कुमार यादव, विजय कुमार यादव, अंजू भारती, रवि कुमार आदि लोगों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बिना शिक्षा के देश का विकास संभव नहीं: बिरजू तिवारी



**चतरा।** शहर के अंसार नगर स्थित यूएस पब्लिक स्कूल के द्वितीय वर्षगांठ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। विद्यालय में आगमन पर जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी का बच्चों और निदेशक के द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। ततपश्चात बिरजू तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किए। इस स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इसके उपरांत जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिना शिक्षा के देश का विकास संभव नहीं है। शिक्षा से ही मनुष्य का चारित्रिक विकास होता है। जिससे देश की उन्नति होती है।शिक्षा सिर्फ नौकरी व पैसा कमाने का माध्यम नहीं है बल्कि सुदृष्टि समाज का निर्माण भी करता है। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष ने दसवीं कक्षा में अच्छे मार्क्स से पास होने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया।

### ईवीएम वेयर हाउस को खोला गया



**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में समाहरणालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस को खोला गया। इस दौरान हैदराबाद से आये बैलेट यूनिट व कंट्रोल यूनिट को रखते हुए ईवीएम वेयर हाउस को सील करते हुए बंद किया गया। मौके पर एसी अनिल तिर्की, उप निर्वाचन पदाधिकारी जयपाल सोय, प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस राजू सिंह, सीपीएम जिला सचिव रामेश प्रजापति, नगर अध्यक्ष नरेंद्र पाल, भाजपा व विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधी मौजूद थे।

### नि:शुल्क जांच शिविर

**मरकच्चो।** उत्तरी पंचायत के पुनर्वास अरकोशा में शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय अरकोशा के प्रांगण में स्व. काली मोदी के 10वें पुण्य तिथि पर नि:शुल्क जांच शिविर लगाया गया एवं अध्ययरत छात्र-छात्राओं के बीच कलम, कॉपी, रबर एवं पेंसिल आदि का वितरण किया। पूर्व सरपंच गोविंद शरण मोदी एवं उनके पौत्र डॉ. मनोज कुमार के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम आयोजित कर महिला व पुरुषों का जांच कर मुफ्त दवाइयों का वितरण किया गया।

## आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण के स्थल व मेठ चयन को लेकर ग्रामसभा

खबर मन्त्र संवाददाता



भवनाथपुर। प्रखण्ड क्षेत्र के बुका गांव के पनियाही टोला में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र भवन के निर्माण को लेकर स्थल एवं मेठ चयन को लेकर मुखिया बेबी देवी के अध्यक्षता में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो के उपस्थिति में प्राथमिक विद्यालय पनियाही में ग्रामसभा आयोजन किया गया।

ग्रामसभा मे उमापति राउत जमीन दिए है उसी स्थान पर सर्वसम्मति से आंगनबाड़ी भवन निर्माण को लेकर निर्णय लिया गया। वहीं मेठ बनाने को लेकर जमीन दाता की पत्नी देवकुमारी देवी को मेठ के रूप चयनित किया गया। जबकि मुखिया ने उक्त जगह को नाहर के जमीन होने के वजह से आंगनबाड़ी भवन को उक्त जगह पर निर्माण कराने से इनकार कर दिय॥ मुखिया बेबी देवी ने बतायी कि उक्त जगह नहर का है इसलिए भविष्य में परेशानी हो सकती है। इस बात को लेकर बीडीओ एवं मुखिया के बीच बहस भी हुई। लेकिन मुखिया बेबी देवी मानने को तैयार नहीं हुई।

मौके पर बीपीओ दयानंद प्रजापति, पर्यवेक्षक भुनेश्वर सिंह, पंचायत सेवक अजित सिंह, रोजगार सेवक धर्मराज सिंह, उप मुखिया समलेश राउत, ग्रामीण उमापति राउत, देवमानी कुंवर, पुष्पा देवी, समित्री देवी, सोनिया देवी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। इस संबंध में बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि जहां ग्रामीणों द्वारा ग्रामसभा में स्थल चयन किया है वहीं आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया जाएगा। इस संबंध में मुखिया बेबी देवी ने बताया कि उक्त स्थल को हम अपने स्तर से जांच करेंगे। अगर नहर की जमीन हुआ तो मैं किसी भी कीमत पर एक पैसे का भुकतान नहीं करूंगी और नहर की जमीन नहीं होगा तो भुगतान करूंगी।

## सिमरिया में झोला छाप डॉक्टर कर रोज कर रहा है दर्जनों ऑपरेशन



सिमरिया। प्रखंड क्षेत्र के बगरा मुख्य चौक के समीप एक झोला छाप डॉक्टर द्वारा नर्सिंग होम खोल प्रतिदिन दर्जनों महिला-पुरुष मरीजों को ऑपरेशन कर रहें हैं। विधिवत प्राइवेट निजी मकान के ऊपर बहुत बड़ा पारस हॉस्पिटल लिखा हुआ है साथ में बोर्ड में अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर 203470015 लिखा हुआ है। जबकि उक्त डॉक्टर बिहार के रहने वाले हैं उनकी यूनानी व आयुर्वेद का सर्टिफिकेट मौजूद है। अवैध रूप से हॉस्पिटल चलाने को लेकर उपायुक्त व सीएस के निदेर्शानुसार रेफरल अस्पताल के डॉक्टर अंकुर और उनके टीम ने सिमरिया थाना के एसआई रामदेव वर्मा के सहयोग से उक्त नर्सिंग होम की गुणवत्ता व ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर के सर्टिफिकेट जांच की गयी। जहां उनकी डिग्री महज यूनानी व आयुर्वेद का है । जांच के क्रम में बेधड़क होकर बहुत बड़ा हॉस्पिटल खोल महिला फैमिली प्लानिंग से लेकर बच्चेदानी तथा बवासीर व अन्य ऑपरेशन किया गया मरीज बेड पर देखा गया। जहां चिकित्सक गायब मिले। और तो और अप्रशिक्षित कंपाउंडर व नर्स के द्वारा मरीजों को देखभाल किया जाता है ।जिनको अपनी पढ़ाई के बारे में भी कोई जानकारी नहीं है। आखिर किस तरह मरीजों के जिंदगी के साथ किया जाता है खिलवाड़। ऐसी नर्सिंग होमों पर कब होगी कार्रवाई। क्या ऐसे हीं झोला छाप डॉक्टरों द्वारा भोली भाली मरीजों को ऑपरेशन कर किया जाएगा उनकी जिंदगी से खिलवाड़।

## एक नजर में

### भव्य तरीके से मनेगा इटखोरी महोत्सव: डीसी



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शनिवार को उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में चतरा जिले में 19,20,21 फरवरी को होने वाले राजकीय इटखोरी महोत्सव को सफल बनाने हेतु बैठक की गई। बैठक में 2019 एवं 2020 मनाए गए राजकीय इटखोरी महोत्सव के रूप रेखा की जिनकारी उपायुक्त ने उपस्थित मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य एवं पदाधिकारियों से लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने बैठक में महोत्सव को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को पूरी तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि रंग रोगन ,मर्रमत्ती कार्य, जंगल झाड़ी साफ सफाई, पेय जल हेतु खराब परे चापानल का मर्रम्मती कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं संस्कृति कार्यक्रम के लिए कलाकारों का चयन करने को लेकर भी अनुमति दी गई। कहा कि 2023 का राजकीय इटखोरी महोत्सव भव्य तरीके से मनाने का कार्य किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधिक्षक राकेश रंजन,उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, सिविल सर्जन चतरा श्यामनंदन सिंह, पंचायती राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी,योजना पदाधिकारी अनूप कुमार समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं मंदिर प्रबंधन के सदस्य उपस्थित थे।

### कुंदा में एक की गोली मारकर हत्या

कुंदा (चतरा)। थाना क्षेत्र गेंदरा गांव के घाटमरवा फूल के पास एक शुक्रवार को मध्य रात्रि को पलामू के टुन्नूदाग निवासी कलाम आजाद को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर किया हत्या। मृतक व्यक्ति पलामू के टूनु दाग गांव के रहने वाला है। उक्त जानकारी मृतक की पत्नी नजरुन बीबी ने बताया कि हमारे पति मेरे पास शाम 5:00 बजे मेरे निवास स्थान कुंदा प्रखंड के नावाडीह गांव में आ रहे थे। हमारी द्वारा मना करने के बाद भी शाम 5:00 बजे घर से निकल गए ।जोकि लास्ट उनसे बातचीत 7:00 बजे हुई थी ।।उसके बाद मेरे पति का फोन नेटवर्क कवरेज क्षेत्र से बाहर आने लगा। तत्पश्चात उनके इंतजार करती रही सुबह होते ही पता चलता है। कि मेरे पति की हत्या हो गई है। मैं अपने निवास स्थान से सुबह घटनास्थल पर गया तो देखा कि पुल के पास गेंदा गांव के समीप आरोपियों द्वारा मार कर फेंक दिया गया है। मेरे पति टुनूदाग में ही सिलाई मशीन चला कर अपना जीवन यापन किया करते थे। एक सामाजिक लोगों के साथ उठना बैठना रहता था। उन्हें किसी भी मामला में बुलाकर पंचायतों में रखी गई थी इस मामले को लेकर एक ही गांव के ही व्यक्ति से लड़ाई झगड़ा कर दी और उन्होंने उसी दिन जान से मारने का धमकी दिया था ।इधर सरस्वती पूजा को लेकर भी गांव के लोगों साथ मारपीट झगड़ा झंझट हो गई थी ।उन्होंने भी जान से मारने की धमकी दिया था। इस मामले को लेकर मृतक की पत्नी नजरुन बीबी 7 लोगों पर कुंदा थाना में मामला दर्ज किया। जिसका नाम अयूब मियां ,नौशाद मियां ,दिलशाद मियां, इलान मियां, मोकिल भुईयां ,चानू भुइयां, शमशाद मियां, सभी पलामू जिला दोनों दाग स्थानीय निवासी हैं षड्यंत्र रच कर मेरे पति के साथ घटना का अंजाम दीया लिखित आवेदन देकर मामला दर करवाया है कुन्दा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर चतरा भेज दिया गया। कुंडा थाना प्रभारी ने बताया कि यह घटना तकरीबन मध्यरात्रि की है जिसे गोली मारकर हत्या कर दी गई मृतक की पत्नी के द्वारा लिखित आवेदन दी गई है इस मामले को छानबीन किया जा रहा है।

### संतगुरु रविदास जयंती मनाने को लेकर बैठक

**टंडवा(चतरा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के सराढु में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचायत स्तरीय सन्तगुरु रविदास जयंती धूम धाम से मनाने को लेकर रविदास समाज की बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता तेतर राम व सन्चालन कुलदीप कुमार दास ने किया। बैठक में आगामी 5 फरवरी को जयंती समारोह को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। ततपश्चात समिति का पुनर्गठन हुवा, इस दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष तेतर राम, सचिव राजेन्द्र राम, कोषाध्यक्ष जगरनाथ राम, उपाध्यक्ष पप्पू कुमार, उपसचिव राहुल कुमार, संचालक कुलदीप कुमार दास, समेत अन्य को पदाधिकारी व सदस्यगण में चयनित किया गया।मौके पर राजेश राम,अरविंद राम,नरेश राम, अनुज राम,विकाश राम,संतोष राम,नकुल राम,अमित राम,अनिल राम, बिरेंदर राम,रामचंद्र राम समेत दर्जनों लोग शामिल थें। नवयुक्त पदधिकातियों ने बताया कि जयंती के दिन में सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी ततपश्चात जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### सम्मानित किए गए भाजपा कार्यकर्ता



**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह मंडल अध्यक्ष दयानिधि सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। समारोह में विधायक किशुन कुमार दास और जिला अध्यक्ष अशोक सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। समारोह में सिमरिया, बगरा और लावालौंग मंडल के कार्यकताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक ने कार्यकताओं को संगठन का प्रमुख सिपाही बताया जिनके बदौलत भाजपा वटवृक्ष की तरह अडिग और अटल है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एक परिवार की तरह हैं और नीति सिद्धांतों से बंधे हैं। उन्हीं की बदौलत भाजपा के नीति सिद्धांत और कार्यक्रम जन जन तक पहुंच रहा है। समारोह में जिला अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष सहित वरिष्ठ वक्ताओं ने भाजपा के कार्यकताओं की कार्यशैली को सराहा और उन्हें सशक्त बने रहने की सलाह दी। समारोह में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेई के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया और श्रद्धा पूर्वक नमन किया गया। समारोह में कार्यकताओं ने चूड़ा दही, तिलकुट और खिचड़ी का लुफ्त उठाया। समारोह में पूर्व जिला अध्यक्ष नवीन शाह, नरेश सिंह, रामविलास सिंह, उपेंद्र सिंह अक्षयवट सिंह, महेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, रविंद्र सिंह, लखन साहू, परमेश्वर यादव,दामोदर गोप,तुलसी प्रसाद साहू,सेवा साव, सुखदेव पासवान, रामअवतार साव,संजय साव साहित सिमरिया, बगरा और लावालौंग के भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ख्वाजा गरीब नवाज की छटी आज

कोडरमा। अजमेर के सूफी संत हजरत ख्वाजा गरीब नवाज मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलैह 811वां उर्स रविवार को इस बार अजमेर शरीफ में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसको लेकर जयनगर प्रखंड के सभी मुस्लिम बहुल इलाकों में तैयारी पूरी कर ली गई है। इलाके के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बताया कि इस मौके पर विभिन्न मोहल्लों, मस्जिदों में महफिले मिलाद का आयोजन कर ख्वाजा गरीब नवाज की बारगाह में खिराजे अकीदत पेश किया जाएगा।

स्पीड न्यूज

## डपोक में दुगोला कार्यक्रम का आयोजन



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के पांडेय टोला में बाल क्लब के सौजन्य से दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया इंदिरा देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन दास ने द्वीप प्रज्वलित कर एवं फीता काट कर शुरूआत किया। इस दुगोला कार्यक्रम में बिहार छपरा के संदीप लाल सागर एवं बैसाली के छोटू लाल यादव ने रात भर धार्मिक संगीत, प्रवचन सुनाकर पूरे डपोक के लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोगो को संबोधित करते हुए कहा पूर्व जिप प्रतिनिधि मो0 कयूम ने कहा कि सरस्वती पूजा माता सरस्वती से विद्या प्राप्त करने के लिए किया जाता है। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य उमेश कुमार यादव, बाल क्लब के अध्यक्ष विकाश पांडेय, संजय पांडेय, दिलीप कुमार, कुलदीप कुमार, सुरेन्द्र यादव, अर्जुन पासवान, शिव कुमार, पप्पू पांडे, रंजित पांडे, आकाश पांडेय, धनेश्वर पांडेय, रामेश्वर पांडेय, रामा पांडेय, संजय यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## हिन्दू मुस्लिम दोनो समुदाय के लोगों ने पेश की साम्प्रदायिक सौहार्द की मिशाल



**दारू।** प्रखंड के कबलासी पंचायत में सरस्वती पूजा के दौरान हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा भाईचारगी की अनूठी मिशाल पेश की गई। राजकीय प्राथमिक विद्यालय कबलासी में हर वर्ष सरस्वती पूजा दोनो समुदाय के लोगों के सहयोग से होती रही है पर इस वर्ष विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण देव ने पूजा के दिन बताया कि इस वर्ष सरस्वती पूजा मूर्ति स्थापित कर नही होगी। इसके बाद गांव की ही मोहम्मद मुखिया पति राजेश प्रसाद, अफजल अंसारी, अकबर अंसारी, गौरव मिश्रा, पप्पू साव, मनोज गिरी,चौधरी राणा, अजय गिरी, गणेश गिरी ने मिलकर तुरंत देवकुली से माता की प्रतिमा लाकर विधिवत रूप से पूजा कराई। इस दौरान दोनो समुदाय के लोगों ने मिलकर पूजा में सहयोग किया। गांव के लोगों ने बताया कि विद्यालय में हर वर्ष प्रतिमा रखकर पूजा होती है जिसमे दोनो समुदाय के लोग मिलकर हमेशा चंदा कर सहयोग करते रहे है। कबलासी के लोगों द्वारा इस तरह की हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल पेश करने की चर्चा पूरे प्रखंड में हो रही है और लोग इसकी सराहना कर रहे है।

## प्रशांत सिंह पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में बना विजेता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कोयलांचल स्वस्थ्य जिम की ओर से आयोजित पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में पटेलनगर निवासी समाजसेवी विनोद सिंह व प्रतिमा सिंह का पुत्र प्रशांत कुमार सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कोयलांचल का मान बढ़ाया है। बच्चे के अवार्ड से गद्गद विनोद सिंह ने बताया कि प्रशांत कुमार सिंह ने 145 किग्रा वजन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके लिए विजेता प्रशांत सिंह को प्रतियोगिता के आयोजक सह कोयलांचल स्वस्थ्य जिम के संचालक सत्यनारायण ठाकुर व अन्य अतिथियों ने सफल छात्र को ट्रॉफी, मेडल व प्रथम पुरस्कार का प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि बच्चे की कामयाबी से बड़ा पिता के लिए और कोई उपहार नहीं हो सकता। सिंह ने कहा कि प्रशांत की सफलता से पटेलनगरवासियों में हर्ष का माहौल है। इधर मुरली प्रजापति, देवा प्रजापति, एमके साहू, अवधेश पासवान, विजय अग्रवाल सहित दर्जनों लोगों ने प्रशांत को बधाई दिया।

# आपका दिया हुआ रक्त किसी की जान बचा सकता है : गिरिधर पाठक

## यंग इंडियंस व एनएसएस शाखा ने जेएम कॉलेज में लगाया रक्तदान शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते अतिथि प्रो.गिरिधर पाठक व शिक्षकगण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कलेज की एनएसएस शाखा और यंग इंडियंस रांची चैप्टर के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। जेएम कलेज में आयोजित इस शिविर में महाविद्यालय के 48 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने रक्तदान किया। इससे पूर्व शिविर का उद्घाटन कलेज के प्रो. ड गिरिधर पाठक ने फीता काटकर किया। मौके पर ड गिरिधर पाठक ने का कि खून किसी लेबोरेटरी में नहीं बनता है। आज देश में दुर्घटनाओं और बीमारियों में खून की कमी के कारण मरने वालों की संख्या चिंताजनक है जबकि एक स्वस्थ शरीर तीन माह में ही खून को फिर से बना लेता है। उन्होंने जीते जीते रक्तदान, जाते-जाते नेत्रदान करने की अपील की। एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी ड शीला सिंह ने कहा कि रक्तदान करने से अनेक तरह की बीमारियों को शरीर खुद ही ठीक करता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। यंग इंडियंस के चेयर पर्सन हर्ष पसारी ने कहा कि हमें समाज के भीतर रक्तदान के डर को खत्म करना है और समय-समय पर रक्तदान को अपनी आदत बनाना है। कार्यक्रम में ब्लड संग्रहित करने के लिए सदर अस्पताल रांची की विशेषज्ञों की टीम आई हुई थी। कार्यक्रम में 48 यूनिट ब्लड संग्रहित हुआ। डोनेशन करने वाले सभी लोगों को संस्था ने सर्टिफिकेट प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल मारू, निखिल अग्रवाल, हर्ष राजगढ़िया, अमन बंसल, राहुल मजूमदार, सिद्धार्थ जैन राठी, दीपक गोयंका, एनएसएस के राहुल प्रसाद, आकाश लोहरा, अंजली सिंह, प्रीती कुमारी, सीमा कुमारी, सिराज, अर्जुन, दीपेश, सुमित बोस, सोनाली सिंह, आरती केसरी, शेरा, धनंजय कुमार, विवेक केशरी, अंकित कुमार, शत्रुघन गिरी, शोभा, अंजली, आरती, पारुल, आस्था रानी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मांगों पर पहल नहीं हुई तो रैयत विस्थापित मोर्चा करेगा नाकाबंदी



बैठक में उपस्थित मोर्चा के लोग

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक शनिवार को बलकुदरा मदनाटांड में हुई। इसकी अध्यक्षता सनी बेसरा व संचालन बिरेंद्र मांझी ने किया। कहा गया कि पूर्व में मोर्चा द्वारा प्रबंधन को मांग-पत्र सौंपा गया था। जिसपर प्रबंधन द्वारा पहल नहीं करने से ग्रामीणों में आक्रोश है। कहा गया कि लोकल सेल में भुरकुंडा परियोजना से जो विस्थापित हुए उसे पहले प्राथमिकता दी जाए। साथ ही विस्थापित गांवो में मूलभुत सुविधा प्रदान की जाए। प्रबंधन मोर्चा की मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं करेगी तो रैयत विस्थापित मोर्चा नाकाबंदी आंदोलन को बाध्य होगी। मौके पर सुनील मुर्मू, धनीराम टूडू, मनोज मांझी, अनिल मुर्मू, बिहारी मांझी, पिंटू मुर्मू, राजेश मुर्मू, बसंती हेंब्रोम, मनोज हेंब्रोम, रमेश मुर्मू, अनिल हेंब्रोम, महेश हेंब्रोम, बसंती सोरेन, दशरथ मांझी, मालती देवी, सरिता देवी, सावित्री, सुकरमणि देवी, मीना मरांडी, रानी टूडू, फुलमनी टूडू, मुनीश देवी, सुवंती मरांडी, आरती देवी, मंजी देवी, बसंती सोरेन, कांदनी देवी, बिरसा मुर्मू, लालदेव मांझी, दिनेश मुर्मू, उमेश मुर्मू, रंजीत मांझी, मनीष मुर्मू, रमेश हांसदा सहित मोर्चा के दर्जनों लोग मौजूद थें।

## झरपो शिशु विकास विद्यालय में मना 25 वां वार्षिकोत्सव

**संदीप पांडेय**





**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो में संचालित शिशु विकास विद्यालय में शनिवार को गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के अवसर पर विद्यालय का 25वां वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया जिसकी शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर प्रमुख सह जिला प्रमुख अध्यक्ष संतोष मंडल, जिप सदस्य रामप्रसाद,सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक, कैलाश पति सिंह, महेश अग्रवाल, रामप्रसाद कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पाण्डेय, प्रवील प्रसाद,दशरथ नारायण सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, बालेश्वर महतो एवं व्यवस्थापक ज्योतिष पंडा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरकट्ठा विधायक अमित यादव उपस्थित हुए। विधायक ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम होने से बच्चों का मानसिक विकास होता है। बेहतर शिक्षा बच्चों को मिले इसके लिए अभिभावक ध्यान दें। टाटीझरिया प्रमुख सह जिला संग अध्यक्ष संतोष मंडल ने कहा कि कम संसाधनों में अभी भी ग्रामिण क्षेत्रों में शिक्षा मिल रहा है इसके लिए विद्यालय प्रबंधन बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में दयाल प्रसाद, सुबोध पंडा,अजय पांडेय, राहुल कुमार, सुरेंद्र राणा, रघुनंदन प्रसाद,गौरी प्रसाद,संतोष कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्यानंद पांडेय, शिक्षक सुरेश मिश्रा,प्रमोद पांडेय,शिक्षिका गीता रानी, मुस्कान कुमारी,आरती देवी,कुलसुम समेत अन्य थे।

## संविधान की रक्षा सर्वोपरि : जीएम

### सौंदा पब्लिक स्कूल में मना 74वां गणतंत्र दिवस, शान से लहराया तिरंगा, धूमधाम से मनी सरस्वती पूजा, बच्चों के सांस्कृति कार्यक्रम ने मोहा मन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा के अवसर पर मौजूद विद्यालय परिवार

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा पब्लिक स्कूल सौंदा बस्ती में गणतंत्र दिवस पर आन-बान व शान से तिरंगा झंडा फहराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य सह सचिव अमित कुमार ने झंडोतोलन कर की। इसके बाद राष्ट्रगाण के साथ झंडे को सलामी दी गई। साथ ही संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया। वहीं स्कूल में आयोजित सरस्वती पूजा का शुभारंभ मुख्य अतिथि बरका-सयाल के जीएम अजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर व पूजा-अर्चना कर की। मौके पर जीएम अजय सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। जीएम श्री सिंह गणतंत्र दिवस के महव को बताते हुए कहा कि संविधान की रक्षा करना हमसबों का दायित्व है। वहीं अमित कुमार ने कहा कि बसंत पचंमी माता सरस्वती को समर्पित है। इस दिन माता सरस्वती के पूजन का विशेष महत्व है। माता सरस्वती की पूजन से विद्या अर्जन कर अपने ज्ञान को लोक कल्याण और अशिक्षा को दूर करने में लगाएं। उन्होंने कहा कि जीवन मे निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए ज्ञान, विद्या, संगीत की देवी माता सरस्वती के समक्ष आशीर्वाद लेकर अपना कार्य आरंभकरना चाहिए। विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती पूजा की प्रतिमा स्थापित कर पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। मौके पर छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय पांडेय, नित्यानंद प्रसाद, नीरज सिन्हा, सुमन देवी, अर्पणा, नेहा सिन्हा, संजय कुमार, प्राची, शालू, डॉली, जस्सी, चंचला आदि का विशेष योगदान रहा।

## देश के विकास में अहम भूमिका निभा रहा कंपनी : आरके अजमेरिया



गणतंत्र दिवस के मौके पर प्लांट हेड के साथ मौजूद लोग

**बासल (रामगढ़)।** जिंदल स्टील एंड पावर के पतरातू संयंत्र में गुरूवार को गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि पतरातू संयंत्र के प्लांट प्रमुख आरके अजमेरिया ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद सभी ने एक स्वर में राष्ट्र गान गाया। मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली। कार्यक्रम का आयोजन ओपी जिंदल स्कूल परिसर में हुई। ध्वजारोहण के उपरांत प्लांट प्रमुख ने कंपनी के चेयरमैन नवीन जिंदल का सन्देश पढ़कर सुनाया। अपने सन्देश में कंपनी के चेयरमैन नवीन जिंदल ने सभी को 74वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर संविधान निर्माताओं और राष्ट्र की तरक्की में योगदान करने वाले सभी महान व्यक्तियों को नमन किया और कहा की राष्ट्र निर्माण में अपना हरसंभव योगदान देने के लिए जेएसपी समूह प्रतिबद्धता के साथ समर्पित है। आज जिंदल स्टील एंड पॉवर, नए मिशन, विजन और वैल्यूज के साथ नई बुलंदियों तक पहुंचने की तैयारी में है। प्लांट हेड ने कहा की हमें गर्व है की जेएसपीएल के चेयरमैन नवीन जिंदल के कुशल नेतृत्व में जिंदल इस देश के विकास में अपनी महती भूमिका पूरी जिमेवारी से निभा रही है। यह जिंदल कर्मियों के मेहनत और लगन से संभव हुआ है। इस दौरान ओपी जिंदल स्कूल और ओपी जिंदल कम्युनिटी कलेज के बच्चों ने सांसतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

## संविधान की रक्षा हमसबों का दायित्व : प्रेम प्रकाश



झंडोतोलन के बाद झंडे को सलामी देते अतिथि क व अन्य

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएन पतरातू में 74वां गणतंत्र दिवस देशभक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि प्रेम प्रकाश, ईडी और सीईओ (पीवीयूएन) ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद झंडे को सलामी दी गई। मौके पर प्रेम प्रकाश ने एनटीपीसी के गौरवशाली इतिहास और देश के विकास में इसके योगदान पर प्रकाश डालते गणतंत्र दिवस के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा करना हमसबों का दायित्व है। उन्होंने पीवीयूएन, पतरातू और बनहरडीह कोयला खनन की सफलता की कहानी पर जोर देते हुए हमारे पड़ोस के विकास के लिए किए गए आईसीडी, आरएंडआर और सीडी योगदान के बारे में बताया। जिसमें पतरातू और लातेहार में स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, खेल और समग्र विकास, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और ढांचागत विकास के क्षेत्रों में विभिन्न विकास शामिल हैं। मौके पर महाप्रबंधक एसके पांडा, नीरज कुमार रय, एचओएचआर, बी दास महाप्रबंधक, संपत कुमार रामू महाप्रबंधक, देवदीप बोस, महाप्रबंधक, अंजनी प्रकाश श्रीवास्तव, जीएम , नागेंद्र कुमार मिश्रा, सीएफओ, संजय कुमार, एजीएम व अन्य मौजूद थें।

## बसंत पचंमी में माता सरस्वती के पूजन का विशेष महत्व है : नरेंद्र प्रसाद

### एसवीएम पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस पर शान से लहराया तिरंगा, भक्तिभाव से हुई सरस्वती पूजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



झंडे को सलामी देते एएसआई नरेंद्र प्रसाद व स्कूल प्रबंधन

**भदानीनगर (रामगढ़)।** सुंदरनगर भुरकुंडा स्थित एसवीएम पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस पर आन-बान व शान से तिरंगा झंडा फहराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बासल थाना के एएसआई नरेंद्र प्रसाद ने ने झंडोतोलन कर की। इसके बाद राष्ट्रगाण के साथ झंडे को सलामी दी गई। साथ ही संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया। वहीं स्कूल में आयोजित सरस्वती पूजा का शुभारंभ भी मुख्य अतिथि एएसआई नरेंद्र प्रसाद व एएसआई विनोद कुमार ने फीता काटकर व पूजा-अर्चना कर की। मौके पर नरेंद्र प्रसाद ने मां सरस्वती के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। साथ ही गणतंत्र दिवस के महव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान की रक्षा करना हमसबों का दायित्व है। एएसआई श्री प्रसाद ने कहा कि बसंत पचंमी माता सरस्वती को समर्पित है। इस दिन माता सरस्वती के पूजन का विशेष महत्व है। माता सरस्वती की पूजन से विद्या अर्जन कर अपने ज्ञान को लोक कल्याण और अशिक्षा को दूर करने में लगाएं। विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती पूजा की प्रतिमा स्थापित कर पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के अध्यक्ष शंभु शर्मा, सचिव इंदू शर्मा, प्रबंधक सह सलाहकार गुरेंद्र सिंह, अविनाश पांडेय, हेमंत वर्मा, अंजलि सिंह, नंदिनी वर्मा, मधुसागर, कलावती देवी, लिलावती देवी, कुसुम कुमारी, पलविंदर कौर सहित विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

एक नजर में

## स्वर्णरेखा महिला समिति ने गुरुकुल के छात्राओं को कंबल का किया वितरण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** स्वर्णरेखा महिला समिति पीवीयूएन के कंबल वितरण अभियान को जारी रखते हुए समाज के जरूरतमंद और वंचित लोगों की मदद कर रही है। इस पहल के तहत स्वर्णरेखा महिला समिति ने शनिवार को कल्याण गुरुकुल पतरातू की छात्राओं के बीच 40 कंबल और भोजन के पैकेट वितरित किए। सरिता झा, महासचिव (स्वर्णरेखा महिला समिति), रजनी दयाल, संयुक्त सचिव (बाल भवन) और अन्य सदस्य वितरण के लिए आगे आए। कंबल वितरण अभियान वंचितों को सर्दी से बचाने के लिए प्रतिवर्ष किया जाने वाला एक सतत अभ्यास है। यह प्यार और देखभाल की गर्मजोशी के साथ जरूरतमंद लोगों को राहत देने के लिए पीवीयूएन लिमिटेड द्वारा की जाने वाली गतिविधियों की निरंतरता में है।

## 74वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया

**केरेडारी।** एनटीपीसी केरेडारी एवं चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना में 74वां गणतंत्र दिवस बडे. ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना प्रमुख श्री बिश्व मोहन सिंह नें कायार्पालकों व कर्मचारियों तथा संविदा कमीर्यों की उपस्थिति में तिरंगा ध्वजा रोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री सिंह नें अपने सम्बोधन में भारतीय इतिहास की पराकाष्ठा का यशोगान करते हुए, उन्होनें भारतीय संविधान लागु होने की प्रक्रिया व संविधान के महत्व बता कर सभी कार्यपालकों व कर्मचारियों को जागरूक किया। श्री सिंह बताते है कि संविधान के सृजन से ही देश की आजादी का मूल लक्ष्य हमने हासिल किया है। इस वर्ष 74वां गणतंत्र दिवस आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में प्रगतिशील आजाद भारत के 75 साल के गौरवशाली इतिहास और भारत के लोगों की विभिन्न संस्कृतियों और उपलब्धियों को मनाने एवं जी-20 में भारत की अध्यक्षता के अंतर्गत मनाया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में तिरंगा रूपी गुब्बारे भी आकाश में छोड़े गए। परियोजना प्रमुख ने सभी ग्रामीणों, स्थानीय प्रशासन, कर्मचारियों, पत्रकारों एवं विभागाध्यक्षों को बधाई एवं धन्यवाद दिया। संबोधन में परियोजना प्रमुख ने केरेडारी एवं चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजनाओं की उपलब्धियां व भविष्य में आने वाली गतिविधियों के लिए कर्मचारियों का उत्साह वर्धन किया। एनटीपीसी की सुरक्षा में लगे एस.आई.एस.एफ के जवानों को इस अवसर पर शुभकामनाएँ भी दीं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर संविदा कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस गणतंत्र दिवस समारोह में केरेडारी एवं चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के अपर-महाप्रबंधक, उपमहाप्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### दम घुटने से...

इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा है। सामने स्थित डॉक्टर दंपती के बिल्डिंग से बचाओ-बचाओ की आवाज आ रही है। साथ ही वहां मौजूद लोग सीढ़ी के सहारे लोगों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं, पर उन्हें बचाया नहीं जा सका। मृतकों का शव धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच के पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है।

धनबाद के सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि इस घटना में मरने वाले इतने नहीं झुलसे थे कि उनकी मौत हो। मौत का कारण आग से उत्पन्न अत्यधिक धुंआ है। दम घुटने से सभी की मौत हुई है। घटना के समय ये सभी कमरे में लॉक हो गये थे, जिन्हें समय पर बाहर नहीं निकाला जा सका। धनबाद के उपायुक्त संदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम द्दष्टया यहां लगी आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। फिलहाल, मामले की गहनता से जांच की जा रही है। मौके पर पहुंचे धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह ने इस घटना पर दुःख प्रकट करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है।

**मंत्री ने डीसी से पूरी जानकारी मांगी:** अस्पताल में हुए अगलगी के घटना पर स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने दुख प्रकट किया है। उन्होंने डीसी धनबाद को निर्देश दिया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें घटना की पूरी रिपोर्ट दें। साथ ही घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। इस अग्निकांड में मृतक चिकित्सक दम्पति और अन्य लोगों के प्रति उन्होंने संवेदना प्रकट किया है।

**मुख्यमंत्री ने जताया दुख :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धनबाद के प्रसिद्ध डॉक्टर दंपति डॉ विकास और डॉ प्रेमा हाजरा सहित छह लोगों की मौत पर दुख जताया है। सीएम ने ट्विट करके कहा कि खबर से मन व्यथित है। उन्होंने कहा कि परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें।

### आम मरीजों को...

राज्य सरकार इसकी कार्य योजना तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों मैं गढ़वा जिला स्थित बूढ़ा पहाड़ गया था। एक समय ऐसा था जब बूढ़ा पहाड़ नक्सलियों के कब्जे में था। बूढ़ा पहाड़ के नजदीक ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इस पहाड़ में आने-जाने पर मनाही थी। वहां के लोगों को अब तक यह भी पता नहीं कि राज्य में रांची जैसा एक शहर भी है। इस बात से यह समझा जा सकता है कि वहां पर स्वास्थ्य सुविधाओं की क्या दशा रही होगी। हमारी सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए निरंतर चिंतन करती है।

**अजीम प्रेमजी शीघ्र हमलोगों से जुड़ेंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कई हिस्सों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले अजीम प्रेमजी भी बहुत जल्द हमारे साथ जुड़ने वाले हैं। राज्य सरकार अजीम प्रेमजी को 300 एकड़ जमीन उपलब्ध करायी है। वहां स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज की भी स्थापना होगी। अजीम प्रेमजी की संस्था राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य करेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा देने वाली अपोलो सहित कई ऐसे संस्थान हैं जिनकी सेवा झारखंड में लेने निमित्त राज्य सरकार कार्य योजना बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जल्द निजी अस्पतालों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को और ज्यादा मजबूत करने पर बल देगी।

**कई डॉक्टरों को सम्मानित किया :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री के कर कमलों से बेहतर कार्य करने वाले कई विशेषज्ञ डॉक्टरों को द्रोणाचार्य सम्मान तथा प्राइड ऑफ झारखंड अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञ डॉ अमित कुमार, डॉ घनश्याम सिंह, डॉ अशोक कुमार बैद्य, डॉ तापस कुमार साहू, डॉ प्रदीप कुमार भप्ताचार्य, डॉ आरके शर्मा, डॉ राश कुजूर एवं कई जाने-माने विशेषज्ञ डॉक्टर्स उपस्थित थे। सीएम ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के समय देश के संभ्रांत राज्यों की स्थिति जब बदतर थी, तब हमारे राज्य झारखंड ने एक बेहतर मैनेजमेंट का उदाहरण पेश किया। कोरोना संक्रमण काल में आप सभी डॉक्टर्स की भूमिका महत्वपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि यह दो दिवसीय यह सम्मेलन स्वास्थ्य क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। नेफ्रो क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञ डॉक्टरों के जो भी सुझाव राज्य सरकार को मिलेंगे। उन सुझावों पर राज्य सरकार अवश्य विचार करेगी। मुख्यमंत्री ने सभी डॉक्टर एवं आयोजनकर्ताओं को अपनी ओर से शुभकामनाएं और बधाई दीं।

स्पीड न्यूज

## ओडिशा : एचएसडीटीवी हाइपरसोनिक मिसाइल का हुआ सफल परिक्षण




**भुवनेश्वर।** भारत ने शुक्रवार को स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल का ओडिशा तट से परीक्षण किया। ये हाइपरसोनिक हथियार ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक तेजी से उड़ने में सक्षम है। इस तकनीक में एक स्क्रैमजेट इंजन (सुपरसोनिक-दहन रैमजेट) का उपयोग किया गया है, जो इसे हाइपरसोनिक गति प्रदान करता है। यह विशिष्ट तकनीक दुनिया में केवल तीन अन्य देशों अमेरिका, चीन और रूस के पास उपलब्ध है।

## भारत के सबसे बड़े डिप्लोमेट श्रीकृष्ण और हनुमान जी थेः जयशंकर

**पुणे।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने भारत की धरती पर चीन के सैनिकों के कब्जे से जुड़े सवाल पर बड़ा बयान दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि अगर किसी जमीन की बात करते हैं तो ये जमीन 1962 में चीन ने कब्जा किया था, विपक्ष आपको बताते नहीं हैं, वे ऐसे दिखाएंगे ये कल परसो हुआ है। पुणे में उन्होंने कहा, भारत के सबसे बड़े डिप्लोमेट श्रीकृष्ण और हनुमान थे। भगवान हनुमान तो मिशन से भी आगे बढ़ गए थे। मल्टी परपेज डिप्लोमेट थे। स्ट्रेजिक पेशेंस का बड़ा उदाहरण श्रीकृष्ण थे। महाभारत की कहानी रुल्स का उल्लंघन करने वालों की कहानी है।

## मेघालय : कांग्रेस ने जारी की उम्मीदवारों की अंतिम सूची

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने मेघालय विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को पांच उम्मीदवारों की आखिरी सूची भी जारी कर दी। कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक ने कहा कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने मेघालय विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों का चयन किया है। उम्मीदवारों में सीआर संगमा, टीके मारक और जे सियांगशाई शामिल हैं।

## आर्थिक संकट के बीच रूस दौरे पर जायेंगे बिलावल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इस समय भीषण आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। इस बीच पाक के विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि विदेश मंत्री बिलावल द्विपक्षीय संबंधों के सभी आयामों पर बातचीत करने के लिए रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर रूस जाएंगे।

## चश्मदीद का दावा : दोनों विमान हवा में टकराये

# क्रैश से पहले आग का गोला बन चुका था विमान, जांच जारी

**एजेंसी**

**मुरैना।** मुरैना जिले के जंगल में वायुसेना के दो फाइटर प्लेन मिराज और सुखोई दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इसमें एक पायलट की मौत हो गई। चश्मदीदों के मुताबिक सुबह करीब दस बजे यह हादसा हुआ। दोनों विमान हवा में ही टकराए। इससे एक में आग लग गई और वह क्रैश हो गया। वहीं, दूसरा आगे निकल गया।

**आग की लपटों से घिरा जा रहा था विमान :** मुरैना के पहाड़गढ़ इलाके में हुए हादसे के चश्मदीद मईद खान ने बताया कि आग लगते हुए ही प्लेन जा रहा था। एक आगे चला गया था। दोनों प्लेन टकराने से ही एक यहां गिरा। दूसरा प्लेन आगे जाकर गिरा। हमने देखा कि दो लोग पैराशूट से निकल आए थे। एक और चश्मदीद ब्रजेश कुमार ने भी दावा किया कि दोनों विमान टकराकर ही क्रैश हुए। एक यहां क्रैश हुआ। दूसरा आगे निकल गया। इसके बाद दिल्ली से वायुसेना ने हादसे में एक पायलट की मौत की पुष्टि कर दी। दोनों गंभीर घायल पायलटों को एयरलिफ्ट करने के लिए हेलीकॉप्टर मौके पर पहुंचा था।

**गफलत की स्थिति बनी**

घटना के बाद से ही पुलिस, प्रशासन और एयरफोर्स की टीम ने पूरे इलाके को कवर कर लिया। पहले यह चर्चा थी कि क्रैश होने वाले सुखोई 30 और मिराज 2000 दो लड़ाकू विमान हैं। बाद में बताया गया कि एक ही विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। दूसरा सुरक्षित उड़ता हुआ आगे निकल गया। हालांकि, बाद में पता चला कि एक विमान राजस्थान के भरतपुर जिले में जाकर क्रैश हुआ।

### सुखोई 30-मिराज क्रैश देश के लिए बड़ा नुकसान



मध्य प्रदेश के मुरैना में हुए भीषण हादसे में वायुसेना के दो फाइटर प्लेन सुखोई 30 और मिराज 2000 क्रैश हो गए हैं। दोनों विमानों ने ग्वालियर एयरबेस से उड़ान भरी थी और दोनों विमान अभ्यास उड़ान पर थे। एयरफोर्स ने हादसे की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। यह हादसा भारतीय वायुसेना के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है।

**मिराज-2000 :** फ्रांस की कंपनी दसॉल्ट द्वारा निर्मित मिराज 2000 फाइटर जेट भारतीय वायुसेना के टॉप फाइटर जेट में से एक है। यह विमान पहली बार साल 1985 में भारतीय वायुसेना का हिस्सा बना था। भारतीय वायुसेना के पास 50 मिराज 2000 फाइटर जेट हैं। कारगिल युद्ध, सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान मिराज विमानों ने अहम भूमिका निभाई थी। मिराज 2000 फाइटर प्लेन की कीमत करीब 167 करोड़ रुपए है।

**सुखोई 30 फाइटर जेट :** सुखोई-30 चौथी पीढ़ी का फाइटर जेट है, जिसके आधुनिक वर्जन सुखोई 30एमकेआई को रूस की कंपनी सुखोई और भारतीय कंपनी एचएएल ने मिलकर विकसित किया है। सुखोई 30 दुनिया के सबसे ज्यादा हथियारों से लैस फाइटर प्लेन में शुमार होता है और भारत में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइल समेत कई घातक मिसाइलों को लेकर उड़ान भर सकता है। यह विमान भारतीय वायुसेना की रीढ़ की हड्डी माना जाता है। सुखोई के एक विमान की कीमत करीब 62 मिलियन डॉलर है। सुखोई एक बार में अधिकतम 3000 किलोमीटर की दूरी तय कर सकता है।

### रक्षा मंत्री ने दिये जांच के आदेश

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने वायुसेना प्रमुख को इस बात की जांच करने को कहा है कि अभ्यास के दौरान वायुसेना के दो फाइटर प्लेन आखिरकार एक ट्रैक पर आए कैसे? मुरैना के कलेक्टर ने बताया कि उन्हें एयरफोर्स से पता चला है कि ग्वालियर से सुखोई और मिराज ने एक साथ उड़ान भरी थी। यह विमान मुरैना के पहाड़गढ़ इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुए। एक विमान तो जलकर पहाड़गढ़ इलाके में गिर गया। दूसरे का मलबा भरतपुर इलाके में भी पड़ा मिला।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की छात्रों से अपील

## नया सोचें और देश को नंबर वन बनाने में योगदान दें




**एजेंसी**

**हुबली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को छात्रों को देश के लिए काम करने के लिए प्रोत्साहित किया और भारत को दुनिया में नंबर एक बनाने के लिए केंद्र द्वारा प्रदान किए गए अवसरों का उपयोग करने की सलाह दी। अमित शाह ने कर्नाटक के हुबली में बीवीबी इंजीनियरिंग कॉलेज में 'अमृत महोत्सव' में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप देश के लिए अपना जीवन बलिदान नहीं कर सकते हैं, तो अपना जीवन अपने देश के लिए जिएं और इसे दुनिया का नंबर एक देश बनाएं। पीएम मोदी ने आपको ऐसा करने के सभी अवसर दिए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने भी छात्रों को पारंपरिक मानसिकता और ढांचे से बाहर निकलने की सलाह दी और उन्हें 'नया सोचने, बहादुर बनने और आगे बढ़ने' के लिए प्रोत्साहित किया।

**फोरेंसिक विज्ञान के जरिये दोष सिद्धि दर बढ़ाने पर जोर**

अमित शाह ने भारत में कानून व्यवस्था की स्थिति को ठीक करने के लिए देश में दोष सिद्धि दर बढ़ाने और फोरेंसिक विज्ञान आधारित जांच के साथ आपराधिक न्याय प्रणाली को एकीकृत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मैं देशवासियों को बता सकता हूं कि पांच साल में अगर पूरी दुनिया में किसी देश के पास सबसे ज्यादा संख्या में फोरेंसिक साइंस के विशेषज्ञ होंगे तो वह भारत में होगा।

क्योंकि भारत का राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय दुनिया का पहला ऐसा अनूठा विश्वविद्यालय है।

## त्रिपुरा : भाजपा ने 48 और कांग्रेस ने 17 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए दोनों प्रमुख गठबंधनों के चेहरे लगभग साफ हो गए हैं। राज्य की सभी 60 सीटों पर 16 जनवरी को चुनाव होना है। भाजपा ने 48 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। वहीं, लेफ्ट-कांग्रेस गठबंधन ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। सीएम माणिक साहा टाउन बादोर्वाली सीट से ही चुनाव मैदान में उतरेंगे। वहीं, केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक धनपत सीट से दावेदारी पेश करेंगी। दूसरी ओर लेफ्ट-कांग्रेस गठबंधन ने भी सभी 60 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। इस बार इन 60 सीटों में से 43 सीटों पर माकपा, 13 पर कांग्रेस, एक पर भाकपा, एक सीट पर आरएसपी और एक पर फॉरवर्ड ब्लॉक जबकि एक सीट पर एक उम्मीदवार के चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। हालांकि, कांग्रेस ने 13 सीटों की बजाय 17 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। त्रिपुरा में 60 विधानसभा सीटों पर 16 फरवरी को मतदान होने जा रहा है और यहां दो मार्च को नतीजे आएंगे।

**मुख्यमंत्री माणिक साहा भी लड़ेंगे चुनाव**

## बीटिंग द रिट्रीट : शास्त्रीय धुन बजाकर बैरक में वापस जायेंगी तीनों सेनाएं

**नयी दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह के अंतर्गत हर साल 29 जनवरी की शाम होनी वाली 'बीटिंग द रिट्रीट' सेरेमनी इस बार खास होगी। भारतीय सेनाओं के बैंड इस आयोजन को खास बनाने के लिए विजय चौक पर शास्त्रीय राग बजाएंगे और सेना की टुकड़ियां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से बैरकों में वापस जाने की इजाजत मांगेगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, राष्ट्रपति के अलावा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री भी मोजूद रहेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, सेना के तीनों अंग और राज्य पुलिस व सीएपीएफ के संगीत बैंड द्वारा 'बीटिंग द रिट्रीट' सेरेमनी पर 29 धुनों को बजाया जाएगा।

## भारत अटल है, अजर है, अमर है : मोदी

### राजस्थान में बोले पीएम, यह शक्ति हमारे समाज की शक्ति है

**एजेंसी**



**भीलवाड़ा।** गुर्जर समाज के ईष्ट भगवान देवनारायण के 1111वीं जयंती पर राजस्थान के भीलवाड़ा में भगवान देवनारायण की जन्मस्थली पर आयोजित समारोह में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मालासेरी डूंगरी मंदिर में पूजा-अर्चना की और सर्व समाज के कल्याण की कामना की। भीलवाड़ा में आयोजित एक जनसभा में मोदी ने कहा कि जब भगवान देवनारायण का बुलावा आया तो मैं भी हाजिर हो गया। कोई भी प्रधानमंत्री यहां नहीं आया है। मैं पूरे भक्ति भाव से आपकी तरह एक यात्री के रूप में आशीर्वाद लेने आया हूं। भगवान देवनारायण और जनता का दर्शन से मैं धन्य हो गया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत अपने इतिहास और सभ्यता पर गर्व करता है। भारत को तोड़ने की कोशिश हुई। भारत में ही इसकी कोशिश हुई, लेकिन नहीं हो पाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक सद्भावना की अभिव्यक्ति है। भारत अटल है, अजर है, अमर है। यह शक्ति हमारे समाज की शक्ति है। देश के कोटि-कोटि जनों की शक्ति है।

## फरवरी महीने में दस दिन बंद रहेंगे बैंक

**नयी दिल्ली।** 2023 का जनवरी महीना अब बस खत्म होने वाला है। जल्द ही फरवरी महीने की शुरूआत होगी। फरवरी का यह महीना 28 दिन का होनेवाला है। फरवरी महीने में शनिवार और रविवार की छुट्टी के अलावा महाशिवरात्रि सहित कई मौकों पर बैंक बंद रहेंगे। ऐसे में इन छुट्टियों की जानकारी जरूरी है। आरबीआइ की वेबसाइट पर उपलब्ध फरवरी महीने की बैंकों की छुट्टियों की लिस्ट पर गौर करें तो फरवरी 2023 में अलग-अलग राज्यों में 10 दिन बैंक बंद रहेंगे। ऐसे में लोगों को इन बैंक छुट्टियों के दौरान ऑनलाइन सेवाओं से ही अपना काम चलाना पड़ेगा।

## इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी शहजाद की एम्स में मौत

**नयी दिल्ली।** इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी शहजाद अहमद की मौत हो गई है। वो तिहाड़ जेल में बंद था और बीमार था। बाटला हाउस एनकाउंटर केस में उसे साल 2013 में सजा हुई थी। जबकि इसके दो साथी आतिफ आमीन और मोहम्मद साजिद मारे गए थे। शहजाद की उम्र 32 साल थी। तबीयत खराब होने पर पहले उसे जीटीबी अस्पताल भेजा गया। इसके बाद एम्स रेफर किया गया था। अदालत ने आतंकी शहजाद अहमद को बाटला हाउस मुठभेड़ मामले में इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा की हत्या व अन्य अधिकारियों पर हमला करने का दोषी ठहराया था।

## कश्मीर : सुरक्षा के बीच फिर शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा

**एजेंसी**



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा में कथित सेंध के कारण एक दिन के लिए स्थगित हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' कड़ी सुरक्षा के बीच अवंतीपोरा उप जिला में शनिवार सुबह फिर शुरू हुई। चुरसू गांव से शुरू हुई राहुल की यात्रा में पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती और उनकी पुत्री इल्तिजा मुफ्ती भी शामिल हुईं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी भी शामिल होने वाली हैं। भाजपा ने मुफ्ती के इस यात्रा में शामिल होने की कड़ी आलोचना की है। भाजपा प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने कहा, 'क्या राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर में दो झंडे और दो कानूनों की वकालत करने वालों के साथ कंधे से कंधा मिलाने के लिए माफी मांगेंगे, अथवा क्या वह भी उन का समर्थन करते हैं। उम्मीद है कि राहुल उन लोगों का हाथ थामने के लिए 30 जनवरी को लाल चौक पर माफी मांगेंगे जो जम्मू-कश्मीर के भारतीय संघ में विलय का विरोध करते हैं।' अधिकारियों ने बताया कि सुचारू यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## चिराग ने महंगी बिजली खरीद पर नीतीश को घेरा

**पटना।** सांसद चिराग पासवान ने एक बार फिर बिहार सरकार पर सीधा हमला बोल हैं। इस बार वह राजनीतिक नहीं, बल्कि आंकड़ों के साथ नीतीश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने उतरे हैं। शुरूआत उन्होंने बिजली से की है। चिराग ने बिजली का रेट 40 प्रतिशत तक बढ़ाने की सरकारी प्रस्ताव की बखिया उधेड़ते हुए कहा कि पहले ही बिहार सरकार सबसे ज्यादा रेट पर बिजली खरीदकर सबसे ज्यादा रेट पर आम लोगों को बेच रही है। उसपर अंतरराष्ट्रीय मानक 8 प्रतिशत और विद्युत विनियामक आयोग की ओर से 15 प्रतिशत लाइन लॉस की छूट है और बिहार सरकार 35-36 प्रतिशत तक लॉस दिखाकर घोटाला कर रही है।

## बिहार के औरंगाबाद में नक्सलियों की साजिश नाकाम, 149 केन बम बरामद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बिहार में सुरक्षाबलों के साथ मिलकर पुलिस नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। ताजा मामला औरंगाबाद का है जहां पुलिस ने तबाही का जखीरा बरामद किया है। सुरक्षाबलों ने 149 केन बम तथा 13 प्रेशर आइइडी बरामद किया है। जानकारी के मुतबिक औरंगाबाद के मदनपुर थाना क्षेत्र के पचरुखीया तथा आसपास के जंगलों में सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस की टीम द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमें ये कामयाबी मिली। पहाड़ की एक गुफा मे छिपा कर रखे गए आइइडी को बरामद किया गया है। एएसपी ने कहा कि भारी मात्रा में आइइडी तथा विस्फोटक बरामद किया गया है जिसे बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही डिफ्यूज कर दिया है।

स्पोर्ट्स

## ऑस्ट्रेलियन ओपन : सबालेंका ने जीता करियर का पहला ग्रैंड स्लैम

**मेलबर्न(एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 के महिला सिंगल्स इवेंट में बेलारूस की अरीना सबालेंका चैंपियन बन गई हैं। खिताबी मुकाबले में उन्होंने कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। पहला सेट रायबाकिना ने 6-4 से अपने नाम किया, इसके बाद सबालेंका ने जबरदस्त वापसी की। दूसरा सेट सबालेंका ने 6-3 और तीसरा सेट 6-4 से जीता। यह सबालेंका का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। अब रविवार को मेंस सिंगल्स का फाइनल सर्बिया के नोवाक जोकोविच और ग्रीस के सितसिपास के बीच खेला जाएगा। दोनों के बीच यह चौथा मुकाबला था। चारों मैच सबालेंका ने ही जीते हैं।



## विश्व कप हॉकी में नौंवे स्थान पर रहा भारत

**राउरकेला।** मेजबान देश भारत ने शनिवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के क्लासिफिकेशन मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 5-2 से हराकर टूर्नामेंट में नौंवा स्थान हासिल कर लिया। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम को जगमग करते हुए अभिषेक (चौथे मिनट), हरमनप्रीत सिंह (11वें मिनट), शमशेर सिंह (44वें मिनट), आकाशदीप सिंह (48वें मिनट) और सुखजीत सिंह (58वें मिनट) ने मेजबान टीम के गोल किये। भारत इस जीत के साथ घरेलू सरजमीन पर हुए टूर्नामेंट में अर्जेंटीना के साथ नौंवे स्थान पर रहा। दक्षिण अफ्रीका ने वेल्स के साथ 11वां स्थान साझा किया।

## जीत के बगैर खत्म हुआ चिली का सफर

**राउरकेला।** हॉकी विश्वकप 2023 में शनिवार को क्लासिफिकेशन मुकाबले में फ्रांस से मिली हार के साथ टूर्नामेंट में पहली बार हिस्सा ले रहे चिली का सफर एक अदद जीत की हसरत पूरा किये बगैर खत्म हो गया। फ्रांस ने मौजूदा विश्वकप में चिली को 4-2 से हरा कर दूसरी बार जीत का स्वाद चखा।

स्पोर्ट्स

## शारदा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन




**रांची।** आर एस फाउंडेशन के द्वारा शारदा प्रीमियर लीग का आयोजन शारदा ग्लोबल स्कूल के प्रांगण में किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन रंजना स्वरूप ने किया। इस मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट में 6 टीमों ने भाग लिया जिसमें पुरुष वर्ग में 4 टीम एवं महिला वर्ग में 2 टीम थी। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में शारदा ग्लोबल स्कूल के दोनों ही वर्ग पुरुष एवं महिला ने फाइनल मैच जीता। सनी को मैन ऑफ द सीरीज,अनिरुद्ध को बेस्ट इमर्जिंग प्लेयर सनी, अनिरुद्ध तथा जिज्ञासा को मैन ऑफ द मैच, मनीष सिंह को बेस्ट बैट्समैन इशीत को बेस्ट बॉलर तथा प्रशांत कुमार को बेस्ट फील्डर अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। सभी खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अच्छे खेल भावना का परिचय दिया। टूर्नामेंट में आर एस फाउंडेशन के निदेशक संजय कुमार शारदा एवं दीपक बंका ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया एवं सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में चंद्रमणि सिंह, पंकज, संतोष कुमार एवं बजरंग गुप्ता ने योगदान।

## करो या मरो मुकाबले में जीत के इरादे से उतरेगा भारत

**लखनऊ।** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला टी-20 मुकाबला हारने के बाद हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली भारत की युवा क्रिकेट टीम रविवार को इकाना के मैदान पर श्रृंखला में वापसी के इरादे से उतरेगी। तीन मैचों की सीरीज का पहला मैच हारने के बाद वैसे भी भारतीय टीम के लिये कल होने वाला मुकाबला 'करो या मरो' वाला होगा। मैच को अपने पक्ष में करने के लिये युवा खिलाड़ियों से लबरेज भारतीय टीम को जोश के साथ पिछली गलतियों को दोहराने से बचना होगा, वहीं कप्तान हार्दिक पांड्या भी प्रयोगों के अत्यधिक इस्तेमाल से परहेज करेंगे। रांची के मुकाबले में सात गेंदबाजों का इस्तेमाल करने के बावजूद उम्मीद से अधिक रन खर्च किये गये, वहीं बल्लेबाजी में टॉप आर्डर की विफलता ने टीम को और मुश्किल में डाल दिया। नतीजन भारत को घरेलू मैदान में हार के लिये विवश होना पड़ा।

## धोनी की फिल्म लेट्स गेट मैरिड का मोशन पोस्टर रिलीज




**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी निर्मित पहली फिल्म 'लेट्स गेट मैरिड' का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। महेंद्र सिंह धोनी क्रिकेट से सन्यास लेने के बाद फिल्मों की दुनिया में एंट्री ले रहे हैं। धोनी एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही पहली तमिल फिल्म 'लेट्स गेट मैरिड' (एलजीएम) का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया। इस फिल्म में दक्षिण भारतीय कलाकार हरिश कश्यप और इवाना मेन लीड में नजर आने वाले हैं। फिल्म 'एलजीएम' का निर्देशन रमेश थमिलमानी ने किया है वहीं इसकी प्रोड्यूसर धोनी की बीवी साक्षी सिंह हैं। इस फिल्म में हरिश और इवाना के अलावा नादिया और योगी बाबू की भी अहम भूमिका होगी।

## तीन दिनों में पठान ने की 313 करोड़ की कमाई

सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) की 'पठान' फिल्म ने दुनिया भर में अविश्वसनीय रूप से 313 करोड़ रुपये की कमाई की है, जो अब हिंदी सिनेमा के इतिहास में सबसे बड़ा ओपनिंग वीकेंड है। 'पठान' फिल्म दुनिया भर में तीन सौ करोड़ से अधिक कमाई करने वाली पहली हिंदी फिल्म बन गयी है। इस फिल्म से तीसरे दिन दुनियाभर से सकल बॉक्स ऑफिस पर कुल 90 करोड़ रुपये की कमाई हुयी है। जिसके बाद, देश में इस फिल्म की कमाई बढ़कर 201 करोड़ रुपये और विदेश से कुल 112 करोड़ रुपये हो गयी है।

